धनबाद, गुरुवार 09.05.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-77 पृष्ठ- 12
वैशाख शुक्ल पक्ष-1
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर

# जिसकी धरती के कोयले से देश के पावर प्लांट चलता है वह धनबाद अंधेरे में क्यों?

## भाजपा हो या कांग्रेस हर बार मतदाताओं को बिजली संकट से मुक्त कराने का झूठा आश्वासन देते हैं

**गणेश मिश्रा**

**धनबाद** : कोयलांचल की धरती से निकाले गए कोयले से उत्पादित बिजली से देश की राजधानी नई दिल्ली और देश के कई महानगर उर्जा के उजाले में प्रकाशमान है लेकिन धनबाद जिले में कांग्रेस राज हो या मोदी राज बिजली की हालात नहीं सुधरी है। भले ही कागजों में विद्युत विभाग और डीवीसी अच्छा विद्युत उत्पादन और संचरण की अच्छी व्यवस्था बताया। लेकिन धरातल में धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले औद्योगिक विधानसभा क्षेत्र धनबाद, झरिया, सिन्दरी, चंदनकियारी, बोकारो और निरसा इन सभी क्षेत्रों में सैकड़ों छोटे-मोटे उद्योग हैं जो बिजली आधारित है। और धनबाद संसदीय क्षेत्र के २२ लाख ७८ हजार २०० मतदाताओं के ७० लाख परिवार अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं।

राज्य सरकार कहती है कि बिजली का मालिक डीवीसी मैथन है। जिस पर मोदी सरकार केन्द्र के उर्जा मंत्रालय का चलता है। वहीं भाजपा नेताओं का कहना है कि बकाया बिजली का नहीं देने के कारण डीवीसी लोड सेर्डिग करता है। बिजली नहीं रहने पर लोगों के इनवर्टर भी बैठ जाता है। सबके पास जेनरेटर नहीं है। गर्मी में लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के घर में जेनरेटर की व्यवस्था है। उन्हें

**धनबाद लोकसभा क्षेत्र के 70 लाख मतदाता झेल रहे हैं बिजली संकट, प्रत्याशी ढुलू और अनुपमा संकट से उबारेंगे**

बिजली कब आती-जात है इसका प्रवाह नहीं है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के घर भी जेनरेटर और सुख-सुविधा है। उन्हें बिजली की परेशानी का अनुभव नहीं है।

धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह कई दशक से बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग करते रहे हैं लेकिन बिजली नहीं सुधरी है। धनबाद की जनता कहती है कि जिसकी मां पुआ पकवने उसका ही बेटा भूखा रहे। यानि कि धनबाद के कोयले से देश के पावर प्लांट चल रहा है। फूटे देश में बिजली की अच्छी हालात है। लेकिन धनबाद की बिजली की समस्या न तो कांग्रेस राज में सुधरी और न ही मोदी राज में। सच यह भी है कि सरकार के कार्यालयों पर विद्युत विभाग का बकाया है लेकिन उसकी लाईन नहीं काटी जाती। आम उपभोक्ता जो पैसा बिजली खपत का देता है उसे ही बिजली कम दिया जाता है। ऐसे में मतदाता किस काम का वोट किस पार्टी को दे?

# ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल के कमरे को खंगाला

**नगदी बरामद, संजीव कुमार लाल और नौकर जहांगीर से ईडी पूछताछ शुरू**

**रांची (ससे)**: प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव कुमार लाल और उनके नौकर जहांगीर से पूछताछ शुरू कर दी है। गत दिनों हुई छापेमारी और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव कुमार लाल और उनके नौकर जहांगीर के आवास से बरामद नक़दी मामले मे ईडी दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपियों के ठिकानों से सोमवार को करीब पैंतीस करोड़ रूपये बरामद हुए थे। जिसके बाद दोनों को मंगलवार को कोर्ट मे पेश किया गया था। अदालत ने और अधिक जानकारी इकठ्ठा करने के लिहाज से पूछताछ के लिए छह दिनों की रिमांड पर इन्हें ईडी को सौंपा है। प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय मे बुधवार को कुछ देर की पूछताछ के बाद ईडी की टीम ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव कुमार लाल को अपने साथ प्रोजेक्ट ▶▶ 4

# राहुल भारतीय राजनीति का नायक : लालकृष्ण आडवाणी

**नई दिल्ली (ईएमएस)**: देश के पूर्व गृहमंत्री, भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी ने राहुल गांधी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भले ही मैं

**तीसरे चरण के मतदान के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ संदेश**

भाजपा से हूँ लेकिन मैं आज भारत देश के समाज सेवक के रूप में भारतीय जनता से यह कहना चाहता हूँ कि राहुल गांधी ही एक ऐसे इंसान हैं जो भारत देश को एक अच्छा राष्ट्र बना सकते हैं, क्योंकि उनमें वह निर्णय लेने की क्षमता है जो भारत देश के वासियों को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं।

भारतरत्न श्री आडवाणी के नाम से उक्त बयान को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई है, जिसमें उन्हें कोड करते हुए कहा गया है कि राहुल गांधी भारत देश को एक नई दिशा प्रदान कर सकते हैं, मैंने भी देश के लिए एक गृहमंत्री के रुप में सेवा की है। मगर मैंने कभी भी राजनीति में राहुल गांधी जैसा प्रभावशाली ▶▶ 4

# एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने डेल्टा भट्ठा से हजार टन कोयला किया जब्त

## बाघमारा क्षेत्र के सोनारडीह में चल रहा था यादव और दूबे सिंडिकेट का अवैध माईनिंग

**धनबाद (कासं)** : एसएसपी एन.पी.जनदिनन ने गुप्त सूचना के आधार पर गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के डेल्टा हार्डकोक भट्ठा में छापामारी करने का आदेश डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती को दिया जिस पर थाना प्रभारी ने छापामारी कर एक हजार टन कोयला पकड़ा है।

वहीं बाघमारा के सोनारडीह ओपी क्षेत्र में सक्रिय कोयला तस्कर यादव एवं दूबे सिंडिकेट द्वारा भेजा गया अवैध खनन का चोरी का कोयला लोड ट्रकों को

पुलिस ने जब्त कर लिया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी मुख्यालय श्री कामती ने कहा कि बाघमारा क्षेत्र के सोनारडीह के यादव एवं दूबे सिंडिकेट दो नम्बर कोयला गोविन्दपुर के डेल्टा भट्ठे में भेज रहे थे जिसे पकड़ लिया गया है। ट्रक चालकों के निशानदेही पर डेल्टा हार्डकोक भट्ठे की जांच की गई १००० टन कोयला जब्त किया गया है।

ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हार्डकोक भट्ठा के संचालक और अवैध कोयला आपूर्ति करने वाले तस्करों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु बृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
**E-mail : ceocomputercell1@gmail.com**

**आम सूचना**

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

**राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष**

TOLL FREE
**Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024**
**Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950**

**जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष**

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूँटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के० रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

PR 324585 (Election) 24-25

## वेस्ट नाइल फीवर का अलर्ट

**कोझिकोड (ईएमएस)**: केरल सरकार के हेल्थ डिपार्टमेंट ने राज्य में वेस्ट नाइल फीवर को लेकर अलर्ट जारी किया है। राज्य के कोझिकोड, त्रिशूर और मलप्पुरम में छह मामले सामने आए हैं। वहीं, त्रिशूर में इस फीवर से ७९ साल के बुजुर्ग की मौत की खबर है। यूएस के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, यह बीमारी मच्छरों के काटने से होती है। फीवर के साथ उल्टी, दस्त और सिरदर्द की शिकायत होती है। वेस्ट नाइल फीवर के १० में से ६ मामले में लक्षण नहीं दिखते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों का कोई ऑफिशियल डाटा शेयर नहीं किया है। हालांकि, सभी जिलों के प्री-मानसून क्लीनिंग ड्राइव के साथ निगरानी के निर्देश दिए हैं।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 सीनियर क्रू-मेंबर्स एकसाथ छुट्टी पर

**नई दिल्ली (ईएमएस)**: एअर इंडिया एक्सप्रेस के सीनियर क्रू-मेंबर्स एक साथ छुट्टी पर चले गए हैं। क्रू-मेंबर्स ने छुट्टी की वजह बीमारी बताई है। इसके चलते एयरलाइन को ८० से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

एयरलाइन ने पैसेंजर्स को सलाह दी है कि बुधवार को एयरपोर्ट आने से पहले अपनी फ्लाइट की जानकारी जरूर ले ले। केबिन-क्रू की कमी के चलते आज भी कई फ्लाइट्स कैंसिल हो सकती है। एजेंसी के मुताबिक, टाटा ग्रुप की एयरलाइन के २०० से ज्यादा सीनियर क्रू-मेंबर्स छुट्टी पर गए है। जिन शहरों में फ्लाइट्स कैंसल हुई हैं, उनमें कोच्चि, कालीकट और बेंगलुरु शामिल है। फ्लाइट कैंसिल होने के बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे केबिन-क्रू ने मंगलवार रात अचानक बीमार होने की सूचना दी है, जिसके बाद कुछ उड़ानों में देरी हुई और कुछ रद्द कर दी गई है। हम क्रू से बातचीत कर रहे हैं ताकि यात्रियों की असुविधा कम हो सके। एयरलाइन ने बताया कि उड़ानें रद्द होने से प्रभावित पैसेंजर्स को या तो एयरलाइन से पूरा रिफंड मिलेगा या वे बिना ▶▶ 4

# दिल्ली में आरएलएम अस्पताल के दो डॉक्टर समेत 9 लोग गिरफ्तार

**मरीजों से रिश्वत लेने के आरोप के बाद सीबीआई का एक्शन**

**नई दिल्ली (ईएमएस)**: सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के आरएलएम अस्पताल में रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने अस्पताल के दो डॉक्टरों समेत ९ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग मरीजों से इलाज के नाम पर रिश्वत वसूल रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करने वाले भी शामिल हैं। ये लोग पूरा रैकेट चलाकर अस्पताल आने वाले मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे थे।

सीबीआई ने सूत्रों से मिले इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए रिश्वतखोरी में शामिल ९ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी पांच मॉड्यूल के जरिए भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे थे और मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे थे। मरीजों से स्टेंट और अन्य चिकित्सा आवश्यकताओं की आपूर्ति, स्टेंट के विशेष ब्रांड की आपूर्ति, लैब में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति, रिश्वत के बदले मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने और फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के नाम पर वसूली की जा रही थी।

सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के मुताबिक एक विश्वसनीय सूत्र के माध्यम से जानकारी मिली थी कि राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली के कई डॉक्टर और कर्मचारी भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं और कई तरह के मेडिकल उपकरणों की ▶▶ 4

# अडाणी-अंबानी का नाम लेना भूले शहजादे : प्रधानमंत्री

**करीमनगर (ईएमएस)**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में पहली बार अडाणी-अंबानी का नाम लेते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- पिछले ५ सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। ५ उद्योगपति, अंबानी और अडाणी। लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों? प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अडाणी और अंबानी से कितना माल उठाया है? काला धन के बोरे भर के रुपए मारे हैं? कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला? क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है?

वहीं पीएम ने वारंगल की रैली में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा- अमेरिका में शहजादे (राहुल गांधी) के फिलॉसफर और गाइड अंकल (सैम पित्रोदा) हैं। वे कांग्रेस पार्टी में थर्ड अंपायर की तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकन जैसे लगते हैं। पीएम ने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं सह लूंगा। लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने देश के लोगों को इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल ▶▶ 4

# चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां पर प्रशिक्षण आयोजित

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर चुनाव प्रक्रिया में पुलिस की जिम्मेदारियां पर बुधवार को न्यू टाउन हॉल में जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय २ संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदान के दौरान पुलिस को आम जनता में निर्भीक होकर मतदान करने का विश्वास बढ़ाना है। मतदान केंद्रों में बुजुर्गों, दिव्यांग या गर्भवती महिला को सहायता प्रदान कर शीघ्र मतदान करवाना है। उन्होंने मतदान के दिन विधिव्यवस्था और उससे जुड़ी गाइडलाइंस की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पहले ईवीएम प्राप्त करके सीधे मतदान केंद्र तक तथा मतदान समाप्त होने के बाद पोल्ड ईवीएम को सीधे स्ट्रॉन्ग रूम तक लाना है। इस दौरान रूट चार्ट का पालन करना है। उन्होंने विभिन्न पुलिस शब्दावलियों के बारे में भी विस्तार से समझाया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मनी बाखला ने पुलिस पदाधिकारियों के विभिन्न प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता मतदान केंद्र तक भयमुक्त होकर आए, यह पुलिस की जिम्मेदारी है। मतदान के दिन ईवीएम की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। मतदान केंद्र के आस पास अनावश्यक भीड़ ना लगने दे। वहीं मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने मतदान से एक दिन पहले, मतदान के दिन और मतदान के बाद पुलिस के कार्य एवं दायित्व के बारे में तथा संजय कुमार ने डिस्पैच और कलेक्शन सेंटर की जानकारी दी। मौके पर डीएसपी मुख्यालय २ संदीप कुमार गुप्ता, एसडीपीओ निरसा रजत मनी बाखला, सभी इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, दयामय गोराई, कुमार बंदन, श्री कौशिक मौजूद थे।

# सामान्य प्रेक्षक एवं उपायुक्त की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का द्वितीय दौर का रेंडमाइजेशन संपन्न

**धनबाद (कासं) :** लोक सभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से संपन्न कराने के निमित समाहरणालय, धनबाद के एनआईसी कार्यालय में सामान्य प्रेक्षक ७धनबाद लोकसभा क्षेत्र अनूप खिंची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, धनबाद माधवी मिश्रा की उपस्थिति में पुरुष मतदान कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु विधानसभावार द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। साथ ही पार्टी फॉर्मेशन का भी रेंडमाइजेशन किया गया।

सामान्य प्रेक्षक ७धनबाद लोकसभा क्षेत्र, अनूप खिंची ने जिला प्रशासन द्वारा किया गया मतदान कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु रेंडमाइजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

इस दौरान के कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एण्ड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एसडीओ उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, डीएलएओ राम नारायण खलखो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार मौजूद थे।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया पोस्टल बैलेट सुविधा केन्द्र का निरीक्षण

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी कार्य में लगे कर्मी तथा आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हुई।

सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय स्थित मतदान सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया।

सामान्य प्रेक्षक ने सुगम चुनाव सम्पन्न कराने एवं पूरी चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय एवं पुलिस लाइन में बने सुविधा केन्द्र में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा व पलामू लोकसभा क्षेत्र में चुनावी कार्य में लगे कर्मी तथा आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी सुविधा केन्द्र पर सुबह ९ से शाम ५ बजे तक मतदान का समय निर्धारित है।

# भाजपा प्रत्याशी का विरोध किसके इशारे पर : बॉबी पाण्डेय

**धनबाद (कासं) :** मीडिया से बात करते हुए धनबाद महानगर महिला मोर्चा की जिला महामंत्री

**पार्टी के ही कई लोग भीतरघात करने में लगे हैं**

समाजसेवी बॉबी पांडेय ने कहा कि जिस दिन से ढुल्लू महतो का नाम लोकसभा प्रत्याशी के लिए आया है, उस दिन से पार्टी के ही कुछ कार्यकर्ता भीतरघात करने के चक्कर में हैं। ये बातें छुपी हुई नहीं है कि स्टार्टिंग से ही श्री महतो का विरोध धनबाद में हो रहा है और ये संभवत: ही किसी के इशारे पर हो रहा है। इनके बयान को तोड़ मोड़कर पेश करना भी किसी साजिश के तहत ही हो रहा है। बहरहाल हाल ए नतीज तो ४ जून तक सबके सामने आ ही जायेंगे। धनबाद में व्यक्तिवादी की राजनीति कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। इसलिए लोग राष्ट्रवादी विचारधारा को दरकिनार करके प्रत्याशी को निशाना बना रहे हैं।

# विश्व थैलेसिमिया दिवस पर मरीज के परिजन ने लगाई सरकार से गुहार

**धनबाद (कासं) :** विश्व थैलेसिमिया दिवस के अवसर पर बुधवार को एक मरीज के परिजन ने सरकार से गुहार लगाई। गौरतलब है कि थैलेसीमिया एक जेनेटिक बीमारी होने के साथसाथ खतरनाक भी है। इस बीमारी के मरीज के शरीर में खून का बनना बंद हो जाता है और समय पर खून नहीं मिलने पर मरीज की मौत भी हो सकती है। वही धनबाद की बात करें तो थैलेसीमिया के २५० से अधिक मरीज हैं, पर धनबाद में न तो इसके जांच की सुविधा है और न ही दवाइयां उपलब्ध है। ऐसे में सक्षम लोग तो दूसरे राज्यों में जा कर इलाज करवा लेते हैं पर गरीब तबके को काफी दिक्कत होती है।

बचाव और जागरुकता को लेकर बुधवार को धनबाद के अलगअलग जगहों पर एक परिजन अपने पीड़ित बच्चों के साथ रणधीर वर्मा चौक पर जागरुकता करते दिखे। जिन्होंने थैलेसीमिया से बचाव को लेकर शादी से पूर्व पतिपत्नी की जांच और गर्भ में पल रहे बच्चे की जांच करवाने का आह्वान किया। साथ ही सरकार से धनबाद में बीमारी की जांच और दवाईयों की व्यवस्था करवाने की अपील की।

# निर्माणधीन हार्डकोक प्लांट में युवती की गला रेतकर हत्या, युवक गंभीर

**धनबाद (कासं) :** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत पालायडीह में निर्माणाधीन हार्डकोक प्लांट में एक युवती का गला रेत दिया गया। वहीं मौके पर एक युवक भी घायल अवस्था में मिला है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि निशा कुमारी नामक युवती का गला रेत दिया गया है। जहां से कुछ ही दूरी पर एक विशाल रजवार नामक युवक भी घायल अवस्था में मिला है। जिसका गला रेता हुआ है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच लाया है। जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। दोनों लोग इंटर के छात्र बताये जा रहे हैं।

मामले की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों की माने तो लड़की के ऊपर एसिड से हमले किए जाने की बात सामने आ गई है। मौके पर डीएसपी हेड क्वार्टर १ एस क्रांति समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद है। वहीं घटना स्थल पर डीएसपी हेड क्वार्टर१ ने मीडिया को बताया कि विशाल रजवार द्वारा निशा कुमारी की हत्या की गई है। जिसके बाद अभियुक्त घायल अवस्था में पुलिस कस्टडी में एसएनएमएमसीएच में इलाजरत है।

# लखीमाता कोलियरी में बारूद के विस्फोट से 3 मजदूर घायल

**निरसा (ससे) :** ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत लखीमाता कोलियरी के अंडर ग्राउंड माइंस में बारूद का विस्फोट होने से तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रबंधक घायल ३ मजदूरों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए संकतोड़िया भेज दिया गया। हालांकि इस संबंध में प्रबंधक कुछ भी कहने से इनकार कर रहा है।

बताया जाता है कि मंगलवार की संध्या कोयला उत्पादन के लिए पदाधिकारी की मौजूदगी में ४५ बारूद विस्फोट कराये गए। जिसको सुनिश्चित कर अधिकारी ऑफिस को रिपोर्ट सुपुर्द करना था। मगर इसकी कोई सूचना अधिकारी द्वारा रजिस्टर में दर्ज नहीं कराया गया है। जो कि घोर लापरवाही है। जिसके बाद बुधवार की सुबह जैसे ही मजदूर उत्पादन करने के लिए ड्रील चलाया। जोरदार आवाज के साथ विस्फोट हो गया। जिसमें उक्त स्थल पर काम कर रहे ३ मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसा उम्मीद जताया जा रहा है कि माइनिंग सरदार जो रिपोर्ट सौंपी थी। उसमें भूल हुई होगी और कोई बारूद विस्फोट नहीं हुआ होगा। जिसके कारण ड्रील लगाते ही बारूद विस्फोट हो गया। इस घटना के बाद से मजदूरों में आक्रोश व्यक्त है। इधर घटना पर यूनियन के प्रतिनिधियों ने प्रबंधक की लापरवाही बताया।

# सफाईकर्मी की मौत के बाद परिजनों ने किया मुआवजे की मांग

**जोड़ापोखर (ससे) :** जियलगोरा निवासी डीएवी स्कूल बानियांहीर में कार्यरत सफाई कर्मी ५० वर्षीय भूआ हाड़ी की इलाज के दौरान वेढ़ोर अस्पताल में मृत्यु होने के बाद परिजनों ने बुधवार को मृतक के शव को स्कूल परिसर में रखकर नियोजन व मुआवजा की मांग किया। इस दौरान लोगों ने स्कूल परिसर में जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना पाकर झरिया थाना की पुलिस पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर शांत कराकर विद्यालय प्रबंधन से वार्ता कराया। वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेन्द्र यादव, अधिवक्ता अंजन सिन्हा, हाड़ी समाज के नेता धुर्व हाड़ी, कार्तिक हाड़ी ने प्रधानाचार्य से मृतक भूआ हाड़ी के आश्रित को तत्काल नियोजन एवं मुआवजा देने की मांग की। वार्ता ३ घंटे तक चला। गतिरोध के बीच प्रधानाचार्य एस मोदक ने स्कूल के प्रावधान के तहत मृतक के स्वजन

को सुविधा मुहैया कराने की बात कहते हुए पुत्र पवन हाड़ी को अनुकम्पा के तौर पर स्कूल में या ठेका कार्य में नियोजन दिलाने का तथा अंतिम संस्कार के लिए २० हजार देने का आश्वासन दिया। संतोषजनक वार्ता के बाद शव को स्वजनों ने उठाकर मोहलबनी दामोदर घाट ले गये और दाहसंस्कार किया। घटना के सम्बंध में पत्नी लक्ष्मी देवी ने बताया कि उसका पति भूआ हाड़ी लगभग ३० वर्षो से स्कूल में साफ सफाई का कार्य करते थे।

# बीसीसीएल मुख्यालय में खीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनी

**धनबाद (कासं) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय में बुधवार को गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर की जन्म जयंती समारोह का आयोजन कर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह में महाप्रबंधक (का./राजभाषा) विद्युत साहा ने कहा कि गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के माध्यम से पहली बार भारतीय मनीषा की झलक पश्चिमी जगत ने देखी। गीतांजलि के प्रकाशित होने के एक साल बाद सन् १९१३ में रवींद्रनाथ ठाकुर को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रवीन्द्र नाथ ठाकुर सिर्फ महान रचनाधर्मी ही नहीं थे, बल्कि वो पहले ऐसे इंसान थे जिन्होंने पूर्वी और पश्चिमी दुनिया के मध्यट सेतु बनने का कार्य किया था। वे केवल भारत के ही नहीं अपितु समूचे विश्वी के लिए साहित्ये, कला और संगीत के एक महान प्रकाश स्तंभ हैं।

इस अवसर पर गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर का जीवन वृत्त दिलीप कुमार सिंह, प्रबन्धक (राजभाषा) द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर एस पी राय, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक), अपूर्व मित्रा, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) समेत बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**बलियापुर (ससे) :** बुधवार को वरीय अधिकारी के निर्देश पर बलियापुर चौक में बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें काफी संख्या में महिलाएं पुरुष सभी ने कहा पहले मतदान उसके बाद जलपान वहीं थाना प्रभारी आशीष भारती ने कहा त्यौहार तो सालसाल में आती है लेकिन चुनाव का त्योहार ५ साल में आता है इसमें सभी मतदाता अपने मत अधिकार का प्रयोग आवश्यक करें।

# बीसीसीएल द्वारा समर्थित प्लास्टिक अभियांत्रिकी के विद्यार्थियों का प्लेसमेण्ट सम्पन्न

**धनबाद (कासं) :** केंद्रीय पेट्रोल रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रांची में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड धनबाद द्वारा समर्थित कौशल एवं तकनीकी सहायता केंद्र के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क ६ माह का कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम लाभार्थियों के प्लेसमेण्ट के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के महाप्रबंधक विद्युत साहा तथा सीएसआर अधिकारी अभिजीत मित्रा ने कार्यक्रम के समापन पर महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक आदि विभिन्न राज्यों में प्लेसमेंट पाने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि ४० विद्यार्थियों के बैच में सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर किया गया था जिसमें से ३३ विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट स्वीकार किया तथा अन्य ७ लाभार्थियों ने पारिवारिक एवं निजीकरणों से कुछ अंतराल के बाद नियोजन पर जाने की इच्छा अभिव्यक्त की है। महाप्रबंधक विद्युत साहा ने कहा कि, सीएमडी समीरन दत्ता की प्रेरणा से बीसीसीएल का यह सदैव उद्देश्य रहा है कि, समाज का सर्वांगीण विकास हो तथा इस दिशा में कौशल विकास कार्यक्रमों द्वारा छात्रों को रोजगार परख कौशल में पारंगत कर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

# 1974 रेल हड़ताल के शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा

**धनबाद (कासं) :** ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने बुधवार दोपहर को धनबाद शाखा वन में १९७४ के ऐतिहासिक रेल हड़ताल के ५० वर्ष पूरा होने पर अमर शहीदों को लाल सलाम व श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। सभा का संचालन सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने किया। सभा की शुरुआत में सदस्यों ने १९७४ के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा एवं वर्किंग कमिटी मेंबर मो. ज़्याऊद्दीन को नई दिल्ली में पिछले महीने आयोजित एआईआरएफ के १०० वें अधिवेशन में उनके पुन: निर्वाचित किए जाने पर पुष्पहार पहना कर तथा जोरदार नारों से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपनी बात रखते हुए जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा ने कहा कि ८ मई, १९७४ को भारतीय रेलवे के १.७ मिलियन कर्मचारियों ने औपचारिक रूप से हड़ताल शुरू की जो २० दिनों तक चली। एआईआरएफ के तत्कालिन अध्यक्ष जॉर्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में, हड़ताल बुलाई गई। प्रमुख मांगों में

न्यूनतम मजदूरी, उत्पादकता आधारित बोनस, नौकरियों का स्थाईकरण, ८ घंटे की दैनिक कार्य सीमा निर्धारित करना, बढ़ती कीमतों के खिलाफ़ सुरक्षा के लिए महंगाई भत्ता के अधिकार की माँग के लिए किया गया था। १९७५ में इंदिरा गाँधी ने आंदोलन और जन आक्रोश को दबाने के लिए देश में आपातकाल लागू कर दिया जो २१ महीने तक चली। अंतत: इंदिरा गाँधी ने १९७७ में आपातकाल वापस लेकर आम चुनाव की घोषणा की। इस आम चुनाव में इंदिरा गांधी हार गईं। हड़ताल के नेतृत्वकर्ता के जॉर्ज फर्नांडीस जेल से जीत गए। १९७९ में चरण सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने के मांग स्वीकार कर लिया।

अपनी बात रखते हुए मो. ज्याऊद्दीन ने कहा कि वर्तमान में धनबाद मंडल प्रशासन मेहनतकश रेलकर्मियों के वाजिब मांगों के समाधान के प्रति उदासीन व्यवहार कर रहा है। सेक्शन में विभिन्न सुपरवाइजर स्वेच्छाचारी व्यवहारत्त रहे हैं और प्रशासन को इस बावत जानकारी देने के बाद उलटे अधीनस्थ कर्मचारियों को ही स्थानांतरित कर दिया जा रहा है। सारे महत्वपूर्ण मांगों को लेकर एक मांगपत्र मंडल रेल प्रबंधन को लिखित रूप से सौंपा गया है। अब यह देखना है कि मंडल प्रबंधन क्या पहल करता है। यदि निश्चित समयावधि में समाधान नहीं निकला तो ईसीआरकेयू संघर्ष का क्षेत्र बढ़ाते हुए आंदोलन को तेज करेगा। इस विषय पर केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय और महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के साथसाथ एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा को भी धनबाद लाकर प्रशासन को मांगों को समाधान करने के लिए दबाव बनाया जाएगा। ईसीआरकेयू रेलकर्मियों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। बैठक के समापन पर पिछले दिनों कोडरमा में रन ओवर हुए लोको पायलट पंकज कुमार सिंह के प्रति दु:ख व्यक्त करते हुए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

यूनियन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस बैठक में अपर महामंत्री मो. ज़्याउद्दीन, सहायक महामंत्री ओम प्रकाश, केंद्रीय संगठन मंत्री सोमेंद्र दत्त और नेताजी सुभाष सहित बसंत दूबे, आर के सिंह, जे के साव, पी के सिन्हा, आई एम सिंह, एस चक्रवर्ती, सुबोध सिंह, मुकेश, सुदर्शन, अमरजीत, सी एस प्रसाद, सुजाता, रूचि, शिव जी प्रसाद, अशोक कुमार, आर एन विश्वकर्मा सहित कई रेलकर्मियों ने भाग लिया।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# बीडीओ ने दिलाई शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में सभी पर्यवेक्षकों, कर्मियों एवं बीएलओ को शतप्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। सपरिवार मतदान करने के सायसाथ आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। इसके बाद सभी बीएलओ के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को घरघर जाकर मतदाता पर्ची वितरित करने एवं २५ मई को मतदान केंद्रो में जाकर मतदान की अपील करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ जिम्मेदारी के साथ घरघर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण यथाशीघ्र कर दें। इस मौके पर बीपीआरओ वीरेंद्र विश्वकर्मा कृषि पदाधिकारी जसीम अख्तर, अब्दुल मजीद आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने किया खोरठा मतदाता जागरूकता गीत लॉन्च

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय में समर्पित कला मंच द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु निर्मित खोरठा मतदान गीत को

लॉन्च किया। खोरठा मतदान गीत के प्रस्तुतकर्ता हारूण रशीद ने बताया कि पांच बछरे आवेय परब महान, देशेक हित खातिर छोड़ा सब काम, चलाचला साथी चला हो करे मतदान गीत मतदाता जागरूकता के तहत, मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए गीत लॉन्च किया गया हैं। ये गीत लोगों को उनके मतदान के अधिकार के बारे में जागरूक करने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए बनाए गए हैं। मौके पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, गायक हारूण रशीद, गीतकार सतीश सिन्हा, समर्पित कला मंच के अमन सिद्दकी एवं बेलाल अहमद मौजूद रहे।

# डीएवी कुसुण्डा में कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनी

**केन्दुआ (ससे) :** डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा, धनबाद में बुधवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या झूमा महता, शिक्षक और बच्चों ने दीप प्रज्वलित कर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्राचार्य ने कहा कि रवींद्र साहित्य का अध्ययन करने से न केवल हमारा वैचारिक क्षितिज बहुआयामी होता है, अपितु यही गुरुदेव के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। गुरुदेव ने अपनी रचनाओं के माध्यम से पूरी दुनिया तक भारतीय साहित्य को पहुँचाने का काम किया। सन १९१३ ई. में गीतांजलि के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला था। इस अवसर पर कक्षा नवीं से बारहवीं के बच्चों के बीच ओपेन टू ऑल पोयम रिसाटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं का अहम् योगदान रहा।

# चैंबर, निगम व पंचायत ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**पुटकी (ससे) :** पुटकी चैंबर ऑफ कॉमर्स, धनबाद नगर निगम एवं सियालगुदरी पंचायत ने संयुक्त रूप से बुधवार की संध्या ५ बजे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत एक रैली भी निकाली गई जो पुटकी कोलियरी गेट से पदयात्रा करते हुए थाना मोड़ गए और वापस पुटकी मोड़ पर आ के समाप्त हुआ।

इस दौरान पुटकी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हीरा लाल शर्मा ने कहा कि इस अभियान से हम ज्यादा संख्या में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहें है। रैली के दौरान पहले मतदान, फिर जलपान, फिर काम का नारा भी दिया गया।

मौके पर पुटकी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हीरा लाल शर्मा, महासचिव मुर्तजा अंसारी, सियालगुदरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विकाश सिंह चौधरी, उपमुखिया राजू अंसारी, शाहरुख खान, राम प्रताप शर्मा, पिंटू शर्मा, राहुल कुमार सिंह, सरोज सिंह, केदार प्रसाद वर्णवाल, बबलू वर्णवाल, संजय रजक, सुनील कुमार सोनी, मो.जावेद, निरंजन शर्मा, हुकुम चंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## व्यय प्रेक्षक ने बोकारो एवं चंदनकियारी विस क्षेत्र का किया दौरा

**धनबाद (कासं) :** धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति व्यय प्रेक्षक श्री आनंद कुमार द्वारा बुधवार को बोकारो स्थित व्यय

अनुश्रवण कोषांग का निरीक्षण कर समीक्षा किया गया।

व्यय प्रेक्षक ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा अंकेक्षण टीम द्वारा अब तक किए गए कार्य संबंधित अभिलेखों की जांच कर प्रचार, सभा, रैलियां, जुलूस द्वारा किए जा रहे चुनाव प्रचार से संबंधित सभी प्रकार के खर्चों का अंकेक्षण कर दैनिक प्रतिवेदन उपलब्ध का निर्देश दिया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार ने व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा गठित स्टेटिक जांच दल तथा उड़न दस्ता दल के अतिरिक्त वीडियो सर्विलांस टीम एवं वीडियो व्यूइंग टीम द्वारा सभी प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने हेतु निर्देशित किया।

## आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**जोड़ापोखर (ससे) :** कार्मेल स्कूल डिगवाडीह में बुधवार को स्कूल सभागार में ए.एस.आई.एस.सी आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता २०२४ का आयोजन किया गया। जिसमें १३ विद्यालयों के २६ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ईश्वर का स्मरण और विद्यालय की उपप्रधानाचार्या सिस्टर प्रिस्का डिमेलो, प्राथमिक समन्वयक सिस्टर सुशीला लकड़ा और और बी.आई.टी सिंदरी से आए टीम के सदस्य सैयद अदनान अहमद, शिवांगी कुमारी, युविका गुप्ता, आकिब आफ़ताब के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता को छह राउंड में विभाजित किया गया। टीम लीडर सैयद अदनान अहमद ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में सहभागिता करना ही विद्यार्थी के लिए अहम होता है। उन्होंने टीमों को भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम स्थान डिनोबली स्कूल सी.टी.पी.एस चंद्रपुरा, द्वितीय स्थान कार्मेल स्कूल डिगवाडीह, तृतीय स्थान डिनोबली स्कूल सीएमआरआई धनबाद। जिस टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उसे क्षेत्रीय स्तर पर चयनित हुए। इस मौके पर प्रतियोगिता संचालिका मोम चक्रवर्ती और शर्मिष्ठा चक्रवर्ती के साथ सभी सिस्टर और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## ओबी डंप बंद कराया जाए : चक्रवर्ती

**जोड़ापोखर (ससे) :** आदर्श आचार संहिता लगने के बावजूद साउथ तीसरा वर्कशॉप के समीप रैयतों की जमीन पर आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा ओबी डंप किया जा रहा है। इसे तुरंत बंद कराया जाए। जिसको लेकर यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के लोदना क्षेत्र के अध्यक्ष के एस चक्रवर्ती ने महा प्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से कहा है कि १५ दिनों के बाद कभी भी ओबी डंपिंग के विरोध में आंदोलन किया जाएगा! जिसकी सारी जवाब देही बीसीसीएल प्रबंधन की होगी। उन्होंने कहा कि सुरंगा के रैयतों की जमीन पर आप डंपिंग का कार्य करके लोदना प्रबंधन जमीन हड़पने का काम किया जा रहा है जो सरासर गलत है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बिजली घर वर्कशॉप मुख्य मार्ग बेल धौड़ा आदि को ओबी से ढकने का काम किया जा रहा है। इन सभी के विरोध में एमडीओ मोड़ का चक्का जाम किया जाएगा।

## ग्रामीणों ने रोका ओबी डम्पिंग का कार्य

**जोड़ापोखर (ससे) :** लोदना क्षेत्र के कुजामा कोलियरी अंतर्गत देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना के ओबी लोदना मल्लाह पट्टी नीचे मैदान व लोदना दुर्गा मंदिर के समीप ओबी गिराने के विरुद्ध बुधवार की शाम ग्रामीणों ने ओबी डंपिंग का काम रोक दिया। ग्रामीणों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि मधुबन तिलयबनी दैनिक मजदूर का काम करते है। कई लोगों के घर में शौचालय नहीं है, ओबी डम्पिंग कर कुजामा बस्ती जाने का रास्ता पहले ही बंद कर दिया है। पत्थर का चट्टान मैदान पर आ गया है। बच्चों ने खेलनाकूदना छोड़ दिया है। बीसीसीएल प्रबंधन व जीआरडी के तहत हम लोगों का सर्वे हो चुका है, कई बार कुजामा प्रबंधन को पुनर्वास को लेकर लिखित दिया गया है, लेकिन आज तक कुछ पहल नहीं हुआ है, सूचना पाकर कुजामा प्रबंधक ढीके सिन्हा पहले ग्रामीणों से वार्ता किया। बस्ती के समीप ओबी नहीं गिराने का आश्वासन दिया। काम को बंद कराया। मौके पर पूर्व पार्षद संजय यादव, छोटू सिंह, राजाराम पासवान, अजय निषाद, राजाराम पासवान, रविकांत पासवान, अजय पासवान, छोटू पासवान, शैलेन्द्र चौहान, विकाश पासवान आदि मौजूद थे।

# जमीन से अवैध कब्जा करने वाले 3 पर मामला दर्ज

**पुटकी (ससे) :** गोपालीचक कोलियरी परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार वर्मा की लिखित शिकायत पर जमीन से अवैध कब्जा मुक्त करने के खिलाफ ३ लोगों पर पुटकी थाना ने मामला दर्ज किया है। दर्ज प्राथमिकी में श्री वर्मा ने कहा कि एसटीजी एसोसिएट प्रबंधक हरिहर चौहान के द्वारा सूचना दी गयी कि ३० अप्रैल को गोपालीचक कोलियरी के अंतर्गत निविदा के तहत कार्यरत एसटीजी एसोसिएट आउटसोर्सिंग पैच बी का ओबी एवं कोयले का उत्पादन कार्य प्रतिदिन कि तरह सुचारु रूप से चल रहा था कि करीब संध्या ६ बजे अचानक पुटकी १ नं. चानक निवासी दीपक कुमार, महफूज खान, अल्लाउद्दीन खान दोनों पुटकी १३ नं. चानक निवासी अपने साथ २ से १० अज्ञात व्यक्ति जो अपने हाथ में लाठीडांटा लेकर डम्पिंग एरिया में घुसकर ओबी के डम्पिंग कार्य को बंद कर दिया और गलीभलेज करते हुए बोलने लगा कि हमलोग इस जमीन पर कब्जा कर बागान बनाकर खेती करते है। इसलिए यहाँ पर डम्पिंग नहीं करने देंगे। वहाँ पर कार्यरत कर्मचारियो को धमकी देते हुये वे लोग बोल रहे थे कि जबतक हमलोगों को कब्जा जमीन के बदले दसबस लाख रुपया प्रत्येक व्यक्ति को नहीं दे देते हो तबतक इस जमीन पर डम्पिंग नहीं करने देंगे अगर बिना रुपये दिये अगर डम्पिंग करेगे तो तुमलोगों को मार कर हायपैर तोड़ देंगे।

उन्होंने आगे लिखा है की डम्पिंग के कार्य को सुचारु रूप से चलने के लिए उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए जमीन से अवैध कब्जा को मुक्त कराये ताकि कोयला उत्पादन शुरू रूप से किया जा सके। कोयला उत्पादन नहीं होने से राज्य सरकार को राजस्व की हानि हो रही है और बीसीसीएल जो सरकारी उपक्रम है को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

## लीकेज पाइप के मरम्मति के बाद पानी सप्लाई किया जायेगा

**जोड़ापोखर (ससे) :** झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से झरिया जल मीनार में जाने वाली ३० इंच पाइप लाइन में पांच जगहों पर लीकेज हो जाने के कारण झरिया क्षेत्र में आंशिक जलापूर्ति होने से लोगों को पानी के लिए परेशानियां उठानी पड़ रही है। पाइपलाइन की लीकेज की मरम्मत को विभाग द्वारा बुधवार को कार्य किया गया। देरात तक मरम्मत कार्य पूरा होने के पश्चात पानी की सप्लाई की जाएगी। मालूम हो कि ३० इंच पाइप लाइन में तीन दिन पूर्व में ५ जगहों पर लीकेज हो गया जिसके चलते प्रेशर डाउन होने से आंशिक जलापूर्ति हो रही थी। उपभोक्ता की शिकायत पर बुधवार को झमाडा कर्मियों ने पानी सप्लाई बन्द कर मरम्मत कार्य शुरु किया गया है। चुनाव के मौके पर विधिव्यवस्था बनाए रखने को जिला प्रशासन ने झमाडा कर्मियों को हर हाल में नियमित पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन के आदेश के बाद भी जमीनी स्तर पर प्रत्येक दिन पानी की सप्लाई बाधित होते रहती है। झमाडा जल संयंत्र केंद्र के कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने बताया है की पाइप लाइन काफी पुराना रहने के कारण बारबार ज्वाइंट में शीशा पेकिंग छोड़ देता है जिससे पानी लीकेज होती है।


भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अंग)
कोर्ट नोटिस
न्यायालयश्रीमान भूसम्पदा पदाधिकारी, लोदना क्षेत्र, लोदना

आप सभी को सूचित किया जाता है कि प्रथम पक्ष कि ओर से आप सभी के विरुद्ध इस न्यायालय में लोक परिहार (अनाधिकृत दखलकारी कि बेदखली) अधिनियम 1971 कि धारा 4 (उपधारा) के तहत जिला धनबाद अंचल झरिया अंतर्गत बीजीबीएल लोदना क्षेत्र में बीजीबीएल के भू-खंड पर अवैध/अनाधिकृत रूप से मकान बनाकर रहे/बीजीबीएल आवास में रहने के लिए वाद दायर किया गया है। न्यायालय द्वारा आप सभी को नोटिस जारी कि गई कि आपको न्यायालय में उपस्थित होकर शपथित होकर अपना पक्ष रखना है, इसके बावजूद आपकोप्रति नहीं हो रहे है।
पतह द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.05.2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे मुख्यमाद पदाधिकारी लोदना क्षेत्र के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई कर एकतरफा आदेश पारित कर दिया जाएगा।

स्थानPandebera/03 — दफाधारा 4 (उपधारा -1)

| क्रम सं. | नाम | पिता/पति का नाम | वेश संख्या/वर्ष | क्रम सं. | नाम | पिता/पति का नाम | वेश संख्या/वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Chandravati Devi | Lt. Guitan Nishad | 1711/2023 | 76 | Krishna Kr. Singh | Ranjit Singh | 1785/2023 |
| 2 | Vijay Prasad | Ram Chandra Prasad | 1712/2023 | 76 | Alim Ansari | Dimu Ansari | 1786/2023 |
| 3 | Birendra Nishad | Ram Chandra Nishad | 1713/2023 | 77 | Liwa Bhuiri | Tiba Bhuiyan | 1787/2023 |
| 4 | Raju Nishad | Om Prakash Nishad | 1714/2023 | 78 | Pankaj Kr. Vishwakarma | Bhanar Vishwakarma | 1788/2023 |
| 5 | Shankar Roy | Kalachandra Roy | 1715/2023 | 79 | Rahul Nishad | Om Prakash Nishad | 1789/2023 |
| 6 | Shankar Bhuian | Dukhi Bhuyian | 1716/2023 | 80 | Ravi Shankar Nishad | Sarju Mallah | 1790/2023 |
| 7 | Rajan Nishad | Ram Lakhan Nishad | 1717/2023 | 81 | Mankhurl Kumari | Sarju Mallah | 1791/2023 |
| 8 | Bishwanath Vishwakarma | Bhaure Lohar | 1718/2023 | 82 | Nandu Nishad | Swa Gultan Nishad | 1792/2023 |
| 9 | Yudhistir Chaikar | Raj Kumar Chaikar | 1719/2023 | 83 | Babka Kr. Nishad | Ram Parvesh Nishad | 1793/2023 |
| 10 | Kunj Chaikar | Raj Kumar Chaikar | 1720/2023 | 84 | Samina Bano | Jahangir | 1794/2023 |
| 11 | Rehna Bibi | Md. Rashid Ansari | 1721/2023 | 85 | Somiya Devi | Rajesh Nishad | 1795/2023 |
| 12 | Biru Ansari | Rashid Ansari | 1722/2023 | 86 | Shiva Kr. Nishad | Rajesh Nishad | 1796/2023 |
| 13 | Jana Khatun | Buka Malhotri | 1723/2023 | 87 | Anand Kr. Bhuiyan | Gariban Bhuiyan | 1797/2023 |
| 14 | Sobhani Khatun | Nanka Malhotri | 1724/2023 | 88 | Subham Kr. Bhuiyan | Gariban Bhuiyan | 1798/2023 |
| 16 | Umesh Kr Nishad | Damodar Nishad | 1725/2023 | 89 | Anil Kr. Rajak | Suresh Rajak | 1799/2023 |
| 16 | Manoj Nishad | Ram Lakhan Mallah | 1726/2023 | 90 | Dilip Kr. Rajak | Suresh Rajak | 1800/2023 |
| 17 | Tinku Ansari | Nanhaka Malhotri | 1727/2023 | 91 | Jaydev Mallik | Ram Prasad Mallik | 1801/2023 |
| 18 | Gajiya Chitrakar | Sonu Chitrakar | 1728/2023 | 92 | Baldev Mallik | Ram Prasad Mallik | 1802/2023 |
| 19 | Pran Chitrakar | Kartik Chitrakar | 1729/2023 | 93 | Suman Devi | Krishna Bhuiyan | 1803/2023 |
| 20 | Nuni Devi | Ram Lakhan Mallah | 1730/2023 | 94 | Rajo Devi | Manoj das | 1804/2023 |
| 21 | Rajesh Mallah | Lakhan Mallah | 1731/2023 | 95 | Krishna Bhuiya | Nathu Bhuiya | 1805/2023 |
| 22 | Raj Kumar Chitkar | Govinda Chitkar | 1732/2023 | 96 | Dhamveer Kr. Bhuiya | Pyarelal Bhuiya | 1806/2023 |
| 23 | Rakhi Devi | Bijay Nishad | 1733/2023 | 97 | Jitendra Kr. Rajak | Suresh rajak | 1807/2023 |
| 24 | Rakesh Mallah | Dvarika Mallah | 1734/2023 | 98 | Dabka Kr. Mandal | Kishori Mandal | 1808/2023 |
| 25 | Khaitun Bibi | Lt. Murdin Malhotri | 1735/2023 | 99 | Ranjan Nishad | Goutam Nishad | 1809/2023 |
| 26 | Dipu Kr Nishad | Krishna Nishad | 1736/2023 | 100 | Kala Chand Roy | Bhim roy | 1810/2023 |
| 27 | Munna Mallah | Kanu Mallah | 1737/2023 | 101 | Daulati Devi | Nageshwar Raut | 1811/2023 |
| 28 | Munlya Khatoon | Md. Robi | 1738/2023 | 102 | Rohit roy | Bahadur Roy | 1812/2023 |
| 29 | Md. Ismail Ansari | Md. Robi | 1739/2023 | 103 | Suraj Nishad | Mahendra Nishad | 1813/2023 |
| 30 | Digi Khatoon | Md. Robi | 1740/2023 | 104 | Raj Kumar Nishad | Kameshwar Nishad | 1814/2023 |
| 31 | Babulal Nishad | Ram Prasad Nishad | 1741/2023 | 105 | Raja Nishad | Rajendra Nishad | 1815/2023 |
| 32 | Md. Aslam Ansari | Morshid Ansari | 1742/2023 | 106 | Guddu Kr. Nishad | Om Prakash Nishad | 1816/2023 |
| 33 | Gabbar Nishad | Ram Dulal Nishad | 1743/2023 | 107 | Ajay Mandal | Ram Chandra Mandal | 1817/2023 |
| 34 | Ajay Kr. Nishad | Raj Kumar Nishad | 1744/2023 | 108 | Rahul Bhuiya | Ram Vilash Bhuiya | 1818/2023 |
| 35 | Om Prakash Nishad | Kali Charan Nishad | 1745/2023 | 109 | Rahul Kr. Nishad | Ram Pravesh Nishad | 1819/2023 |
| 36 | Dhaneshwar Thakur | Guhi Thakur | 1746/2023 | 110 | Kunal Kr. Nishad | Prakash Nishad | 1820/2023 |
| 37 | Damodar Mallah | Narayan Mallah | 1747/2023 | 111 | Suraj Kumar | Pram Lal Mallah | 1821/2023 |
| 38 | Manju Kumari | Mohan Mallah | 1748/2023 | 112 | Prem lal Mallah | Narayan Mallah | 1822/2023 |
| 39 | Jano Devi | Mohan Mallah | 1749/2023 | 113 | Jitu Nishad | Arjun Nishad | 1823/2023 |
| 40 | Rawani Khatoon | Fulchand Mallahori | 1750/2023 | 114 | Subham Malhori | Jivan Malhori | 1824/2023 |
| 41 | Munna Mallahori | Pilpili Mallahori | 1751/2023 | 115 | Kunban Malhori | Jivan Malhori | 1825/2023 |
| 42 | Shiv Narayan Nishad | Ram Nandan Nishad | 1752/2023 | 116 | Usman Ansari | Jivan Ansari | 1826/2023 |
| 43 | Subham Kr. Nishad | RamParvesh Nishad | 1753/2023 | 117 | Dhiraj Nishad | Ramdular Nishad | 1827/2023 |
| 44 | Shashi Kr. Nishad | Ram Parvesh Nishad | 1754/2023 | 118 | Sultan Ansari | Visnu Malhi | 1828/2023 |
| 45 | Chandan Nishad | Arjun Nishad | 1755/2023 | 119 | Jaydip Kr. Mallah | Dwarika Mallah | 1829/2023 |
| 46 | Mithlesh Nishad | Ram Chandar Nishad | 1756/2023 | 120 | Mansur Malhori | Fulchand Malhori | 1830/2023 |
| 47 | Rupesh Bhuiyan | Bhagwan Bhuiyan | 1757/2023 | 121 | Sabit Devi | Surendra Nishad | 1831/2023 |
| 48 | Deepak Kr. Nishad | Mahendra Nishad | 1758/2023 | 122 | Rajesh Kr. Rawat | Shankar rawat | 1832/2023 |
| 49 | Ganesh Kr. Bhuiyan | Chhotu Bhuiyan | 1759/2023 | 123 | Govinda Nishad | Sukhdeo Nishad | 1833/2023 |
| 50 | Ramesh Bhuia | Chhote Lal Bhuia | 1760/2023 | 124 | Md. Alam Ansari | Ismail Ansari | 1834/2023 |
| 51 | Vasanit Bhuini | Ramdev Bhuiya | 1761/2023 | 125 | Gujala Bibi | Md. Hassim Ansari | 1835/2023 |
| 52 | Madan Paswan | Hari Paswan | 1762/2023 | 126 | Amrit Mallah | Narayan Mallah | 1836/2023 |
| 53 | Dipak Paswan | Madan Paswan | 1763/2023 | 127 | Sanatan Singh | Lakhan Singh | 1837/2023 |
| 54 | Sujit Rajwar | Ripu Rajwar | 1764/2023 | 128 | Kalam Ansari | Md. Naim Ansari | 1838/2023 |
| 55 | Milan mandal | Rajesh Mandal | 1765/2023 | 129 | Pinki Devi | Santosh Nishad | 1839/2023 |
| 56 | Pradip Paswan | Madan Paswan | 1766/2023 | 130 | Dharmendra Nishad | Rajendra Prasad Nishad | 1840/2023 |
| 57 | Pappu Mandal | Arvind Mandal | 1767/2023 | 131 | Vijay Nishad | Raj Kr. Nishad | 1841/2023 |
| 58 | Mina devi | Ram Chandra Mandal | 1768/2023 | 132 | Sabitri Devi | Subodh Chitkar | 1842/2023 |
| 59 | Rajesh Nishad | Ram Lakhan Nishad | 1769/2023 | 133 | Durga Charan Chitrkar | Gunadhar Chitrkar | 1843/2023 |
| 60 | Ram Avtar Bhuiya | Dukhi Bhuiya | 1770/2023 | 134 | Amar Kr. Mandal | Ramdhari Mandal | 1844/2023 |
| 61 | Rekha Kumari | Sarjoo Mallah | 1771/2023 | 135 | Tinku Kr. Nishad | Sukh Deo Nishad | 1845/2023 |
| 62 | Raj Kr. Mandal | Ramdhari Mandal | 1772/2023 | 136 | Uttam Kr. Thakur | Dhaneshwar Thakur | 1846/2023 |
| 63 | Parwati Kumari | Kalachandar Roy | 1773/2023 | 137 | Vijay Das | Shyam lal Das | 1847/2023 |
| 64 | Ashok Ray | Bahadur Ray | 1774/2023 | 138 | Sunil Kr. Thakur | Dhaneshwar Thakur | 1848/2023 |
| 65 | Dilip Mahato | Baldev Mahato | 1775/2023 | 139 | Bebi Khatoon | Pilpili Malhori | 1849/2023 |
| 66 | Dinesh Bhuiya | Lt. Bhagwan Bhuiya | 1776/2023 | 140 | Ram Pada Rajwar | Babu Rajwar | 1850/2023 |
| 67 | Manoj Saw | Moti Saw | 1777/2023 | 141 | Mina Devi | Raju Nishad | 1851/2023 |
| 68 | Mahajid Miya | Moti Saw | 1778/2023 | 142 | Md. Azim | Alijan Miyan | 1852/2023 |
| 69 | Bablu Mandal | Kishori Mandal | 1779/2023 | 143 | Sanjay Chitkar | Raj Kr. Chitkar | 1853/2023 |
| 70 | Raja Nishad | Babu Lal Nishad | 1780/2023 | 144 | Sakina Bibi | Jan Mohammed | 1854/2023 |
| 71 | Ravi Shankar Kumar | Dwarik Mallah | 1781/2023 | 145 | Raju Gupta | Hari Lal Gupta | 1855/2023 |
| 72 | Chotu Kumar | Chanesar Nishad | 1782/2023 | 146 | Chinta Devi | Moti Saw | 1856/2023 |
| 73 | Chandan Nishad | Suresh Nishad | 1783/2023 | 147 | Govind Chitrkar | Gajiya Chitrkar | 1857/2023 |
| 74 | Govinda Kr. Nishad | Nhandeshwa Nishad | 1784/2023 | | | | |


## पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

**पुटकी (ससे) :** मंझलाडीह कारीटांड की एक महिला ने बुधवार को मुनीडीह ओपी में लिखित शिकायत कर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। शिकायत में कहा कि मेरी १६ वर्षीय नाबालिग पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर मुनीडीह ओपी क्षेत्र के धोबनी निवासी स्व. निमाई बाउरी के छोटा पुत्र अजय कुमार बाउरी ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। आरोपित अजय की मां मुनीडीह में बीसीसीएल कर्मी है।

शिकायत में पीड़िता की मां ने कहा २५ दिसम्बर २०२१ को पहली बार फोन पर परिचय हुआ। इसके पश्चात मेरी बेटी को अपने झांसे में लेकर बातचीत करने लगा। इस दौरान शादी करने का प्रलोभन देकर १६ अप्रैल से १९, २१, २३, २५ और ३ मई को शारीरिक संबंध बनाया। मुनीडीह ओपी पुलिस ने पोक्सो एक्ट मादवि की धारा ३७६ (३) के तहत कांड संख्या ५०/२०२४ दर्ज कर लिया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**बलियापुर (ससे) :** ढांगी मोड़ के पास बुधवार सुबह नौ बजे सड़क दुर्घटना में गीता देवी नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मासस कार्यकर्ता अनिल कुमार महतो ने मासस लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी के चार पहिया वाहन से जेपी अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया। महिला प्रतिदिन की तरह आज भी करमाटांड में मजदूरी का काम करने आ रही थी। इसी बीच ढांगी मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन धक्का देकर भाग निकला। महिला राजगंज की रहने वाली है।

## केन्दुआडीह पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**केंदुआ (ससे) :** वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के आदेशानुसार बुधवार को संध्या केंदुआडीह पुलिस के द्वारा लोकसभा चुनाव २०२४ को लेकर मतदाताओं के बीच आत्मविश्वास जगाने एवं उनके उत्साहवर्धन के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व केंदुआडीह थाना प्रभारी सह

पुलिस निरीक्षक राम नारायण ठाकुर कर रहे थे। इस दौरान केंदुआ बाजार, नदी धौड़ा, न्यू मेरिन, खैरा, बी एन आर, कुस्तौर, गंसाडीह, गोधर, नयाडीह कुसूण्डा, काली बस्ती आदि क्षेत्रों में बाईक से फ्लैग मार्च निकाला गया। केन्दुआडीह थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर ने लोगों से मयमुक्त वातावरण में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने का अपील किये। फ्लैग मार्च में केन्दुआडीह थाना के संजय राज मुण्डा, अरसद हुसैन, धीरज कुमार मिश्रा, पुटकी थाना के विष्णु कुमार भागवांघ ओपी के अरविंद कुमार सिंह, सूरज मुर्मू आदि पदाधिकारी व आरक्षी बल शामिल थे।

## चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर प्रशासन सक्रिय : सिटी एसपी

**जोड़ापोखर (ससे) :** लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इस बावत सिटी एसपी अजीत कुमार ने बुधवार की रात को जोड़ापोखर थाना में जोड़ापोखर एवं झरिया अंचल के सभी थाना व ओपी प्रभारियों के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण का आवश्यक निर्देश दिया। एसपी अजीत ने अधिकारियों को कहा वे क्षेत्र में चुनाव के दिन शांति व भयमुक्त वोटिंग कराने को मतदाताओं में विश्वास जगाये तथा वारंटियों की धरपकड़ करने, धन बल का गलत प्रयोग कर मत प्रतिशत प्रभावित करने से रोकने, चेकनाका पर गंभीरता से वाहनों की जांच करने आदि निर्देश दिया। बैठक के बाद पत्रकारों से एसपी ने कहा कि क्षेत्र के असामाजिक तत्वों व अपराधियों पर नजर रखी जा रही है। पुराने मामले की समीक्षा की जा रही है। अपराध नियंत्रण को प्रशासन हर कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि निर्भीकता से चुनाव कराने तथा धन बल के जरिए चुनाव को प्रभावित करनेवाले को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बैठक में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, शशि रंजन, ए रौशन आदि सहित अंचल थाना के सभी पदाधिकारी थे।

## पर्जन्य बीएड कॉलेज के छात्रछात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बलियापुर (ससे) :** पर्जन्य बीएड कॉलेज बलियापुर के एनएसएस इकाई की ओर से बुधवार को क्षेत्र के कुसमाटांड़ में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कुसमाटांड़ मोड़ से निकाली गई जागरूकता रैली में शामिल कॉलेज के शिक्षक छात्र छात्राओं ने कुसमाटांड़ गांव के कई टोला का भ्रमण करते हुए गांव के दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचे। मतदाताओं को २५ मई को लोकसभा चुनाव के दिन अपना मत का प्रयोग अवश्य करने के लिए शपथ दिलाया गया। वहीं मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जागरूकता रैली में सिंदरी विधानसभा संयोजक सह भाजपा नेत्री तारा देवी ने मतदाताओं व अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ स्मृति नागी, मंटू रवानी, निताई रजवार, कुमार महतो, जीतलाल सिंह, मनबोध रवानी, संतलाल प्रमाणिक, राजकुमार सिंह, महादेव सिंह, बीरबल महतो, तुफान महतो, मिथिलेश सिंह, उत्तम गोराई, अजीत महतो, निर्मल महतो, प्रो कार्तिक दां, प्रो संदीप तिवारी, संतोष राम, मंटु राम महतो, रजत ठाकुर, जलेश्वर महतो, उमेश महतो, संजय महतो, मीनाक्षी सिंह, गौर चंद्र महतो, स्वरूप दत्त आदि मौजूद थे।

# लोस क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**बोकारो (ससे):** बुधवार को ०६ गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं ०७ धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर ०८ स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर)* का निरीक्षण किया।

मौके पर ०६ गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ), संबंधित कोषांगों के वरीय नोडल/नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

निरीक्षण क्रम में ०६ गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं ०७ धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) में ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी/योजना के संबंध में निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी ली। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के संबंध में बताया। इससे पूर्व, उन्होंने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम - वीवीपैट/ सामग्री प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए अलग - अलग बनाएं गए पंडालों की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को वाहन पार्किंग प्लान से भी अवगत करवाया। सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में संचालित सामग्री कोषांग का भी जायजा लिया। इस दौरान मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे सामग्री पैकेट को देखा।

निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे पाकेट में सफल मतदान संचालन को लेकर जरूरी सामग्रियों के साथ मेडिकल कीट, सुखा खाद्य सामग्री/पेय पदार्थ आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर दोनों प्रेक्षकों ने संतोष व्यक्त किया।

०६ गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं ०७ धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने डिस्पैच सेंटर में विधानसभावार स्थापित स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था/सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा लिया।

आगे, दोनों प्रेक्षक चास के बाजार समिति स्थित गोदाम (रिसिर्विंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर) का निरीक्षण किया। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से रिसिर्विंग सेंटर (ईवीएम प्राप्त केंद्र) एवं काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) के संबंध में बताया। भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने रिसिर्विंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर को लेकर चल रहें कार्यों को ससमय पूरा कर लेने की बात कहीं।

मौके पर पोस्टल बैलेट की मतगणना को लेकर चिन्हित भवन का भी प्रेक्षकों द्वारा जायजा लिया गया। इसके अलावा मीडिया सेंटर, निर्वाची पदाधिकारी कक्ष/प्रेक्षक कक्ष/राजनीटिक पार्टी प्रतिनिधि कक्ष आदि को लेकर चर्चा की और जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

इस अवसर पर निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सामग्री कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीपीएलआर मेनका, सहायक निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाचीपदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, ईवीएम कोषांग के वरीय नोडल मो. सफीक आलम, ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी पियूष, प्रेक्षक कोषांग के शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

इधर, ०६ गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु ने सामाहरणालय समीप स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव से ईवीएम फस्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ईवीएम कोषांग के पियूष ने ईवीएम - वीवीपैट से संबंधित कार्यों की जानकारी दी।

उधर, ०७ धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार ने सूचना भवन स्थित एमसीएमसी कोषांग/मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबरों एवं टीवी चैनलों पर प्रसारित समाचारों की निगरानी को लेकर किए जा रहें कार्यों/व्यय कोषांग के समर्पित प्रतिवेदन की जानकारी ली और व्यवस्था पर संतोष जताया।

व्यय प्रेक्षक ने कैंप वन स्थित राज्य कर आयुक्त कार्यालय में संचालित व्यय अनुश्रवण कोषांग का भी निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्रवार अंकेक्षण टीम द्वारा अब तक किए गए कार्य संबंधित अभिलेखों की जांच कर प्रचार, सभा, रैली, जुलूस आदि के माध्यम से किए जा रहें चुनाव प्रचार के खर्चों का अंकेक्षण कर दैनिक प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गठित एसएसटी/एफएसटी/ वीएसटी/ वीवीटी को गंभिरता से दायित्व निष्पादन का निर्देश दिया।

# लोस क्षेत्र के मतदान कर्मियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन

**बोकारो (ससे):** पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक, ०६ गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अरूण महेश बाबु एवं निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन में पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल है।

मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बेरमो श्री अशोक कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार, कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय हो कि, ०६ गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान आगामी २५ मई २०२४ को होना है। इसमें कुल ६८६० मतदान कर्मियों (पुरूष मतदान कर्मी), १९८ (महिला मतदान कर्मी) को लगाया गया है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मी व रिजर्व कर्मी शामिल हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन व ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत या विस्पुते के नेतृत्व में गांडेय प्रखंड के तेलीडीह में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां सदर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया गया। साथ ही निर्वाचन मार्गदर्शिका का वितरण कराया गया।

इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कि मतदान का दिन नजदीक आ रहा है, सभी को मतदान करना है और अपने सगे संबंधियों को भी को मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि कोडरमा लोकसभा और ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए २० मई २०२४ को है, आप सभी को उस दिन अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करना है।

इस बार दिन भर मतदान का समय है, सुबह ०७ बजे से शाम ०५ बजे तक आपलोग मतदान कर सकते हैं। आपकी सुविधा के लिए सभी बूथों को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया जा रहा है, ताकि किसी भी मतदाता को असुविधा न हो। इस दौरान स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी समेत पूरी स्वीप की टीम मौजूद थी। स्वीप की टीम द्वारा वहां के बच्चों को वोट करेगा गिरिडीह से संबंधित रिस्ट बैंड का वितरण किया गया और सभी को लोकतंत्र की महत्ता के बारे में बतलाया गया।

साथ ही मतदान करने के लिए अन्य को भी जागरूक करने के लिए कहा गया। इस दौरान स्थानीय महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। गौरतलब है कि लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के तहत ०५ कोडरमा लोकसभा का मतदान २० मई तथा ०६ गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान २५ मई २०२४ को होना है।

इसके साथ ही ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि २० मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

# बिजली समस्या को ले ग्रामीणों ने दिया आवेदन

**डुमरी (ससे):** नगरी के दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार को बिजली विभाग के मुख्य अभियंता के नाम स्थानीय विभागीय कार्यालय में आवेदन देकर नगरी दुर्गामंदिर के सामने जर्जर हुए डीश, कप एवं एंगल बदलने की मांग की है ताकि किसी दुर्घटना के घटित होने से बचा जा सके। आवेदन में लिखा है कि नगरी दुर्गा मंदिर के सामने लगा ट्रांसफार्मर के ऊपर लगा डीश,कप व एंगल पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है जो बिजली काटने के क्रम में पूरी तरह विद्युत प्रवाहित हो जाता है और बिजली भी पूरी तरह नहीं कटता है।साथ ही नगरी दुर्गा मंदिर से नगरी शिवमंदिर तक बिजली का तार भी पूरी तरह जर्जर स्थिति में है जो आये दिन टूटते रहता है।लिखा है की इस समस्या को संज्ञान लेकर शीघ्र डीश,कप व एंगल तथा तार बदलने की दिशा में पहल किया जाये।

इसके पूर्व झारखंड एकता किसान मजदूर युनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो, सुभाष पंडित, विद्याधर पाठक, मदन मोहली, रबिन्द्र कुमार, उमेश ठाकुर, प्रीतम पांडेय नगरी पहुंच ग्रामीणों की उक्त बिजली समस्या से अवगत हुए एवं विभागीय पदाधिकारी को दुरभाष पर समस्या की जानकारी देते हुए उसके निदान हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।आवेदन पत्र में रुपलाल ठाकुर, सीताराम ठाकुर, अजय कुमार साव, रामेश्वर मंडल, सुरेंद्र कुमार साहू, जानकी मंडल, शिव कुमार, दीपक रंगरेज, कृष्णदेव साव, टुपलाल साव, दीनू तुरी, राजा साव,ईश्वर तुरी, राहुल ठाकुर, किंकु साव,विनोद मंडल, नारायण सिंह, सुनीता देवी, सोनी देवी, मीरा देवी, विजय कुमार पांडेय,किरण देवी, कुसुम देवी, मुनिया देवी, बबीता देवी, पार्वती देवी,जुली देवी आदि दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर है।

# सेल मैनेजमेंट एंड बिज़नेस क्विज में बीएसएल की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बोकारो (ससे):** सेल के मैनेजमेंट एंड बिज़नेस क्विज स्पर्धा के फाइनल में एक बार फिर बोकारो स्टील प्लांट की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीतने का गौरव प्राप्त किया है. हाल ही में बर्नपुर में आयोजित स्पर्धा के फाइनल में सेल के ओसीटी श्री दुर्गा प्रसाद एवं श्री नयन चक्रवर्ती की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीतकर बोकरो स्टील प्लांट का मान बढ़ाया है.

बीएसएल की विजेता टीमों को श्री बी पी सिंह, निदेशक प्रभारी (दुर्गापुर एवं इस्को स्टील प्लांट) द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. बीएसएल के वरीय अधिकारियों ने भी दोनों पुरस्कार विजेता टीमों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है.

# भाजपा प्रत्याशी का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह

**गिरिडीह (ससे):** गांडेय विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह।गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आगमन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया।इस दौरान दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। वही एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के साथ हैं। मौके पर गांडेय मंडल के गांडेय बाजार में विधानसभा प्रधान कार्यालय में एक सामूहिक बैठक रखी गई जिसमें हमारे सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

वही कोवाड़ मोड में कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के चुनाव कार्यालय का विधिवध तरीके से उद्घाटन किया गया साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।साथ ही साथ कोवाड़ मोड में कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के चुनाव कार्यालय का विधिवत तरीके से उद्घाटन किया गया साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे, वही पर जनता और युवा साथियों से मुलाकात भी किया।और ग्राम रघुसिंघा ,पंचायत अलगुंदा, ग्राम घोषासिंघा ,पंचायत अलगुंदा,ग्राम बंशीडीह पंचायत लेदा ,ग्राम गादी पंचायत लेदा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।

# जल संरक्षण जागरूकता अभियान आयोजित

**गिरिडीह (ससे):** आज इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनशाइन इनर व्हील के १०० साल पूरे होने के उपलक्ष में आज १०० लोगों के लिए होने वाले प्रोजेक्ट की श्रृंखला में दसवां कार्यक्रम किया। १०० लोगों के बीच घड़ा और जल दान किया। साथ में जल संरक्षण और जल्द से संबंधित स्लोगन के साथ करीब १५० महिलाओं को लेकर एक रैली निकाली जिससे यह संदेश दिया गया की जल का बचाव करना धरती को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है पीने के पानी की स्वच्छता बहुत जरूरी है।

# व्यय प्रेक्षक ने मीडिया व विभिन्न कोषांगो का किया निरीक्षण

**गिरिडीह (ससे):** लोकतंत्र आम निर्वाचन एवं ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के निमित्त आज व्यय प्रेक्षक ने /मीडिया कोषांग व विभिन्न कोषांग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने /मीडिया कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों/कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने चउचउ कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा किए जा रहे पेड न्यूज के अनुश्रवण का रोस्टरवार पंजी की जांच की तथा कई दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मीडिया कोषांग का निरीक्षण कर सभी पंजी की जांच की। इस दौरान नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, प्रभारी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत मीडिया कोषांग के अन्य अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के तहत ०५ कोडरमा लोकसभा का मतदान २० मई तथा ०६ गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान २५ मई २०२४ को होना है।

अधिकारियों की बिज़नेस क्विज सक्षम में बीएसएल के वरीय प्रबंधक (ईआरएस) श्री शुभम वर्मा तथा प्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) राहुल रंजन पंडा की टीम ने सेकेंड रनर-अप का पुरस्कार अपने नाम किया.

इसके अलावा समर्थ नाम से आयोजित सेल के अनधिशासी कर्मियों की बिज़नेस क्विज में बीएसएल के डीएनडब्ल्यू विभाग

## 4 लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा

**डुमका (ससे):** दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन बुधवार को चार लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इनमें निर्दलीय कमिश्नर मुर्मु, सीपीआई के राजेश किस्कू , झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के की बेबी लता टुडू एवं अंबेडकर राइट पार्टी ऑफ इंडिया के राजू इमानुएल मुर्मू शामिल हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन तक किसी उम्मीदवार ने नामजदगी का पर्चा दाखिल नहीं किया।

## उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**साहिबगंज (ससे):** साहिबगंज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह -उपायुक्त, हेमंत सती ने वाहन कोषांग कार्यों की समीक्षा कर पोलिंग पार्टी के आवागमन हेतु वाहनों का संग्रह स्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाईन मैदान में बना रहे वाहन संग्रह स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# दो प्रमुखों के बीच राजनीति में पिस रहा है यादव महासभा

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा चुनाव कोडरमा एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीति सर गर्मी जोरों पर है प्रत्याशी अपने जीत को लेकर लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं एक और जहां एनडीए की ओर से दिलीप वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है वहीं दूसरी और इंडिया गठबंधन की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मैदान में है दोनों को मैदान में आते ही इस चुनाव क्षेत्र का तापमान बढ़ गया दोनों ही प्रत्याशी अपनी जीत को सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाने लगे हैं एक और जहां एनडीए के प्रत्याशी पूर्व प्रमुख के सहारे यादव वोटरों को लुभाने का प्रयास करने लगे हुए हैं वहीं दूसरी और वर्तमान प्रमुख इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने को लेकर तरह-तरह की बातें करने लगे हैं इसी बीच पूर्व प्रमुख को इसकी भनक लगी की कोई यादव वोट की ठेकेदारी कर रहे हैं और उन्होंने आव देखा ना ताव इसी विधानसभा क्षेत्र में आनन-फानन में एक आपातकालीन बैठक आयोजित कर दी बैठक में तो चुनाव का माहौल देखते हुए भीड़ तो उमडनी ही थी और उमड भी गई वहीं दूसरी और इसकी भनक लगते ही वर्तमान प्रमुख ने बेंगाबाद के ही एक गांव में मीटिंग आयोजित कर दिया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया अब सवाल यह उठता है कि आखिल भारतीय यादव महासभा में गिरिडीह जिले के १३ प्रखंडों के पदाधिकारी के साथ-साथ कार्यकर्ता सदस्य हैं ऐसे में भला एक प्रखंड के कार्यकर्ता वोट की ठेकेदारी कैसे कर सकते हैं मजे की बात तो यह है कि महासभा के अध्यक्ष ने बगैर किसी जानकारी और नोटिस के ही बैठक में सम्मिलित होने का निर्णय ले लिया यह यादव महासभा के लिए एक विचारणीय प्रश्न है महासभा के एक सदस्य ने नाम न छापने के शर्त पर कहा कि जिले में लाखों की संख्या में यादव मतदाता है ऐसे में चंद यादव के द्वारा किसी निमित्त व्यक्ति को समर्थन किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसे निर्णय को यादव महासभा सभा स्वीकार करना भविष्य के गर्भ में है उन्होंने कहा कि समाज राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्तर पर पहचान बनाने वाले नेताओं को अपने अनुरूप ढालती है ऐसे में समाज के बुद्धिजीवी वर्ग खुद को निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं

## पृष्ठ एक का शेषांश

### ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम के---

बिल्डिंग स्थित ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय लेकर गई। वहाँ ईडी की टीम ने आप्त सचिव के कमरे की तलाशी ली, और कागजातों को खंगाला। आप्त सचिव के ड्रॉवर से नक़दी भी मिले हैं जो करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। ईडी की टीम कुछ कागजातों और नक़दी को अपने साथ ले गई।

### राहुल भारतीय राजनीति---

नेता नहीं देखा। गूगल पर सर्च करने पर मनीष कुमार एडवोकेट के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस पोस्ट को देखा गया है, जिसमें भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी की तस्वीर के साथ इसे पोस्ट किया गया है। वैसे आपको बतलाते चलें कि भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है जबकि तीसरे चरण का मतदान हो रहा था और आगे अभी लोकसभा चुनाव के चार चरण शेष हैं।

ऐसे में उनके बयान को महत्वपूर्ण इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ कर जहां भाजपा और दीगर विरोधी नेताओं को खामोश कर दिया है, वहीं मोदी सरकार द्वारा दिए गए भारतरत्न के बावजूद राहुल गांधी की तारीफ करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी करने जैसा है। बहरहाल इस बयान की सत्यता की पुष्टि ईएमएस नहीं करता है। भारतरत्न लालकृष्ण आडवाणी के नाम को कोड कर वायरल किए गए संदेश को सोशल मीडिया पर बार-बार देखा और सर्च किया गया है। इस कारण कहा जा सकता है कि इसका असर लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों में अवश्य ही देखने को मिलेगा।

### दिल्ली में आरएलएम---

आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों के जरिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मरीजों से रिश्वत वसूल रहे हैं।

### एअर इंडिया एक्सप्रेस के---

किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी उड़ान को री-शेड्यूल्ड कर सकेंगे। इसके अलावा, प्रवक्ता ने बुधवार को एयरलाइन से उड़ान भरने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने से पहले एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी, ताकि वे फ्लाइट कंफर्म कर सकें।

### अडाणी-अंबानी का नाम लेना---

खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है। संविधान सर पर लेकर नाचने वाले लोग देश का अपमान कर रहे हैं।

**तेलंगाना के लोगों ने मेरा 10 साल का काम देखा**

प्रधानमंत्री ने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने पिछले १० साल में मेरा काम देखा है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। आपके एक वोट ने अनुच्छेद ३७० को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि सुनिश्चित की। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया। पीएम ने कहा कि हमारा पूरा देश संभावनाओं से भरा हुआ है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में हमारे लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी ने हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया, कृषि और कपड़ा क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाया। कांग्रेस ही देश में समस्याओं की सबसे बड़ी जननी है।

प्रधानमंत्री ने कहा- भाजपा नेशन फस्ट सिद्धांत में विश्वास करती है, लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस और बीआरएस तेलंगाना में फैमिली फस्ट सिद्धांत पर काम करते हैं। कांग्रेस और बीआरएस पूरी तरह से परिवार द्वारा, परिवार के लिए हैं। ये दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस और बीआरएस को एक साथ बांधने वाला एकमात्र गोंद भ्रष्टाचार है। तुष्टिकरण की राजनीति ही उनका एजेंडा है। कांग्रेस और बीआरएस जीरो गवर्नेंस मॉडल फॉलो करते हैं। इसलिए हमें तेलंगाना को इन पार्टियों के भ्रष्ट चंगुल से बचाने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एससी, एसटी और दलितों के लिए आरक्षण का अधिकार छीनना चाहती है और मुस्लिम समुदाय को देना चाहती है। कल्याण न तो उनका दृष्टिकोण है और न ही एजेंडा। कांग्रेस केवल अपना वोट बैंक सुरक्षित रखना चाहती है। यह भ्रष्ट पार्टी पूरी तरह से तुष्टिकरण की नीति में डूबी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी। आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है। ऐसे में क्या देश की कमान गलत हाथों में दी जा सकती है?

# पोलिंग आफिसर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन

**खूंटी (ससे):** लोक सभा आम चुनाव २०२४ के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा ६०-खूंटी एवं ५९-तोरपा विधान सभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पार्टी वाइज सभी पोलिंग आफिसर के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान के दिन मतदान केंद्र पर और मतदान के बाद की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। आईएलएमएस एप्प के माध्यम से मतदान कर्मियों की कार्य कुशलता का टेस्ट लिया गया। मतदाकर्मियों से घोषणा पत्र लिया गया कि उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट तथा पूरी मतदान प्रक्रिया का संचालन और सभी प्रपत्रों को संधारित कर पैकेटिंग की पूरी प्रक्रिया को प्रशिक्षण के दौरान अच्छी तरह से समझ लिया है।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा ने कहा कि चार चरणों में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी को चुनाव कार्य की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया है।

आशा की जाती है कि आप सभी अपने कार्य में दक्ष होकर ऋटिरहित चुनाव कार्यों का निष्पादन करेंगे। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को सुबह ६.०० बजे तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर स्थित डिस्पैच सेन्टर पर पहुंचने का निर्देश दिया ताकि मतदान कर्मियों को समयानुसार कलस्टर एवं मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा डिस्पैच सेन्टर से प्रस्थान करने से लेकर कलस्टर एवं मतदान केंद्रों तक पहुंचाने हेतु सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। आप सभी भयमुक्त होकर अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने के बाद किसी भी मतदानकर्मी को निर्धारित कलस्टर एवं बूथ के सिवाय कहीं भी रुकने की इजाजत नहीं है। उपायुक्त ने मतदानकर्मियो को निर्देशित किया कि मतदान के दिन पूर्वाह्न पांच बजे संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर निर्धारित समय पर मतदान आरंभ कराने की प्रक्रिया को सावधानी के साथ पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान कर्मियों को प्रपत्र १७ए(मतदाता रजिस्टर), १७सी(अभिलिखित मतों का लेखा) एवं पीठासीन डायरी संधारण में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला कंट्रोल कक्ष द्वारा समय-समय पर किसी भी मतदानकर्मी से फोन पर संपर्क किया जाएगा। निर्देशित किया गया कि संपर्क होने पर पूछे जाने वाले सवालों को उत्तर देना सुनिश्चित करेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान चुनाव की तमाम प्रक्रिया से अवगत कराया गया। प्रतिभागियों को सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं ईवीएम की कार्यप्रणाली एवं सिलिंग की व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, पैकेटिंग के संबंध में विस्तार से बताया गया। अंतिम दौर के प्रशिक्षण में खूंटी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त ३२० एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त २८० मतदानकर्मी शामिल हुए।

६०-खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों के लिए बिरसा कालेज, खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों हेतु लोयला इंटर कॉलेज, खूंटी में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप द्वारा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं के संबंध में बताया गया। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा दी जा रही है।

## पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया जारी

**हजारीबाग (ससे):** लोकतंत्र के महापर्व में हर एक मतदाता मतदान कर सके इसे लेकर बैलट पेपर की भी व्यवस्था की गई है । वैसे मतदाता जिनका निर्वाचन ड्यूटी के कारण हजारीबाग में प्रतिनियुक्त है वे पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान कर रहे है । हजारीबाग प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान में बैलेट पेपर मतदान केंद्र बनाया गया है। यहाँ लोगों ने वोटिंग की । मतदाताओं में इस बात को लेकर खुशी है कि निर्वाचन आयोग ने इस तरह की व्यवस्था की है। हजारीबाग में बुधवार को खूंटी, पलामू, लोहरदगा और सिंहभूम के वोटरों के लिए यह व्यवस्था की गई थी ।

# अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर (ससे):** बिष्टुपुर स्थित एक होटल में अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर डॉक्टर एस पी फाउंडेशन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर डॉक्टर टी के चटर्जी द्वारा लिखित अंग्रेजी में पुस्तक थैलेसीमिया का भी विमोचन किया गया।

मुख्य अतिथि सरयू राय ने कहा कि जिंदगी की इस भाग दौड़ में लोग कई बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी पर भी हम लोगों का ध्यान नहीं जा पता है। भारत एक बढ़ती भी अर्थव्यवस्था है, लेकिन उसी प्रकार गरीबों की संख्या भी बढ़ रही है और ज्यादातर रोगी गरीब है।

उन्होंने कहा कि इसके बचाव और रोकथाम पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज देश में थैलेसीमिया ,एनीमिया जैसे रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।वही डॉक्टर टी के चटर्जी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरुक कर रहा हूं। इसमें बच्चों में आयरन की मात्रा बढ़ जाती है। जो शरीर के लीवर और हार्ट को क्षति पहुंचाती है।उन्होंने बताया कि होम्योपैथी में तथागत नाम से एक दवा बनाई गई है, जो इस रोग में काम आती है।

उन्होंने बताया की शादी से पूर्व पति-पत्नी दोनों का थैलेसीमिया की जांच हो। अगर माता-पिता दोनों को थैलेसीमिया है, तो बच्चों में थैलेसीमिया का प्रभाव अवश्य होगा। इसलिए दो परिवारों के बीच जब विवाह होता है, तो उसमें दोनों को थैलेसीमिया नहीं होना चाहिए।

# मोदी की बात पर नहीं, मुद्दे की बात पर मैं जनता के बीच हूं : तेजस्वी यादव

**गढ़वा (ससे):** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह राजद नेता तेजस्वी यादव ने पलामू लोकसभा सीट की राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में भवनाथपुर हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए वोट मांगे । राजद के तेजस्वी यादव वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी, जेएमएम के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा जिला के भवनाथपुर हाई स्कूल मैदान में आयोजित जन सभा को साझा करते हुए ममता भुइयां के पक्ष में मतदाताओं से मतदान करने का अपील किया।

तेजस्वी यादव,मुकेश कुमार साहनी और जेएमएम के मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने संबोधन में बीजेपी पर प्रहार करते हुए बेरोजगारी,झूठ और संविधान को खतरे में बताते हुए इंडी गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइयां के पक्ष में मत मांगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के पास विकास का मुद्दा नहीं है। इसलिये मोदी मंदिर- मस्जिद और हिंदू-मुस्लिम की बात कर आपस में लड़ाने का काम कर रहे हैं। मोदी अब नया मुद्दा बना रहे हैं । कहते हैं इंडिया गठबंधन वाले महिलाओं का मंगलसूत्र छीनकर मुस्लिम को दे देंगे । तेजस्वी यादव ने हेमंत सोरेन का उदाहरण देते हुए कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब को बचाने वालों को डराया धमकाया जा रहा है जो नहीं डर रहा है और नहीं झुक रहा है, उसे जेल में डालने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे मोदी की बात पर नहीं, मुद्दे की बात पर वे जनता के बीच में हैं। गरीबी, पलायन, महंगाई बड़ा मुद्दा है। जबतक जनता की मांग को पूरा नहीं करते हैं, तबतक वे मैदान में डटे रहेंगे। राजद नेता ने कहा कि वर्ष २०१४ में मोदीजी जब आये, तो कहे की मोदी आयेगा, तो अच्छे दिन आएगा। काला धन लायेगा और दो करोड़ को नौकरी देगा । लेकिन २०१४ के साथ २०१९ भी खत्म हो गया । जो वादा किए थे न तो नौकरी मिली, न ही काला धन आया ।

तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी को १० वर्ष जनता ने मौका दिया, लेकिन वे जनता का एक काम भी नहीं कर सके । अब जब २४ आया, तो विकास का मुद्दा गौण हो गया । अब मोदी जी देश से संविधान खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं । लोकतंत्र को खत्म करना चाह रहे हैं । उन्होंने कहा कि असली दुश्मन बेरोजगारी और महंगाई है, जिसे खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले महंगाई डायन लगती थी, लेकिन आज महंगाई पर बोलने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के लोगों ने प्रण लिया है कि गठबंधन की सरकार बनी, तो एक करोड़ लोगों को नौकरी दिया जाएगा। ५०० रूपये में सिलेंडर मिलेगा और गरीब परिवार की बहन को एक वर्ष में एक लाख रुपए खाते में दिया जाएगा साथ ही यदि उनकी सरकार बनी, तो १० केजी चावल के साथ-साथ नौकरी भी देंगे।

भवनाथपुर में नए उद्योग लगाये जाएंगे। सभा में वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश साहनी, झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झामुमो नेता मिथिलेश कुमार ठाकुर और पलामू से राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने भी विचार व्यक्त किये ।

## बाबूलाल मरांडी ने प्रत्येक बूथ स्तर पर भाजपा को विजयी बनाने की अपील की

**सिमडेगा (ससे):** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत टुकुपानी में बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने प्रत्येक बूथ के स्तर पर भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। केंद्र सरकार ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर और माता, बहनों की चिंता की है। लोगों को पक्का मकान मिला है और भोजन बनाने के लिए रसोई गैस कनेक्शन भी दिया गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के भूखे नहीं रहने की भी गारंटी दी है। उन्होने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं दी जा रही है और गांव-गांव तक बिजली पहुंची है, जिसे विपक्ष सहन नहीं कर पा रहा है और विरोधी लोग दुष्प्रचार में लगे हुए हैं। उन्होंने सबों से १३ मई को भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस अवसर पर अबुआ झारखंड पार्टी के लिबनुस और उनके कई समर्थक भाजपा में शामिल हो गए। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, पूर्व विधायक विमला प्रधान सहित कई प्रदेश और जिलास्तरीय पदधारी उपस्थित थे।

## तेजस्वी यादव ने राजद प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया

**पलामू (ससे):** पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को इंडिया गठबंधन की राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में प्रचार करने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव छतरपुर पहुंचे । यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के राज में महंगाई कमरि बढ़ी है जिससे आम लोग परेशान हैं । तेजस्वी यादव के साथ मुकेश साहनी भी आए थे उन्होंने कहा कि हमने एक पढ़ा लिखा उम्मीदवार उतारा है आप सभी उन्हें सहयोग करें ।

## बीजेपी ने समर्थन नहीं दिया होता तो ना कमंडल खड़ा होता, ना मंडल होता : सम्राट चौधरी

**पटना (एजेंसी):** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू यादव सिर्फ एक जाति और धर्म के लोगों के पक्ष में रहते हैं. पहले भी जब वे सरकार में थे तब ऐसे कारनामे कर चुके हैं. उन्होंने आगे कहा कि यदि १९९० में बीजेपी ने समर्थन नहीं दिया होता तो ना कमंडल खड़ा होता, ना मंडल होता. यही नहीं लालू यादव की राजनीति में उत्पति भी नहीं होती. लालू यादव कभी मुख्यमंत्री नहीं बनते, बीजेपी के समर्थन से ही पहली बार मुख्यमंत्री बने थे.

लालू यादव की ओर से मंडल कमीशन लागू करवाने को लेकर दिए गए बयान पर सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि लालू यादव बुजुर्ग हो गए हैं, इस कारण उनको ध्यान नहीं है. उन्होंने कहा कि वीपी सिंह जब प्रधानमंत्री थे तब उनके १४६ सांसद थे, जबकि, कांग्रेस के करीब २०० सांसद थे. बीजेपी के ८५ सांसद थे. वाजपेयी जी और आडवाणी जी ने मंडल कमीशन को समर्थन देकर पिछड़ों को न्याय देने का काम किया. लालू प्रसाद यादव झूठ बोल रहे हैं. केवल फेसबुक और एक्स पर झूठ लिख रहे हैं.

उन्होंने आगे कहा कि १० साल हो गए, जो भी गलत कानून बना होगा, उसको समाप्त किया जा रहा है. जम्मू कश्मीर से धारा ३७० उखाड़ फेंका गया. पिछड़ों, दलितों, अति पिछड़ों का और सवर्ण गरीबों के आरक्षण को सुरक्षित रखने का काम मोदी सरकार करेगी.बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी १२ मई की शाम बिहार की राजधानी पटना में रोड शो करेंगे. यह पहला मौका होगा कि कोई प्रधानमंत्री पटना की सड़कों पर रोड शो करेंगे.

## पीएम मोदी रोड शो के बाद 14 को वाराणसी में कर सकते हैं नामांकन

**वाराणसी (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी १३ मई को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोड शो करेंगे। इसके लिए वाराणसी लोकसभा प्रबंध समिति ने बैठक करके रोड शो के रूट और तैयारी पर चर्चा की। पीएम के रोड शो का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी १४ मई को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। पीएम का रोड शो १३ मई की शाम को होगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। रोड शो को भव्य बनाने के लिए प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर मंगलवार को लोकसभा प्रबंध समिति की बैठक हुई। इसमें रोड शो के रूट पर चर्चा की गई। साथ ही अलग-अलग सामाजिक संगठनों की भागीदारी पर भी चर्चा की गई। २०१४ और २०१९ में भी नरेंद्र मोदी ने चुनाव से पहले रोड शो किया था। संगठन इस बात को तय करना चाहता है कि इस बार का रोड शो पहले से ज़्यादा भव्य हो। वहीं पीएम लंका स्थित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यर्पण करके रोड शो शुरू करेंगे। उसके बाद अस्सी, सोनारपुरा, जंगम बाड़ी, गोदौलिया, बांसफाटक होते हुए विश्वनाथ कॉरिडोर तक जाएंगे।

सातवें चरण के नामांकन के लिए १४ मई आख़िरी तारीख भी है। १४ मई को गंगा सप्तमी का शुभ संयोग है। वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन धरती पर मां गंगा का अवतरण हुआ था। पीएम मोदी के रोड शो को सफल बनाने के लिए अलग अलग विधानसभाओं की बैठक आज होगी।

## ट्रैक्टर घर में घुसा, महिला की मौत

**गढ़वा (ससे):** गढ़वा जिला अंतर्गत कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य सड़क पर राणाडीह गांव में एक ट्रैक्टर एक महिला को रौंदते हुए घर में घुस गया जिसमें कईल पासवान की पत्नी चंद्रावती देवी (५५ वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई तथा उसकी एक छोटी बच्ची घायल हो गयी । वहीं ट्रैक्टर कईल पासवान का घर में धक्का मारते हुए बगल के नगीना राम के घर में जा घुसा । उस घर लोग बाल-बाल बच गये । लोगों का कहना है कि इस जगह पर प्रतिदिन १०-२० की संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे बैठे रहते हैं । घटना से कुछ देर पहले ही लोग अपने अपने घर में चले गए थे । इस घटना में कईल

पासवान के दो घर का ढाबा सहित बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया है । संयोग था कि उस समय बिजली कटी हुई थी। अन्यथा इससे और बड़ा हादसा हो सकता था । घटना बुधवार की सुबह लगभग १० बजे की है । इस घटना से आक्रोशित परिजनों द्वारा मझिआंव-सुंडीपुर सड़क पर टेंट लगाकर शव के साथ जाम कर दिया । इस बीच सड़क जाम में स्कूल बस सहित कई अन्य गाड़िया फंसी रही । करीब छह घंटे बाद मृतक के पुत्र के पहुंचने पर जाम समाप्त हुआ । पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा मिलेगा। इसके पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

## भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है :आलमगीर आलम

**लोहरदगा (ससे):** इंडिया गठबंधन दल के द्वारा बुधवार को शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद के समीप चुनावी सभा का आयोजन किया गया । चुनावी सभा के मुख्य अतिथि आलमगीर आलम ने कहा कि संविधान को बदलने तथा संविधान को बचाने की लड़ाई चल रही है । सरकार आमजनों की समस्याओं के निदान के लिए बनतीं हैं ना कि पूंजीपतियों की कर्जा माफ करने के लिए । इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास कर रही है। हिंदुस्तान की खूबसूरती गंगा जमुनी तहजीब है जहां सभी समुदाय मिलकर एक साथ रहते हैं लेकिन भाजपा ने नफरत की राजनीति करते हुए समाज को बांटने का काम किया है ।

राज्य में बनी कांग्रेस, झामुमो तथा राजद की गठबंधन सरकार बेहतर कार्य कर रही है आदिवासियों को सरना धर्म कोड देने का प्रस्ताव, ओबीसी को आरक्षण देने सहित अन्य कार्य किया लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार ने सभी बिल को वापस कर दिया । निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा पर इशारों - इशारों में प्रहार करते हुए कहा कि पार्टी से बगावत करते हुए कोई चुनाव नहीं जीत सकता है केवल इंडिया गठबंधन के जीत का अंतर कम करने का काम करेगा । आने वाले चार साल में २० लाख अबुवा आवास देने को लक्ष्य रखा गया है । संविधान को बचाने के लिए गंगा जमुनी तहजीब कायम करना होगा। भाजपा के नफरत की राजनीति को मोहब्बत से तोड़ देंगे। कार्यक्रम को कई अन्य ने भी संबोधित किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**हजारीबाग (ससे):** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर हजारीबाग समाहरणालय परिसर में बुधवार को स्वीप के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । समाहरणालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कई अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल ३२ युनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदाताओं को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सचिव तनवीर सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा की भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया ताकि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध हो सके । रक्तदान शिविर में जिला प्रशासन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ ।

# मां ने राहुल को आपके पास भेजा : प्रियंका गांधी

**रायबरेली (ईएमएस):** प्रियंका गांधी ने रायबरेली में भाई राहुल को जिताने के लिए कमान संभाल ली है। बुधवार को उन्होंने बछरावां में रैली को संबोधित किया। कहा- हमारी मां ने राहुल गांधी को आपके पास भेजा है। अब रायबरेली को २ सांसद मिलने वाले हैं। राहुल को जिताइए, वो तो आपके सांसद होंगे ही। मैं भी यहां के लिए काम करूंगी। मैं आपके साथ रहूंगी।

प्रियंका ने पीएम मोदी के भाषण का भी जिक्र किया। कहा-आज नरेंद्र मोदी ने कहा- राहुल अणानी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई ये है- राहुल हर दिन अडाणी की बात करते हैं, वे रोज अडाणी की सच्चाई आपके सामने रखते हैं, उसका खुलासा करते हैं। राहुल आपको रोज बताते हैं कि नरेंद्र मोदी की बड़े-बड़े उद्योगपतियों के साथ सांठ-गांठ है। आप लोग जागरूक हैं। इंदिरा जी के समय में आप लोगों को कुछ काम अच्छा नहीं लगा, आपने उन्हें हराया। क्योंकि आप जागरूक हैं। आपने सोचा कि इंदिरा जी की नीति गलत है। आपने उन्हें चुनाव हरा दिया। वह बुरा नहीं मानीं, उन्होंने अपनी गलती सुधारी और फिर से यहां से चुनाव लड़ीं। आपने उन्हें फिर से जिता दिया।

**नरेंद्र मोदी की सरकार खरबपति चला रहे**

मोदी सरकार देश के बड़े-बड़े खरबपतियों को देश की सारी संपत्ति सौंप रही है। टीवी पर जो दिखाया जा रहा है, वो देश की सच्चाई नहीं है। असलियत ये है कि नरेंद्र मोदी खरबपतियों की सरकार चला रहे हैं और देश की गरीब जनता को उन्होंने नकार दिया है। आज नरेंद्र मोदी ने कहा कि राहुल गांधी अडाणी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई ये है कि राहुल हर दिन अडाणी की बात करते हैं, वे रोज अडाणी की सच्चाई आपके सामने रखते हैं, उसका खुलासा करते हैं। राहुल आपको रोज बताते हैं कि नरेंद्र मोदी की बड़े-बड़े उद्योगपतियों के साथ सांठ-गांठ है। नरेंद्र मोदी ने अपने मित्रों के १६ लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए, लेकिन किसानों का एक रुपए माफ नहीं किया।

**राहुल के खिलाफ पूरी मशीनरी**

प्रियंका ने कहा कि राहुल ने हमारे देश की आजादी के उसूलों को याद दिलाने वाली यात्रा की। हमारे देश में बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है। आज घर में कोई त्योहार हो या कोई भी काम हो, जब खर्चा करना पड़ता है, तब हमें समझ में आता है कि कितनी महंगाई बढ़ गई है। मोदी के राज में महंगाई बढ़ी है। आपको मालूम होगा कि राहुल ने कितना संघर्ष किया, लेकिन उनके खिलाफ भाजपा ने पूरी मशीनरी उतार दी। उनके खिलाफ तरह-तरह की बातें की गई। राहुल जहां अन्याय होता देखते हैं, वह डटकर खड़े होते हैं। उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर देशभर में ४ हजार किमी. की यात्रा की। मणिपुर से लेकर मुंबई तक राहुल ने यात्रा की। ये यात्राएं आपकी समस्याओं को समझने वाली थी। ये यात्रा यह बताने वाली थी कि देश की राजनीति की दिशा गलत है, इसे बदलना है।

## सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत

**सरायकेला-खरसावां (ससे):** सरायकेला-खरसावां अंतर्गत राजनगर थाना क्षेत्र के हाता-चाईबासा एनएच-२२० मार्ग में लेकराकोचा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी । दरअसल बुधवार शाम के ४:३० बजे चाईबासा की ओर से ड्यूटी से लौट रहे स्कूटी (संख्या गक०५ उप ७२९१) को विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर (संख्या गक०२ इछ ८४४९) ने कुचल दिया, वहीं स्कूटी में सवार युवक ट्रेलर की दूसरी ओर घायल पड़ा रहा,और स्कूटी ट्रेलर के नीचे दबा फसा रह गया।

इस दौरान स्थानीय लोगों की मदद से १०८ एम्बुलेंस घटनास्थल पहुँची और युवक को राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया गया,जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।वहीं मौके पर पहुँची पुलिस को घटनास्थल से युवक का आधार कार्ड और स्कूटी के कागजात मिला । ट्रेलर को जब्त करते हुए थाना ले आई।और छानबीन से युवक की पहचान सुभेन्दु तिवारी के रूप में हुई,जो पूर्वी सिंहभूम जिले के कमलपुर थाना अंतर्गत कासमार का रहने वाला है।वहीं शव को राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया है।और उनके परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

## एक शाम मतदाताओं के नाम कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा (ससे):** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार की देर शाम एक शाम मतदाताओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा सदर प्रखण्ड कार्यालय के समीप किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारीगण शामिल थे । कार्यक्रम में अलग-अलग प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई । सुर्यासुरायम के द्वारा लक्ष्य को हर हाल में पाना है गीत गाया गया । ऑफिसियल डांस एकेडमी द्वारा शशि टोप्पो के नेतृत्व में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कौस्तुव पाण्डेय द्वारा गजल गायन की प्रस्तुति दी गई। जीत ग्रुप द्वारा सामूहिक नृत्य पेश किया गया । वैष्णवी सोनी द्वारा एकल गीत की प्रस्तुति दी गई। इसी क्रम में डिवाईन स्पार्क द्वारा मतदान करो विषय पर नाटक मंचन, लोकनाथ कला जत्था दुंदरू पेशरार की ओर से मतदाता जागरूकता पर प्रस्तुति दी गई। मोहर चक्रवर्ती द्वारा एक गायन और पापिया चक्रवर्ती द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी गई ।

# राममंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे : अमित शाह

**लखीमपुर खीरी (ईएमएस):** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में २४ घंटे बिजली रहती थी।

बुधवार को लखीमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं। यह कह रहे हैं कि मोदी को ४०० सीटें दोगे तो आरक्षण चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अंदर कांग्रेस को बहुमत मिला। वहां पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दे दिया। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। गृहमंत्री ने संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करने की बात कही। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोडयूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे। अरे राहुल बाबा... आपकी नानी भी ऊपर से आ जाएं तो सीएए नहीं हटेगा। विपक्षी गठबंधन पर कहा कि इनके पास तो प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी ही नहीं है। इनके पास न नेता है, न नियत है और न नीति है। सिर्फ परिवारवाद है।

उन्होंने कहा कि तीसरे चरण का चुनाव हो गया है। मोदी १९० सीटें पार कर गए हैं। चौथे चरण में और मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। तीन करोड़ गरीब बहनों को लखपति बनाने का चुनाव है। चार लाख गरीबों को घर देना का चुनाव है। लोगों को समृद्धि बनाने का चुनाव है। शाह ने छोटी काशी, संकटा देवी मंदिर, देवकली मंदिर समेत अन्य मंदिरों को नमन किया।

# आज तक मुस्लिम क्यों नहीं बने डिप्टी सीएम : प्रशांत किशोर

**पटना (एजेंसी):** बिहार में जन सुराज पदयात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने बुधवार को कहा कि मुसलमान ३२ साल से लालटेन को वोट दे रहे हैं, समय आ गया है जब मुसलमानों को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से पूछना चाहिए कि मुसलमान को आजतक उप-मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया या कोई बड़ा मंत्रालय क्यों नहीं दिया.

'जब तक आप समाज में सुधार नहीं लाएंगे, तब तक आपके बच्चे मजदूरी ही करेंगे'

प्रशांत किशोर ने मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब तक आप समाज में सुधार नहीं लाएंगे, आपके बच्चे गुजरात और तमिलनाडु में जाकर मजदूरी ही करेंगे, फिर यहां के लोगों का भला कैसे होगा.

उन्होंने कहा कि मैं बिहार में १८ महीने से पैदल चल रहा हूं, ५ हजार से ज्यादा गांव में जाने के बाद मैं रोज मंच से कहता हूं कि दलितों के बाद सबसे ज्यादा गरीब, बदहाल, फटेहाल अगर बिहार में कोई है तो वह मुसलमान है. लेकिन, ३२ साल से मुसलमानों ने राजद का साथ नहीं छोड़ा है.

आप स्वास्थ्य मंत्री थे फिर बच्चों के लिए अस्पताल और दवा क्यों नहीं है?

प्रशांत किशोर ने कहा कि इसके बावजूद ३०-३२ सालों में मुसलमानों ने राजद से कभी नहीं पूछा कि आपके नेता सड़क और ग्रामीण कार्य मंत्री रहे फिर हमारे गांव में सड़क, नाली और गली क्यों नहीं बनी? आप स्वास्थ्य मंत्री थे फिर बच्चों के लिए अस्पताल और दवा क्यों नहीं है? आप शिक्षा मंत्री थे फिर हमारे बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था क्यों नहीं है? मुसलमान इन सारी परेशानियों के बावजूद लालटेन को वोट देता है.


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

ई–मेल :– landacquisition.bokaro@gmail.com

### प्रपत्र XIV
### (अधिनियम की धारा –22(1) के तहत् नोटिस)

परियोजना का नाम :– **बरलंगा से कसमार भाया नेगरा पथ का चौड़ीकारण एवं मजबूतीकरण**
भू–अर्जन वाद संख्या :– **01/2023–24**

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि कमोबेश **6.8690** एकड़ भूमि जो ग्राम ....**खुदीबेड़ा**... थाना ....**कसमार**.... थाना सं0 .....**137**... अंचल .... **कसमार**... जिला ..... **बोकारो**... में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है उसे **बरलंगा से कसमार भाया नेगरा पथ का चौड़ीकारण एवं मजबूतीकरण** पथ निर्माण प्रयोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30/2013 के अधिन अधिसूचना संख्या– **264/पू0प0** दिनांक– **11.03.2024** के तहत अधिसूचित किया जाना है। इस भूमि में इच्छुक/ हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वंय अथवा प्रतिनिधि/ अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक– **13/05/2024** तक **जिला भू–अर्जन कार्यालय, बोकारो** समय पूर्वाहन **11:00** बजे उपस्थित होकर अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए उस भूमि या उसके किसी भाग में सह स्वत्वधारी, उप स्वत्वधारी, बंधकार, किरायेदार के रूप में या अन्यथा कोई हित रखने वाले आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करेंगे।

भू–धारी / रैयत का नाम :–
भूमि एवं सीमा का विवरण :–

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | 13 | 516 | नीजी | आवासीय | 0.0090 | 1. शंकर महतो पिता स्व0 सहदेव महतो 2. निमाई महतो पिता स्व0 सहदेव महतो 3. मकुन महतो पिता स्व0 सहदेव महतो | 517 | 515 | सीमाना | रास्ता |
| 69 | 17 | 517 | नीजी | आवासीय | 0.0170 | 1.बासुदेव महतो वगैरह पिता स्व0 जेठू राम महतो, 2. नकुल महतो पिता स्व0 सोनाराम महतो | 518 | 516 | सीमाना | रास्ता |
| 70 | 19 | 518/1 | नीजी | आवासीय | 0.003667 | अजित कुमार महतो वगैरह पिता स्व0 जितु महतो | 519 | 517 | सीमाना | रास्ता |
| 71 | 19 | 518/2 | नीजी | आवासीय | 0.003667 | झालो देवी पति स्व0 खाड़ीराम महतो | 519 | 517 | सीमाना | रास्ता |
| 72 | 19 | 518/3 | नीजी | आवासीय | 0.003666 | शम्भु महतो पिता स्व0 तिजन महतो | 519 | 517 | सीमाना | रास्ता |
| 73 | 12 | 519 | नीजी | आवासीय | 0.0080 | झालो देवी पति स्व0 खाड़ीराम महतो वो शंभु नाथ महतो पिता स्व0 तिजन महतो वो खगेन्द्रनाथ महतो वगैरह पिता स्व0 रामकृष्ण महतो | 520 | 518 | 521 | रास्ता |
| 74 | 11 | 520/1 | नीजी | आवासीय | 0.0300 | कमलेश्वर महतो पिता स्व0 चिंतू महतो, | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 75 | 11 | 520/2 | नीजी | आवासीय | 0.0030 | गणेश महतो पिता स्व0 कुईला महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 76 | 11 | 520/3 | नीजी | आवासीय | 0.0045 | बुधन महतो पिता स्व0 किर्तिनाथ महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 77 | 11 | 520/4 | नीजी | आवासीय | 0.0045 | चन्द्रकान्त महतो पिता स्व0 किर्तिनाथ महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 78 | 11 | 520/5 | नीजी | आवासीय | 0.0090 | दिगम्बर महतो पिता स्व0 प्रभु महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 79 | 11 | 520/6 | नीजी | आवासीय | 0.0060 | जगदम्ब महतो वगैरह पिता स्व0 शिवनाथ महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 80 | 11 | 522 | नीजी | कृषि | 0.0150 | 1. कमलेश्वर महतो पिता स्व0 चिंतू महतो, 2. गणेश महतो पिता स्व0 कोईला महतो, 3.विरसाई महतो पिता स्व0 गोखूल महतो, 4. जगदेव महतो पिता स्व0 मिनानाथ महतो, 5. दिगम्बर महतो पिता स्व0 प्रभु महतो, 6. बुधन राम महतो पिता किर्ती नाथ महतो, 7. चंदकान्त महतो पिता स्व0 किर्तीनाथ महतो , 8. मलई गोस्वामी पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी, 9. विनय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास | 600 | 521 | सीमाना | रास्ता |
| 81 | 18 | 524 | नीजी | आवासीय | 0.0420 | उत्तम कुमार गंझु वो प्रेम कुमार गंझु वो रूपम कुमार भोक्ता पिता स्व0 बिरेन्द्र नाथ गंझु | 525 | 492 | रास्ता | 487 |
| 82 | 23 | 525 | नीजी | आवासीय | 0.03200 | लालजी गंझु वगैरह पिता स्व0 प्रभु गंजु वो फुलमनी देवी पति स्व0 मधूर गंझु एवं अन्य | 526 | 524 | रास्ता | 484 |
| 83 | 40 | 526 | नीजी | आवासीय | 0.01300 | रिदय करमाली पिता स्व0 भोनु करमाली वो जोलो देवी पति स्व0 कार्तिक करमाली | 527 | 525 | रास्ता | 483 |
| 84 | 11 | 527 | नीजी | आवासीय | 0.01500 | 1.रमेश्वर महतो वो चोता महतो पिता स्व0 जगतू महतो | 528 | 526 | रास्ता | 483 |
| 85 | 13 | 528 | नीजी | आवासीय | 0.00700 | बलराम महतो वगैरह पिता स्व0 सुकु महतो वो शंकर महतो वगैरह पिता स्व0 सहदेव महतो | 529 | 527 | रास्ता | 481 |
| 86 | 17 | 529 | नीजी | आवासीय | 0.01300 | 1.बासुदेव महतो वगैरह पिता स्व0 जेठू राम महतो 2. नकुल महतो पिता स्व0 सोनाराम महतो | 530 | 528 | रास्ता | 480 |
| 87 | 6 | 530 | नीजी | आवासीय | 0.02400 | गुजर कमार पिता स्व0 सोहन कमार | 531 | 529 | रास्ता | 480 |
| 88 | 11 | 531 | नीजी | आवासीय | 0.01400 | 1.नकुल कमार पिता स्व0 मोहन कमार 2. शान्ति देवी पति नकुल कमार | 532 | 530 | रास्ता | 606 |
| 89 | 35 | 532 | नीजी | आवासीय | 0.02800 | 1.भोलानाथ महतो वगैरह पिता स्व0 जगूराम महतो 2. छुटु राम महतो वगैरह पिता स्व0 चामू महतो 3.राजेन्द्र महतो पिता सयू महतो | 533 | 531 | रास्ता | 536 |
| 90 | 1 | 533 | नीजी | आवासीय | 0.03400 | मलई गोस्वामी पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी | नीज | 532 | रास्ता | 536 |
| 91 | 46 | 537 | नीजी | आवासीय | 0.00400 | 1. विनय कुमार गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 539 | 533 | 538 | 533 |
| 92 | 46 | 538 | नीजी | आवासीय | 0.00500 | 1. विनय कुमार गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 539 | 537 | रास्ता | 533 |
| 93 | 1 | 539 | नीजी | आवासीय | 0.00100 | 1. विनय कुमार गोस्वामी वो विजय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी 2. राकेश गोस्वामी पिता स्व0 अजय गोस्वामी 3.विपिन कुमार गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 540 | 538 | रास्ता | नीज |
| 94 | 1 | 540 | नीजी | आवासीय | 0.00700 | चन्दन कुमार गोस्वामी वगैरह पिता स्व0 अतुल चंद्र गोस्वामी वो विजय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 543 | 533 | रास्ता | नीज |
| 95 | 17 | 543 | नीजी | आवासीय | 0.01700 | 1.बासुदेव महतो वगैरह पिता स्व0 जेठू राम महतो 2. नकुल महतो पिता स्व0 सोनाराम महतो 1. चंदन कुमार गोस्वामी पिता स्व0 अतूल गोस्वामी | 545 | 540 | रास्ता | 544 |
| 96 | 31 | 544 | नीजी | आवासीय | 0.01100 | अमित कुमार राय पिता अनाथबंधू राय 2. गौतम कुमार राय पिता स्व0 कालीपदा राय | 546 | 543 | रास्ता | 540 |
| 97 | 31 | 545 | नीजी | आवासीय | 0.01900 | अमित कुमार राय पिता अनाथबंधू राय 2. गौतम कुमार राय पिता स्व0 कालीपदा राय | 544 | 543 | रास्ता | 548 |
| 98 | 12 | 546 | नीजी | आवासीय | 0.00500 | भगवान दास गंझु वगैरह पिता स्व0 मोहन गंझु वो नरेश गंझु पिता स्व0 हाड़ीराम गंझु वो भोला गंझु पिता स्व0 छुटु गंझु वो लालु गंझु पिता स्व0 हाड़ीराम गंझु वो लाल मोहन गोस्वामी वो अश्वनी कुमार गोस्वामी पिता बेधाराम गोस्वामी | रास्ता | 544 | रास्ता | 548 |
| 99 | 12 | 547 | नीजी | आवासीय | 0.0030 | विधूत गोस्वामी पिता स्व0 राम कृष्ण गोस्वामी | रास्ता | 546 | रास्ता | 546 |
| 100 | 1 | 562 | नीजी | कृषि | 0.3140 | 1.परीतोष गोस्वामी पिता स्व0 तिनकोडी गोस्वामी | 414 | 564 | 563 | तालाब |
| 101 | 1 | 564 | नीजी | कृषि | 0.7470 | 1.मलई गोस्वामी पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी 2. विजय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी 3. विधुत गोस्वामी पिता स्व0 रामकृष्ण गोस्वामी 4. रामजीवन चक्रवर्ती पिता बनमाली चक्रवर्ती | नीज | 613 | 567 | 560 |
| 102 | 1 | 567 | नीजी | कृषि | 0.1770 | 1.मलई गोस्वामी पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी 2. विजय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी 3. विधुत गोस्वामी पिता स्व0 रामकृष्ण गोस्वामी 4. सुधाकर चक्रवर्ती पिता रामशंकर चक्रवर्ती 1. रामजीवन चक्रवर्ती पिता वनमाली चक्रवर्ती | 566 | नीज | 568 | 564 |
| 103 | 35 | 581/1 | नीजी | कृषि | 0.031334 | छुटुराम महतो वगैरह पिता स्व0 चामू महतो | 567 | 582 | 579 | 583 |
| 104 | 35 | 581/2 | नीजी | कृषि | 0.031333 | राजेन्द्र महतो पिता शबु महतो | 567 | 582 | 579 | 583 |
| 105 | 35 | 581/3 | नीजी | कृषि | 0.031333 | भोलानाथ महतो वगैरह पिता स्व0 जगु महतो | 567 | 582 | 579 | 583 |
| 106 | 20 | 582/1 | नीजी | आवासीय | 0.01966 | छुटुराम महतो वगैरह पिता स्व0 चामू महतो | 581 | रास्ता | 581 | 584 |
| 107 | 20 | 582/2 | नीजी | आवासीय | 0.01967 | राजेन्द्र महतो पिता शबु महतो | 581 | रास्ता | 581 | 584 |
| 108 | 20 | 582/3 | नीजी | आवासीय | 0.01967 | भोलानाथ महतो वगैरह पिता स्व0 जगु महतो | 581 | रास्ता | 581 | 584 |
| 109 | 10 | 583/1 | नीजी | आवासीय | 0.18700 | मिखुराम महतो पिता स्व0 सोमर महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 110 | 10 | 583/2 | नीजी | आवासीय | 0.04775 | पंचानन्द महतो पिता स्व0 बीरू महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 111 | 10 | 583/3 | नीजी | आवासीय | 0.06375 | प्रयाग महतो पिताता स्व0 बीरू महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 112 | 10 | 583/4 | नीजी | आवासीय | 0.06375 | रबीदास महतो पिता स्व0 बीरू महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 113 | 10 | 583/5 | नीजी | आवासीय | 0.06375 | शनि महतो पिता स्व0 बीरू महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 114 | 10 | 584 | नीजी | आवासीय | 0.0160 | पंचानंन महतो पिता बिरू महतो | 583 | रास्ता | 582 | रास्ता |
| 115 | 33 | 585 | नीजी | आवासीय | 0.3170 | 1. अधिर कुमार चक्रवर्ती पिता केनाराम चक्रवर्ती, 2. रामजीवन चक्रवर्ती पिता बनवाली चक्रवर्ती, 3. सुधाकर चक्रवर्ती पिता स्व0 रामशंकर चक्रवर्ती | 613 | रास्ता | 583 | 587 |
| 116 | 3 | 590 | नीजी | आवासीय | 0.0190 | 1.चंदन कुमार गोस्वामी पिता स्व0 अतूल गोस्वामी 2.अरविन्द गोस्वामी वगैरह पिता अस्विनी गोस्वामी 3.आलोक गोस्वामी वगैरह पिता सरबिन्दु गोस्वामी 4. विश्वजीत गोस्वामी वगैरह पिता शिवराय गोस्वामी | 591 | 598 | 593 | रास्ता |
| 117 | 3 | 591 | नीजी | आवासीय | 0.0030 | 1.चंदन कुमार गोस्वामी पिता स्व0 अतूल गोस्वामी 2.अरविन्द गोस्वामी वगैरह पिता अस्विनी गोस्वामी 3.आलोक गोस्वामी वगैरह पिता सरबिन्दु गोस्वामी 4. विश्वजीत गोस्वामी वगैरह पिता शिवराय गोस्वामी | रास्ता | 590 | 592 | रास्ता |
| 118 | 1 | 588 | नीजी | कृषि | 0.0050 | कल्याणी देवी, मलय गोस्वामी वगैरह पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी वो अभिजित गोस्वामी वगैरह पिता स्व0 शिवराम गोस्वामी वो विजय गोस्वामी वगैरह पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 613 | 587 | 564 | 536 |
| | | | कुल रकवा | | 6.8690 | | | | | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बोकारो

PR 324560 Land Reforms(24-25)#D


# राहुल गांधी के बारे में भाजपा की पूरी मशीनरी ने झूठ फैलाया : प्रियंका गांधी

**रायबरेली (ईएमएस):** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर बुधवार को आरोप लगाया कि उसकी पूरी मशीनरी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बारे में झूठ फैलाती रही। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा की हर योजना सिर्फ खरबपतियों के लिये है और यही वजह है कि उसके नेता अपने चुनावी भाषणों में सिर्फ धर्म, जाति और मंदिरकुमस्जिद की ही बात करते हैं। प्रियंका ने रायबरेली के थुलवासा में रायबरेली लोकसभा सीट से प्रत्याशी अपने भाई राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित न्याय संकल्प सभा को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा कि, ''आपको मालूम होगा कि राहुल जी ने कितना संघर्ष किया है। वह हमारे देश में एक ऐसे इंसान हैं जिनके बारे में भाजपा की पूरी मशीनरी ने हर तरीके से गलत बातें और झूठ फैलाया। कैसे-कैसे आक्रमण किये। उनको संसद से निकाल दिया गया, उनको घर से निकाल दिया गया लेकिन राहुल पीछे नहीं हटे। यह उनका चरित्र है कि जब वह अन्याय होते हुए देखते हैं तो वह न्याय की लड़ाई लड़ते हैं और उससे कदम पीछे नहीं खींचते।'' उन्होंने कहा कि ''इसीलिए राहुल कन्याकुमारी से कश्मीर तक चार हजार किलोमीटर पैदल चले और फिर उसके बाद मणिपुर से लेकर मुंबई तक उन्होंने यात्रा की। यह आपकी समस्याओं को समझने वाली यात्राएं थीं। यह देश को बताने वाली यात्राएं थीं कि देश में राजनीति की जो दिशा है वह गलत हो रही है तथा हमें उसे ठीक करना है।''

प्रियंका ने बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए कहा, ''भाजपा की सरकार में केन्द्र में ३० लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा बेरोजगारी को दूर करने की योजनाएं नहीं लाती बल्कि आपकी उम्मीदों को तोड़ने वाली योजनाएं लाती है। भाजपा की जितनी भी योजनाएं हैं, सब बड़े-बड़े खरबपतियों के लिए हैं। आप यह समझ लीजिए कि बड़े-बड़े खरबपतियों के १६ लाख करोड़ रुपए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माफ किए हैं। यह किसके पैसे हैं? यह मोदी जी के पैसे तो हैं नहीं। वह देश के पैसे हैं।'' उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के बारे में भाजपा के नेता बात ही नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा ''भाजपा के नेता यहां आएंगे और भाषण में धर्म की बात करेंगे, जाति की बात करेंगे, मंदिर-मस्जिद की बात करेंगे, मगर आपकी समस्याओं पर बात नहीं करेंगे।''

प्रियंका ने कहा कि आज देश में सबसे बड़ी दो समस्याएं महंगाई और बेरोजगारी की हैं। उन्होंने कहा कि जब खर्च करना पड़ता है तो घबराहट होती है क्योंकि आज नरेन्द्र मोदी के राज में महंगाई इतनी बढ़ चुकी है कि आम जनता अपना गुजारा नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा ''इसके लिए आपकी मदद करने की बजाय मोदी जी की सरकार ने आपको पांच किलो राशन का बोरा पकड़ा दिया। उनकी सोच यह है कि वही आपके लिए काफी होना चाहिए, लेकिन वह काफी हो नहीं रहा है।

# म्यूजियम में लगी भीषण आग

**पटना (एजेंसी):** बिहार की राजधानी पटना से एक बार फिर से अग्निकांड की बड़ी खबर आ रही है. यहां पुराने म्यूजियम में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है. जानकारी के मुताबिक, म्यूजियम में भीषण आग लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल है. मौके पर फायर ब्रिग्रेड की कई गाड़ियां पहुंच चुकी हैं और आग को बुझाने में जुटे हुए हैं. आग और धुएं की लपटें लगातार उठ रही हैं. आग की लपटें इतनी ज्यादा उठ रही हैं कि एक फायर कर्मी के घायल होने की भी सूचना है.


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,धनबाद

(गुमशुदा का सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खरखरी ओ0पी0 का सनहा सं0–12/24, दि0–13.04.2024 में गुमशुदा महिला रेशमी कुमारी, उम्र–24 वर्ष, पिता–श्रीकान्त महतो, सा0–विराजपुर बसती, पोस्ट–खरखरी, थाना–खरखरी ओ0पी0, जिला–धनबाद जो दिनांक–06.04.2024 से लापता है। हुलिया–रंग–सांवला, ऊँचाई–05फीट 03इंच, पहनाया–हरा रंग शलवार सुट पहनी है तथा गुमशुदा का मो0 नं0–7255918411एवं 8271057089 है।

इस संबंध में खरखरी ओ0पी0 का सनहा सं0–12/24, दि0–13.04.2024 अंकित कर खोजबीन की जा रही है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त लापता के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया निम्नांकित नंबर पर सूचित करने की कृपा की जाय।
0326–2220802 (वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, धनबाद)
094317–06404 (अनु0पु0पदा0 बाघमारा, धनबाद)
09263–85006 ( थाना प्रभारी, खरखरी ओ0पी0, धनबाद)

वरीय पुलिस अधीक्षक,
धनबाद

PR 324551 Police(24-25).D


# मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे : चिराग

**पटना (एजेंसी):** राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव के ४ जून को एनडीए सरकार की विदाई वाले बयान पर चिराग पासवान की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं. चिराग पासवान ने कहा कि अगर इसको वह जाना कहते हैं तो वह बिल्कुल जाएंगे और तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जाएंगे. उन्होंने कहा कि जितना ध्यान विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री पर देते हैं, उतना ध्यान अगर अपने प्रत्याशी पर दे देते तो संभवतः उनकी जमानत बच जाती. उन्होंने आगे कहा कि जितना समय ये लोग बेकार की बातों को मुद्दा बनाने में, जितना समय प्रधानमंत्री पर बिताते हैं, अगर उसका १० परसेंट समय भी अपने गठबंधन के राष्ट्रीय नेता, बिहार और बिहारी को देते, तो शायद लोग उन पर थोड़ा विश्वास कर लेते. प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के हर चरण में बिहार आए. अब १२ तारीख को फिर पटना आ रहे हैं.

विपक्ष पर हमला तेज करते हुए उन्होंने कहा कि उनके गठबंधन के राष्ट्रीय नेता कहां हैं? क्या उनके लिए बिहार कोई मायने नहीं रखता. कांग्रेस के कितने बड़े नेता यहां आए हैं? पीएम मोदी देश के प्रधानमंत्री होने के बाद भी इतना समय बिहार और बिहारी को दे रहे हैं. यह उनकी बिहार के प्रति चिंता दिखाती है. हम लोगों के प्रति उनका सम्मान दिखता है, ऐसे में प्रधानमंत्री को देश की जनता बार-बार चुनकर प्रधानमंत्री बनाएगी.

इससे पहले तेजस्वी यादव ने पत्रकारों के बात करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी जानते हैं कि बिहार और देश की जनता तानाशाह सरकार को हटाना चाहती है.


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल धनबाद।
### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, धनबाद।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अन्तिम तिथि एवं समय:– दिनांक–15.05.2024 को 1.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–16.05.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–16.05.2024 को 3.30 बजे अपराहन।
5. निविदा बिक्री का स्थान :– (i) सदर थाना, धनबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (i) सदर थाना, धनबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय।
7. कार्यों की सूची :–

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Strong Room, Counting Hall, Temporary Morcha, Barricading , Dispatch Centre and Other Miscellaneous Work for Lok Sabha Election – 2024 at Krishi Bazar Samiti, Barwadda, Dhanbad. | 39,48,302.00 | 79,000.00 | 5,000.00 | 20 दिन। |

नोट :– 1) विगत तीन वर्षो के अन्दर का निर्माण कार्य का विभाग द्वारा निर्गत बज्रगृह एवं मतगणना कक्ष से संबंधित अनुभव/ भुगतान प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करने पर ही निविदा विपत्र क्रय किया जा सकता है। अनुभव प्रमाण–पत्र देने वाले सम्बंदक को ही प्राथमिकता दी जायेगी, कार्य लोकसभा चुनाव से संबंधित है।
2) निविदा की शर्तें :– www.iprdjharkhand.in/iprd123@gmail.com/iprd@sify.com/ jharkhandiprd@yahoo.com एवं सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, धनबाद।

PR 324566 Building(24-25)D


# पीएम ने दिया है मुसलमानों को आरक्षण : मुकेश सहनी

**पटना (एजेंसी):** लोकसभा के तीसरे चरण की वोटिंग से पहले राजद अध्यक्ष लालू यादव ने मुस्लिम आरक्षण की वकालत करके नई बहस को जन्म दे दिया है. हालांकि मतदान समाप्त होते-होते वह अपने बयान से पलट भी गए, लेकिन तबतक ये बात जंगल में लगी आग की तरह फैल चुकी थी. बीजेपी ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है और विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. वहीं इंडी गठबंधन की ओर से भी सियासी डैमेज कंट्रोल की पूरी कोशिश की जा रही है. लालू यादव के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने हालात को संभालने की कोशिश की. उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक एक्स पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखा और लालू यादव की बात का मतलब समझाया.

# देश को बचाने के लिए जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना होगा: सुबोधकांत सहाय

**रांची (ससे):** बुधवार को रांची जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक रांची लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारी हेतु कांग्रेस भवन, रांची में जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। इस बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से जिला पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि देश की राजनीतिक स्थिति भयावह है । यह सिर्फ एक आम चुनाव नहीं बल्कि देश के संविधान बचाने का चुनाव है, देश की सामाजिक समरसता को बचाए रखने का चुनाव है। इसीलिए सभी नेताओं को गाँव-गाँव जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय एवं पच्चीस गारंटी से संबंधित कार्ड को प्रत्येक घर तक पहुंचाना होगा।

बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिये। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि रांची लोकसभा में इंडिया गठबंधन की जीत हर हाल में सुनिश्चित करनी है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने अपने विचार रखते हुए सभी पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के स्थापित नेता हैं।

आप इस चुनावी युद्ध में जोर-शोर से लग जाईए ।देश को बचाने के लिए कांग्रेस के एक-एक नेता को पंचायत एवं बूथ स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना होगा।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब चुनाव में समय बहुत कम है। हम सबको पूरी ताकत झोंक देनी है ताकि लोकसभा की जीत सुनिश्चित हो।

कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता डॉ. इलियास मजीद ने किया।बैठक में दीपा उरांव,जसीम अंसारी, राजेंद्र सिंह मुंडा, सुधा देवी, अर्चना मिश्रा, नागेश्वर महतो, महताब आलम ,गौरीशंकर महतो, मदन मोहन मिश्रा,मीनू सिंह, चंदन बैठा ,रश्मि पिंगुआ, सुनील उरांव ,रमेश पांडे ,जफर इमाम, रीता चौधरी ,माधो कच्छप, रफीक खान, रामदेव सिंह, जफर इमाम,जगदीश चंद्र महतो, मिथलेश तिवारी, बिनोद साहू, मिथलेश मुण्डा आदि नेताओं ने भी अपने विचार रखे।बैठक में शिवनारायण महतो, अब्दुस सलाम, लालचंद सोनी, एनुल हक, विनिता देवी,दशरथ महतो, फिरोज आलम, देव कुमार महतो, भीम सिंह, हुसैन अंसारी, मनोज लकड़ा, गुलजार अहमद, अशफाक आलम सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे ।

# चेकिंग के क्रम में हटिया रेलवे स्टेशन पर 32 किलोग्राम गांजा बरामद, छह पकड़ाए

**रांची (ससे):** चेकिंग के क्रम में हटिया रेलवे स्टेशन पर ३२ किलोग्राम (मारिजुआना) गांजा बरामद किया गया है । दरअसल आरपीएफ पोस्ट हटिया के अधिकारी और कर्मचारी, फ्लाइंग टीम रांची और जीआरपी हटिया के साथ प्लेटफॉर्म ०३ पर हटिया रेलवे स्टेशन पर चेकिंग में लगे हुए थे। चेकिंग के दौरान देखा कि छह लोग ०४ ट्रॉली बैग और ०१ बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध तरीके से बैठे थे। संदेह के आधार पर उन्हें हटिया स्टेशन पर हिरासत में लिया गया. पूछने पर उन्होंने अपना नाम और पता (१) दुलार चंद्र राम, उम्र- ४० वर्ष, निवासी- जीना, थाना- नासरीगंज, जिला- रोहतास, बिहार (२) बब्लू कुमार यादव , उम्र- २३ वर्ष, निवासी- हथमारा, थाना- मांडू, जिला-रामगढ़ (३) निखिल कुमार यादव, उम्र- १९ वर्ष, निवासी- हथमारा , थाना- मांडू, जिला-रामगढ़ (४) हेमंत मिश्रा, उम्र- १८ वर्ष निवासी-बराइच नगर, थाना-मांडू, जिला-रामगढ़ (५) बिनीत कुमार, उम्र-२१, निवासी-सांडी, थाना-मांडू, जिला-रामगढ़ (६) इकबाल खान, उम्र- ५३ वर्ष, निवासी- प्रयाग विहार, हरि नगर मायापुरी, थाना- राजौरी गार्डन, जिला- पश्चिमी दिल्ली बताया और यह खुलासा किया कि भूरे प्लास्टिक में लिपटा हुआ मारिजुआना (गांजा) था उनके बैग मेंश्र तत्काल मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त/आरपीएफ/रांची को दी गयी। सूचना मिलने पर मौके पर उपस्थित हुए और आदेश के अनुसार उनकी व्यक्तिगत तलाशी ली गई और सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद मौके पर उनके बैग की जांच की गई। जिसके दौरान मिले ३२ पैकेटों का डीडी किट से परीक्षण किया गया जो पॉजिटिव पाया गया। इसके अलावा, मारिजुआना के ३२ पैकेटों का वजन ३२.०० किग्रा, अनुमानित मूल्य १६,००,००० (सोलह लाख रुपये) पाया गया जिसके बारे मे वो लोग कोई कानूनी अधिकार प्रस्तुत करने में विफल रहे। चूंकि अवैध गांजा को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाना और लाभ के लिए अवैध रूप से इसकी बिक्री/तस्करी करना एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक संज्ञान अपराध है तो बरामद सामग्री को जब्त कर लिया गया। पूछे जाने पर उन लोगों ने बताया कि वे ०४ मई को राउरकेला पहुंचे और इकबाल खान नमक शख्स ने उन्हें ये गांजा उपलब्ध कराया। इस खेप को राउरकेला से ले जाया गया और अपने निजी लाभ के लिए ऊंची कीमत पर कानपुर में बेचा जाना थाश्र सभी कानूनी औपचारिकताएं लागू करने के बाद हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों को जब्त सामग्री और अन्य वस्तुओं के साथ जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया।

# बारिश से गिरा पारा, हल्की बारिश का यह सिलसिला 14 तक चलता रहेगा

**रांची (ससे):** राज्य में हल्की बारिश ने गर्मी की कमर तोड़ कर रख दी है। एक दो जिलों को छोड़कर सभी जगह अधिकतम तापमान ३४ से ३५ डिग्री के आसपास पहुंच गया है। यह सामान्य से तकरीबन ३ डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान में भी भारी गिरावट देखी जा रही है। यह तो सामान्य से चार पाँच डिग्री सेल्सियस तक काम हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों के मुताबिक हल्की बारिश का यह सिलसिला १४ मई तक चलता रहेगा । इस दौरान तेज हवाओं के चलने और वज्रपात की भी आशंका है जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है । रांची में भी कमोबेश यही हालत रहेंगे । राज्य में पिछले २४ घंटे के दौरान कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है । साथ इस दौरान तेज हवाएं भी देखने को मिली । साहिबगंज के राजमहल में ५२ मिलीमीटर वर्षा हुई । कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई ।

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

सरायकेला-खरसावां| लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव मे वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सरायकेला-खरसावां जिले में विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में बुधवार को सरायकेला प्रखंड के ईटाकुदर पंचायत व खरसावां प्रखंड के जोजोडीह पंचायत के विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। सभी मतदाताओं को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही १९५० वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से फॉर्म ६ अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही गयी। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्यारह मई को चतरा के सिमरिया में सभा

**रांची (ससे):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्यारह मई को एकबार फिर झारखण्ड की धरती पर आ रहे हैं। पीएम मोदी ग्यारह मई को चतरा के सिमरिया समेत अन्य कुछ स्थानों पर जन सभाओं को संबोधित करेंगे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी उनके सबसे बड़े स्टार प्रचारक हैं और वे जहाँ भी आते हैं,वहाँ लोगों का भाजपा के प्रति आकर्षण बढ़ जाता है ।श्री सिन्हा ने आगे कहा कि उनके कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर भी खूब मेहनत कर रहे हैं, और विगत दस वर्षों की उपलब्धियों के बल पर उन्हें इसबार झारखण्ड की सभी चौदह सीटें मिलेगी।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान-महादान शिविर का आयोजन

**रांची (ससे):** लहू बोलेगा, रांची द्वारा सदर अस्पताल ब्लड बैंक,रांची में विश्व थैलेसीमिया दिवस पर थैलेसीमिया बच्चों के आकस्मिक जरूरतों के मद्देनजर रक्तदान-महादान शिविर का आयोजन हुआ। खास बात यह रही की रक्तदान करने वालों में एक पिता ने (मो शमीम,पूर्व महासचिव, न्यू डेली मार्केट इलेक्ट्रॉनिक मंडी यूनियन,रांची) आपने पुत्र २० वर्षीय इंजीनियरिंग छात्र मो शादाब शमीम को प्रेरित कर पहली बार रक्तदान कराया। नियमित रक्तदाता मो शहज़ाद बब्लू (अंजुमन इस्लामिया रांची), मो साज़िद उमर(हज़रत रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी,डोरंडा) ने भी यह महादान किया। कार्यक्रम में लहू बोलेगा के नदीम खान,मो ओसामा, सैफ़ नईम हैदरी,मो शमीम,ज़ुबैर खान, मेराज अंसारी मौजूद थे।

# राजनीतिक दलों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की दी गयी जानकारी

**रांची (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर बुधवार को को विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या २०७ में आयोजित बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिबेक कुमार सुमन, वरीय पदाधिकारी मतपत्र एवं इटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव २०२४ में आवश्यक सेवा के चिन्हित विभागों के अनुपस्थित मतदाताओं के पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के बारे में जानकारी दी गयी। कोषांग के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए आवश्यक सेवा के चिन्हित विभागों के मतदान कार्य में लगे अनुपस्थित मतदाताओं की वोटिंग ०६ मई २०२४ ये करायी जा रही है। वर्तमान में ४ लोकसभा क्षेत्र १०-सिंहभूम, ११-खुंटी, १२-लोहरदगा एवं १३-पलामू के लिए प्रपत्र-१२ एवं प्रपत्र-१२ 'घ' भेजा गया है। सिंहभूम के लिए २५६, खुंटी के लिए १८१४, लोहरदगा के लिए २८८३ और पलामू के लिए ८५० प्रपत्र-१२ एवं प्रपत्र-१२ 'घ' भेजा गया है।गौरतलब है कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से सुविधा केन्द्र हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी, राँची में चालक, उपचालक, सफाईकर्मी आदि की वोटिंग करायी जा रही है।सुविधा केन्द्र राजकीय +२ उच्च विद्यालय, कंकि, राँची में मतदान दल कर्मी, मतदान में अनुपस्थित रहने वाले कर्मी, पदाधिकारी एवं अन्य की वोटिंग करायी जा रही है। सुविधा केंद्र पुलिस लाईन, राँची में पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, जो ड्यूटी में रहेंगे एवं मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनका मतदान कराया जा रहा है।मतदान सुविधा केन्द्र रांची समाहरणालय, ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-२०४ में वोटिंग करायी जा रही है।०८-लोकसभा रांची के लिए कुल ७,३६५ कर्मी, ३३६२ पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल, १३७ बीएलओ, १६९ चालक/उपचालक/ सफाईकर्मी जो मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनका पोस्टल बैलेट के माध्यम से सुविधा केन्द्र में मतदान कराया जायेगा।रांची जिला में २२३ वरिष्ठ मतदाता (८५+) एवं ९९ दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग करायी जायेगी। इसके अलावे अन्य जिलों में कार्यरत ०८-राँची लोकसभा के २९९६ मतदाता कर्मी, ८४० पुलिस बल, आवश्यक सेवा के ९६ मतदाता, सरायकेला के ७६ वरिष्ठ मतदाता एवं ६८ दिव्यांग का स्क्रूटनी कार्य चल रहा है।

# सातवें चरण के चुनाव के लिए बुधवार को कोई नामांकन नहीं हुआ

**रांची (ससे):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को बताया है कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं हुआ । सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। उसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से १ और गोड्डा से २ लोगों ने नामांकन किया था। जबकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक ११२ करोड़ ९२ लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं।

# लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरा के माध्यम से होगी वेबकास्टिंग
## जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से इवीएम वाहनों पर रखी जायेगी नजर

**राँची (ससे):** लोकसभा निर्वाचन २०२४ में सभी मतदान केंद्रों पर ४ डी कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी। ये बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग,जीपीएस ट्रैकिंग एवं ब्लैकल मैनेजमेंट हेतु गठित सेल के नोडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मॉनिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया।बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित बेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं ब्लैकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु बैठक आयोजित

**रांची (ससे):** बुधवार को वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची के कार्यालय कक्ष में वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा चुनाव २०२४ के चतुर्थ चरण के १३ मई के मतदान के मद्देनज़र राँची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड़ व माँडर विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु अर्धसैनिक बल व झारखंड जगुआर के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मंथन किया । इस दौरान फ्रोर्स का मूवमेंट,रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन,एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने हेतु आधारभूत सुविधाओं इत्यादि विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । बैठक में पुलिस अधीक्षक ,ग्रामीण के द्वारा प्रेजेंटेशन,एवं मैप के जरिये आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया गया। बैठक समापन के उपरांत वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के द्वारा अर्धसैनिक बल के सभी पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# भाजपा हिन्दू-मुस्लिम के विवादित बयानों पर ही वोट लेना चाहती है:सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची (ससे):** रांची मे पत्रकारों से बातचीत करते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिन्दू-मुस्लिम के विवादित बयानों पर ही वोट लेना चाहती है। उन्होने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूरे दस वर्षों मे फिसड्डी साबित हुई है। सुप्रीयो भट्टाचार्य ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से सवाल किया कि आखिर सरना धर्म कोड पर भाजपा क्यों चुप है। इसके अलावा श्री भट्टाचार्य ने लोकसभा चुनाव मे झारखण्ड का सूपड़ा साफ होने की बात भी कही।

# इंसर्च संस्था ने थैलेसीमिया दिवस पर शहर के कोचिंग संस्थानों और स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया



**धनबाद (कासं):** थैलेसीमिया दिवस बुधवार ८ मई को मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक संस्था इंसर्च में शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों एवं स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्र एवं छात्राओं को थैलेसीमिया बीमारी की जानकारी दी गई। कोचिंग संस्थानों में पुराना बाजार स्थित बायोलॉजी क्लास, हीरापुर में आईपैक्स कोचिंग एवं सरायढेला स्थित सक्सेस सेंटर पर अभियान चलाया गया।

संस्था के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को बताया कि थैलेसीमिया एक रक्त विकार है जो मां-बाप से बच्चों में आता है। इस बीमारी से प्रसित मरीजों को हर महीने ब्लड ट्रांसफयूजन जरूरी होती है। इस बीमारी में खुन बनाने वाली जीन में गड़बड़ी हो जाती है फलस्वरूप पर्याप्त मात्रा में खुन नहीं बना पाता है। खुन की कमी के कारण पीड़ित मरीज में खुन के विभिन्न कार्यो पर असर होता है। मरीज को इसलिए बार-बार खुन चढ़ाना पड़ता है।

भूदा स्थित इस्ट इंड कान्वेंट में इंसर्च संस्था के सदस्यों ने छात्रों को थैलेसीमिया की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ.विद्याभूषण ने बच्चों की थैलेसीमिया संबंधी प्रश्नों का उत्तर दिया। डॉ.विद्याभूषण ने कहा कि इस बीमारी को जागरूकता से ही खत्म किया जा सकता है। यदि शादी से पहले लोग अपना रक्त जांच कराते हैं तो इस बीमारी से हम अपने बच्चों को बचा सकते हैं।

संस्था की सदस्य आयुषी कंठ ने लोगों से खुन दान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने को कहा। थैलेसीमिया के रोगियों को खुन की बहुत आवश्यकता होती है।

ज्ञात हो कि हर वर्ष ८ मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष थैलेसीमिया दिवस २०२४ की थीम है- जीवन को सशक्त बनाना प्रगति को गले ल्गाना सभी के लिए न्यायसंगत और सुलभ थैलेसीमिया उपचार।

कार्यक्रम में इंसर्च के अशोक कंठ, विशाल कुमार, स्नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, संजय कुशवाहा, सोनु सक्रिय रूप से शामिल थे।

# देश-दुनिया में ट्रेंड किया सोशल मीडिया अभियान मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर

**रांची (ससे):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार शाम ६:०० बजे से लेकर ८:०० बजे तक सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियान चलाया गया। अभियान अपनी शुरुआत के १५ मिनट बाद ही देश भर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (द) पर टॉप-५ में ट्रेंड करने लगा जो की २ घंटा पूरे होते ही देश में एक नंबर पर ट्रेंडिंग कर गया। देर रात यह अभियान ट्विटर पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी समाचार कोटि में ट्रेंड करता रहा। अभियान के दौरान ट्विटर में ६० हजार से अधिक जागरूकता परक पोस्ट किए गए। वहीं फेसबुक तथा इंस्टाग्राम में पोस्टों की ये संख्या इससे कहीं बहुत अधिक रही। जबकि यूट्यूब पर इस हैश टैग के साथ दो घंटे में लगभग डेढ़ हजार लोगों ने वीडियो अपलोड किये।

इस अभियान में निर्वाचन कार्य से जुड़े सरकारी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा राज्य के लाखों आम मतदाताओं की सहभागिता रही।

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी किये गए उक्त हैशटैग पहल को बड़ा अभियान का रूप देने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने उक्त सोशल मीडिया विशेष मुहिम की रूपरेखा पिछले हफ्ते बनाई थी। अभियान की योजना के क्रम में ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, उप निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद राज्य के सभी सीबीएसई स्कूलों के प्राचार्यों, आईसीएसई विद्यालयों के प्राचार्यों तथा सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों तक अपना संदेश पहुंचाया कि वे अपने बच्चों को इस हेतु प्रेरित करें कि अपने वे अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु इलेक्शन एंबेसडर की भूमिका निभाएं। माता पिता एवं अन्य वयस्क परिजनों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए बच्चों के द्वारा कई गतिविधियां करवाने का सुझाव भी दिया गया था, जिनमें बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों से अपील के रूप में पत्र लिखना भी शामिल था। इन सभी गतिविधियों से जुड़े फोटो, वीडियो तथा पेंटिंग आदि को सोशल मीडिया पर अभिभावकों द्वारा अपलोड करने के लिए भी अनुरोध किया गया था। इसके अलावा राज्य के सभी आम और खास लोगों से भी अनुरोध किया गया था कि वे मतदान हेतु सार्वजनिक अपील करते हुए अपने संबंधित फोटो, वीडियो को उक्त हैशटैग के साथ अपलोड करें। राज्य के अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने भी विभिन्न गीत,संगीत, रंगोली आदि के माध्यम से लोगों के प्रेरित करते हुए अपनी गतिविधियों को सोशल मीडिया पर अपलोड किया।

पूरे राज्य भर के सभी मतदान केंद्रों पर इस अभियान के आरंभ होने के ठीक १ घंटे पहले यानि ५:०० बजे शाम को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठकें भी आयोजित की गई। कुल मिलाकर एक सुनियोजित प्रयास से उक्त २ घंटे के कार्यक्रम ने पूरे राज्य भर में जागरूकता आंदोलन का रूप ले लिया था।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे राज्य में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर भी समय-समय पर किए जा रहे विभिन्न अभियान भी ऐसे ही प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में हर आयु वर्ग के लोग मौजूद हैं, इसलिए इस मीडिया की मदद से मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सामूहिक सामाजिक प्रयास किया गया। उन्हें खुशी है कि सभी के सामूहिक प्रयास से यह अभियान देश ही नहीं पूरी दुनिया में ट्रेंड करने से चर्चा का विषय बना, उनका उद्देश्य भी यही था कि इससे व्यापक जागरूकता फैले।अंत में उन्होंने अभियान में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को बधाई दी।

## संपादकीय

# दिल्ली के सीएम पर सियासी फंदा

दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल की तनातनी कोई नई नहीं है। कथित शराब घोटाले की जांच की सिफारिश भी उपराज्यपाल ने ही की थी, जिसके दायरे में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य कई लोग आए। अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नए मामले में फंसते नजर आ रहे हैं। उपराज्यपाल ने गृह मंत्रालय को चिट्ठी लिख कर उनके खिलाफ खालिस्तान समर्थक चरमपंथी संगठन से पैसा लेने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजंसी से जांच कराने की सिफारिश की है। यह सिफारिश एक व्यक्ति की सप्रमाण शिकायत पर की गई है। उस शिकायत में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल ने चरमपंथी संगठन 'सिख फार जस्टिस' के सदस्यों के साथ बैठक की थी, जिसमें तय हुआ था कि वे एक करोड़ साठ लाख डालर के बदले 1993 दिल्ली बम धमाकों के आरोपी देवेंदर पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करेंगे।

**शिकायतकर्ता ने बैठक की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की थी :** अरविंद केजरीवाल के सहयोगी रहे एक व्यक्ति ने दस वर्ष पहले इस बैठक की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की थी। उसी व्यक्ति की शिकायत पर उपराज्यपाल ने जांच की सिफारिश की है। अरविंद केजरीवाल पहले ही कथित शराब घोटाले में धनशोधन मामले में जेल हैं। उस गिरफ्तारी को सर्वोच्च न्यायालय में गैरकानूनी ठहराने की कानूनी जद्दोजहद चल रही है। अगर राष्ट्रीय जांच एजंसी नए मामले की जांच शुरू करती है, तो केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। नए मामले में उपराज्यपाल की सिफारिश के बाद आम आदमी

पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया है। उसका कहना है कि मुख्यमंत्री के जेल में रहने से दिल्ली की व्यवस्था पहले ही चरमरा गई है। मगर उपराज्यपाल और केंद्र सरकार को इसकी चिंता नहीं है। वे उन्हें किसी न किसी तरह जेल में डाले रखना चाहते हैं। हालांकि सिख फार जस्टिस से पैसा लेने का आरोप केजरीवाल पर पहली बार नहीं लगा है। चार वर्ष पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव के वक्त भी यही आरोप लगा था। तब भाजपा ने खूब शोर मचाया था, मगर दिल्ली के लोगों ने उसको गंभीरता से नहीं लिया और आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताया था। फिर यही आरोप दो वर्ष पहले पंजाब विधानसभा चुनाव में भी लगा था। तब अरविंद केजरीवाल के करीबी रहे कुमार विश्वास ने यह आरोप लगाया था। मगर वहां भी इसका असर नहीं हुआ। विचित्र संयोग है कि इस बार जब यह मामला उठा है, तब लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। इससे आम आदमी पार्टी को फिर यह कहने का मौका मिल गया है कि दरअसल, यह भाजपा का रचा सियासी फंदा है, जिसमें वह केजरीवाल को फंसाना चाहती है। मगर इस बार केवल जनता की अदालत में सफाई देने से काम नहीं चलेगा। एनआइए जांच में केजरीवाल अपने पक्ष में सबूत पेश करने होंगे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल की तनातनी कोई नई नहीं है। कथित शराब घोटाले की जांच की सिफारिश भी उपराज्यपाल ने ही की थी, जिसके दायरे में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य कई लोग आए। हालांकि संजय सिंह को जमानत मिल गई और अरविंद केजरीवाल को लेकर भी अदालत का रुख कुछ सकारात्मक ही नजर आ रहा है। ऐसे में पूछा जा रहा है कि उपराज्यपाल ने कहीं एक नया फंदा तो नहीं बनाया है। जो हो, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी लगातार खुद को कट्टर ईमानदार और पारदर्शी बताते रहे हैं। इसलिए उन्हीं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निर्दोषिता साबित करें। मगर उपराज्यपाल की पक्षधरता पर भी सवाल समाप्त नहीं हुए हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को सियासी रस्साकशी का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

## सोशल मीडिया से...

शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ उनको आत्मनिर्भर बनाये, उनके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करे। चरित्र से रहित ज्ञान को महात्मा गांधी ने पाप का दर्जा दिया है। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति, परंपरा एवं सभ्यता के प्रति जागरूकता लाना भी है।

**द्रौपदी मुर्मु,** भारत की वर्तमान राष्ट्रपति

मेरे प्रिय साथी कांग्रेस कार्यकर्ताओं,यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है - ये हमारे लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है।जब तक कांग्रेस का एक भी कार्यकर्ता सच्चाई के लिए खड़ा है, तब तक भारत में नफ़रत नहीं जीत सकती - और हम एक नहीं, करोड़ों हैं। मिलकर लड़ेंगे, जीतेंगे और देश के हालात बदल देंगे।

**राहुल गांधी ,**लोकसभा के सदस्य

अटल जी के साथ हमने कई निर्णय लिए, लेकिन उन्होंने यह कभी नहीं सोचा कि चुनाव पर इसका क्या असर पड़ेगा। लेकिन वर्तमान में हमारे प्रधानमंत्री हर कदम चुनाव को देखकर उठाते हैं। इसलिए आर्थिक क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों में सरकार की नीतियां बेहद गलत हो गई हैं।

**यशवंत सिन्हा,** लोकसभा के पूर्व सांसद

एक फैशन सा बन गया है...
भारत की सनातन संस्कृति को गाली देना, भारत की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देना, प्रभु श्री राम और प्रभु श्रीकृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना, मैं केवल यही कहूंगा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि...

**योगी अदित्यनाथ सिंह,** सीएम उत्तर प्रदेश

## आज का कार्टून

# कितना लाभकारी होगा दल बदलना

**भारतीय लोकतंत्र के महापर्व की चरणबद्ध शुरूआत हो चुकी है। स्वतंत्रता के वर्षोपरांत भी बेरोजगारी, महंगाई जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जन्मती हताशा का असर कहें अथवा दलबदल की उठापटक से उपजती ऊहापोह की स्थिति का प्रभाव; मतदान के प्रारम्भिक दौर में...**

-दीपिका अरोड़ा

भारतीय लोकतंत्र के महापर्व की चरणबद्ध शुरूआत हो चुकी है। स्वतंत्रता के वर्षोपरांत भी बेरोजगारी, महंगाई जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जन्मती हताशा का असर कहें अथवा दलबदल की उठापटक से उपजती ऊहापोह की स्थिति का प्रभाव; मतदान के प्रारम्भिक दौर में वोटिंग की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी आंकी गई। चुनाव प्रचार में भी 2019 के आम चुनावों वाली रंगत नदारद जान पड़ती है।लुभावने वायदे, बोल-कुबोल, आरोप-प्रत्यारोप तो बेशक शामिल हैं लेकिन प्रचार अभियान जनकल्याण विषयों पर केन्द्रित होने की बजाय, अनर्गल बातों को तूल देने एवं विरोधी धड़ों को पटखनी देने के उपाय विचारने में अधिक मशगूल नजर आ रहा है।

लिहाजा मतदाताओं में भी चुनावी चर्चा के तौर पर कोई मुद्दा मुख्य रूप से सरगर्म है तो वह है, राजनीतिज्ञों में पैठ बनाता थाली के बैंगन सरीखा रवैया। 'अमुक दल का नेता अमुक दल में शामिल हो गया' समाचारपत्रों के अधिकतर पृष्ठ प्रतिदिन इन्हीं खबरों से सराबोर दिखाई पड़ते हैं। भारतीय राजनीतिक इतिहास पर दृष्टि डालें तो दलबदल का प्रचलन वर्षों पुराना है। प्रसिद्ध जुमले, 'आया राम गया राम' का प्रतिपादन चौथे आम चुनावों के पश्चात हुआ माना गया। अक्तूबर, 1967 को हरियाणा के एक विधायक ने 15 दिनों के भीतर 3 बार दल बदलकर इस मुद्दे को राजनीतिक मुख्यधारा में ला खड़ा किया था। 1960-70 के दशक में दलबदलुओं की संख्या इतनी तीव्र गति से बढ़ी कि राजनीतिक दलों द्वारा सामूहिक जनादेश की खुलेआम अनदेखी की जाने लगी।

अवसरवादी प्रवृत्ति न केवल जनकल्याणकारी योजनाओं के मद्देनजर प्रतिकूल साबित हुई बल्कि अनियमित चुनाव होने से राष्ट्र पर व्यय का अतिरिक्त बोझ भी बढ़ गया; बारम्बार सरकारों का पतन होने से व्यापक राजनीतिक अस्थिरता पैदा हुई सो अलग। संक्षेप में, सत्तालोलुप राजनेताओं ने स्वतंत्र भारत के समक्ष प्रमुख समस्याओं से इतर अन्यान्य समस्याएं उत्पन्न कर डालीं। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, वर्ष 1985 में 52वें संविधान संशोधन के माध्यम से देश में 'दल-बदल विरोधी कानून' पारित किया गया। इससे तत्कालीन सरकारों को स्थायित्व तो अवश्य मिला किन्तु कानून में दल-बदल के मूल कारणों, जैसे-दल के भीतर लोकतंत्र का अभाव, भ्रष्टाचार, चुनावी कदाचार आदि संबंधित न किए जाने के कारण दलबदल संस्कृति पर पूर्णविराम न लग पाया। स्पष्ट शब्दों में, कानून होने के बावजूद अवसरवादी एवं अनैतिक रवैया एक प्रकार से नेताओं की खरीद-फरोख्त या 'हॉर्स-ट्रेडिंग' को बढ़ावा दे रहा है। राजनीतिक लाभ के लिए साम-दाम-दंड-भेद, सभी हथकंडे आजमाए जाते हैं। देर रात चुनावी मुद्दों पर चर्चा करते नेता, भोर होने तक विरोधी धड़े से हाथ मिलाते दिखाई पड़ते हैं।



'तू नहीं तो और सही, और नहीं तो कोई और सही' वाले मामले इस कदर बढ़ गए हैं कि भौंचक्की जनता यह तक नहीं समझ पाती कि कल तक खार बनकर खटकने वाला व्यक्ति अचानक से आंखों का तारा कैसे हो गया, वो भी इतना करीबी कि दल के वफादार सदस्यों को पछाड़ते हुए तुरत-फुरत टिकट का दावेदार बन बैठे।

पार्टी बदलने के चलन में एक बात तो स्पष्ट है कि क्षेत्रीय विकास की अपेक्षा इन लोगों की रुचि राजनीति में अपना अस्तित्व बनाए रखने में अधिक है। जिन दलों के पास बड़े चेहरों की कमी है, वे भले ही अन्य पार्टी के नेताओं को अपने प्रभावाधीन लाने के गुर आजमा रहे हैं लेकिन मतदाता जागरूकता के संदर्भ में तथ्य बताते हैं कि दलबदलू नेताओं के जीतने का औसत लगातार घटता जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1967 के चुनाव में 50 प्रतिशत रहा दलबदलुओं की जीत का स्ट्राइक रेट, विगत लोकसभा चुनाव में 15 प्रतिशत पर आ पहुंचा।

वास्तव में, जिस उम्मीदवार पर भरोसा करके मत दिया जाए, वही स्वार्थवश दल पर दल बदलता रहे तो ऐसे में उससे मोहभंग होना स्वाभाविक ही है। दलबदलुओं पर जनता भरोसा करे भी तो कैसे? जो मात्र कुर्सी की लालसा में दल को मंझधार में छोड़ दें, वे लोकहित के प्रति कितने निष्ठावान होंगे? हालांकि सजग मतदाता के तौर पर परित्यक्त दल की नेतृत्व क्षमता का आकलन करना भी आवश्यक है। कहीं न कहीं यह दलबदलू प्रवृत्ति मतदान के प्रति उदासीनता उत्पन्न करने का एक बड़ा कारण बन रही है, जो निश्चय ही लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। इसके दृष्टिगत संबद्ध कानून के नियमन पर पुनर्विचार अवश्य होना चाहिए। दलबदलुओं के लाभांश का स्तर इस बार क्या रहता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। बहरहाल, मतदाताओं के लिए यह समझना आवश्यक है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, अधिकार व कर्त्तव्य, दोनों के दृष्टिगत मतदान से विमुख होना कदापि उचित नहीं। हमारे एक वोट की चूक अक्षम प्रतिनिधियों के विजयी होने का कारण बन सकती है; जो न तो लोकहित में होगा, न ही लोकतांत्रिक सशक्तता के दृष्टिकोण से श्रेयस्कर।

## संविधान संशोधन से ही सफल होगी आरक्षण की गारंटी

चुनावी रण में आरक्षण पर नेताओं की तीखी बहस के बीच महिला आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से विवादों का नया पिटारा खुल गया है। जजों ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की रजिस्टर्ड सोसायटी की कार्यकारिणी में एक तिहाई महिलाओं को आरक्षण देने का आदेश दिया है। उस फैसले के बाद देशभर की सभी जिला अदालतों और हाईकोर्ट की बार एसोसिएशन के साथ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति में भी महिलाओं के आरक्षण की मांग होने लगी है। सनद रहे कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने का कानून बनाने वाले नेताओं ने लोकसभा चुनावों में सिर्फ 9 फीसदी महिलाओं को ही टिकट दिया है। प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण के प्रति वचनबद्धता को दोहराते हुए धर्म के आधार पर आरक्षण की पुरजोर खिलाफत कर रहे हैं। संविधान सभा में बहस के दौरान मई, 1949 में मोहम्मद इस्माइल साहिब ने मुस्लिमों को आरक्षण के लिए जोरदार तकरीर दी थी। लेकिन सरदार पटेल के साथ बेगम ऐजाज रसूल जैसे कई सदस्यों ने उसकी खिलाफत की थी। उनके अनुसार अंग्रेजों ने धार्मिक आधार पर पृथक निर्वाचक मंडल की परम्परा शुरू की थी, जिसकी वजह से भारत का धर्म के आधार पर विभाजन हुआ। इसलिए धर्म के आधार पर आरक्षण गलत है। साल 1995 में देवेगौड़ा की सरकार ने मुस्लिम समुदाय को 4 फीसदी आरक्षण दिया था। साल 2023 के विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा सरकार ने उसे रद्द करके वोक्कलिंगा और लिंगायत समुदाय में बांट दिया था। लेकिन उस आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। साल 2004 में अविभाजित आंध्र प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने मुस्लिम समुदाय के लिए 5 फीसदी आरक्षण का कानून बनाया था, जिस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। विधानसभा और लोकसभा में वंचित वर्ग के लिए संविधान में अल्पकालिक आरक्षण का प्रावधान था। सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में अपवाद स्वरूप आरक्षण की व्यवस्था थी। सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर संविधान में आरक्षण के लिए मापदंड बनाए गए थे। नेताओं ने सियासी सहूलियत के अनुसार उन्हें जाति के पैमाने पर बदल दिया। वी.पी. सिंह सरकार ने मंडल कमीशन की सिफारिशों के मुताबिक कई दशक पुरानी जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अन्य पिछड़े वर्ग (ओ.बी.सी.) के लिए 27 फीसदी आरक्षण को लागू किया था।

# देश का लोकतंत्र नहीं बल्कि विपक्ष की साख खतरे में

**2024 के लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां शिखर पर हैं। 2 चरणों का मतदान सम्पन्न हो चुका है और कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष अपने पुराने गढ़ अमेठी से लेकर असम तक न तो कहीं मुकाबले में नजर आ रहा, न ही मोदी सरकार को घेर पा रहा है इसलिए हर बार की तरह इस...**



-जयवीर सेरगिल, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा

2024 के लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां शिखर पर हैं। 2 चरणों का मतदान सम्पन्न हो चुका है और कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष अपने पुराने गढ़ अमेठी से लेकर असम तक न तो कहीं मुकाबले में नजर आ रहा, न ही मोदी सरकार को घेर पा रहा है इसलिए हर बार की तरह इस बार भी इन्होंने एक राग अलापना शुरू किया है- ''लोकतंत्र, संविधान खतरे में है, देश में तानाशाही है।'' जैसे अंग्रेजों ने आजादी के समय भारत के लोकतंत्र पर ये प्रश्नचिन्ह उठाया था कि यहां बैलेट नहीं बुलेट का राज चलेगा वैसे ही राहुल गांधी और उनके साथी भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठा रहे हैं। पर वास्तविकता यह है कि आज भारत अपने यशस्वी प्रधानमंत्री के चलते समूचे विश्व में सबसे मजबूत और जीवंत लोकतंत्र का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

1947 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि लोकतंत्र भारत के लिए उपयुक्त नहीं है और आज वही पश्चिम कह रहा है कि ''भारत दुनिया में स्वतंत्र राजनीतिक इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति है।'' 94 करोड़ मतदाता, लगभग 10 लाख मतदान केन्द्र, 6 राष्ट्रीय, 56 क्षेत्रीय और करीब 2400 से अधिक अन्य पार्टियां। महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण। देश में पहली बार जनजातीय समुदाय से महिला राष्ट्रपति और एक चाय बेचने वाला हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी। मजबूत संविधान, स्वतंत्र चुनाव आयोग यह है भारत के लोकतंत्र की शक्ति, सुन्दरता और विविधता।

2014 के बाद से मोदी सरकार की योजनाओं- उज्जवला, जन-धन, आयुष्मान योजना, पी.एम. किसान सम्मान निधि, खेलो इंडिया, स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंडिया से हिन्दुस्तान की तस्वीर और तकदीर दोनों में बदलाव दिखा है। एक मूल मंत्र है कि पहले तोलो फिर बोलो। ऐसा लगता है मानो विपक्ष यह मंत्र भूल गया। आज की तारीख में लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभ स्वायत्त न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से काम कर रही हैं। यह इस बात का जीता-जागता सबूत है कि हिन्दुस्तान में न तो लोकतंत्र खतरे में है न संविधान।

अब कुछ सवाल हैं जो विपक्ष के खोखले आरोपों का सवालों से ही खंडन करेंगे- पहला-कौन-सी तानाशाही सरकार एक विपक्षी नेता को भारत तोड़ो यात्रा (एक और दो) की सुरक्षा के साथ अनुमति देती? वह यात्रा जिसका मूल लक्ष्य मोदी को गाली देना, भारत विरोधी लोगों को साथ लेना, सनातन का अपमान, हिन्दू धर्म का विरोध, चीन की प्रशंसा, भारतीय सेना से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगना है। दूसरा-जब हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक में कांग्रेस जीती उस समय इनके लिए लोकतंत्र जीवित था और ई.वी.एम. भी ठीक था। पर वहीं जब कांग्रेस हारती है तो वही लोकतंत्र खतरे में आ जाता है। विपक्ष का रवैया वैसा ही है जैसे परीक्षा में फेल होने पर शिक्षक पर दोषारोपण करना।

तीसरा-जब सुप्रीम कोर्ट विपक्ष के हक में कोई फैसला देती है तो लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित परन्तु वही सुप्रीम कोर्ट जब विपक्ष के भ्रष्टाचारी नेताओं को राहत नहीं देती है तब लोकतंत्र और संविधान तुरन्त खतरे में आ जाता है। लोकतंत्र को लेकर विपक्ष का यह दोहरापन हिन्दी की एक कहावत 'नाच न जाने आंगन टेढ़ा' पर सटीक बैठती है। सत्य तो यह है कि देश के मतदाताओं के मन में लोकतंत्र को लेकर कोई शंका नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं को लेकर पूरी स्पष्टता है।

एक तरफ नरेन्द्र मोदी सरकार जो 'सबका हाथ सबका विकास वाली' राजनीति कर जहां राम, रहीम, रूपिंद्र और रॉबर्ट सबको बिना किसी भेदभाव के लाभ पहुंचा रही वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की तुष्टीकरण वाली राजनीति जो आज जनता की 55 प्रतिशत सम्पत्ति छीनने की बात कर रही। स्वस्थ लोकतंत्र के हित के लिए यह अच्छा होगा कि विपक्ष लोकतंत्र पर लांछन लगाने की बजाय चिंतन और मंथन करे कि जनता के दरबार में उनकी साख और वोट दोनों ही क्यों खतरे में आ गई है?

# दिल्ली का नॉकआउट शुरू तो सीएसके-हैदराबाद की भी गारंटी नहीं...

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ करने की दौड़ में ऑफिशली अभी तक सभी 10 टीमें बनी हुई हैं। सबसे आखिरी नंबर पर चल रही गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के लिए भी मौका है। आईपीएल 2024 अब धीरे-धीरे आखिरी चरण की ओर बढ़ रहा है। टीमों के अधिकतम 3-3 मैच बचे हुए हैं तो रोचक बात यह है कि अभी हर टीम के प्लेऑफ में पहुचने की संभावना बची हुई है। यानी किसी भी एक स्पॉट की टीम ऑफिशली कन्फर्म नहीं हुई है। एक दिन पहले रोमांचक मुकाबले में दिल्ली से राजस्थान हार गई। अगर वह जीतती तो वह क्वॉलिफाइ कर लेती, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब देखा जाए तो आईपीएल 2024 प्लेऑफ का गेम पूरी तरह से उल्टा-पुल्टा हो चुका है। अब कौन सी टीम कैसे टॉप-4 में पहुंच सकती है।

## सभी टीमों का आईपीएल 2024 प्लेऑफ समीकरण

### कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के पास टॉप पर रहने का मौका

केकेआर फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि राजस्थान रॉयल्स उसके बराबर 16 अंक लेकर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे नंबर पर है। अगर वे बचे हुए 3 में से एक में भी जीत दर्ज करते हैं तो प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर लेंगे। यही वो दो टीम हैं, जिनके पास 18 अंक या उससे अधिक अंक लेने का मौका है। जबकि 3 अन्य टीमें अधिकतम 18 अंक तक पहुंच सकती हैं।

### चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स की एक जैसी स्थिति

चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स टीम 11-11 मैचों में 6-6 जीत के साथ 12 अंक लेकर क्रमश-तीसरे, चौथे और छठे नंबर पर है। इन तीनों के पास बचे हुए 3 मैचों में अधिकतम 18 अंक तक पहुंचने का मौका है। हालांकि, यह देखना रोचक होगा कि प्लेऑफ से लगभग बाहर हो चुकी गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स से चेन्नई कैसे निपटती है, जबकि हैदराबाद को लखनऊ, गुजरात और पंजाब से भिड़ना है। दूसरी ओर, लखनऊ को हैदराबाद, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है।

### दिल्ली कैपिटल्स के लिए नॉकआउट हो चुका है शुरू

दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर है। यदि वे अपने शेष तीनों मैच जीत जाते हैं तो वे अधिकतम 16 अंक तक पहुंच सकते हैं। हालांकि, इससे भी उन्हें प्लेऑफ में जगह की गारंटी नहीं मिलेगी। सीएसके, एसआरएच और एलएसजी भी आसानी से 16 अंक तक पहुंचते दिख रहे हैं। ऐसे में इन टीमों के बीच नेट रन रेट का खेल होगा, उसमें जो बेहतर होगा उसी की किस्मत खुलेगी। अगर दिल्ली मैच हारता है तो उसका प्लेऑफ में पहुंचना लगभग खत्म हो जाएगा या फिर आरसीबी की तरह अन्य टीमों के संभावित परिणामों पर निर्भर रहना होगा।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस बुरी फंसी हुई हैं

आरसीबी, पीबीकेएस और जीटी बहुत बुरी तरह से फंसी हुई हैं। शेड्यूल को देखते हुए आरसीबी और पीबीकेएस में से केवल एक टीम 14 अंक तक पहुंच सकती है, क्योंकि वे एक मैच में एक-दूसरे का सामना करेंगे। सभी तीन टीमें अपने शेष तीन मैचों में कम से कम दो जीत के साथ 12 अंक तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में उनका खेल तो खत्म ही समझिए। हालांकि, अगर सीएसके मैच जीटी को हरा देती है तो एमआई के साथ-साथ सभी तीन टीमें बाहर हो जाएंगी, क्योंकि एसआरएच/एलएसजी और सीएसके में से कोई एक 14 अंक तक पहुंच जाएगा।

### मुंबई इंडियंस के पास प्लेऑफ का मौका, लेकिन उम्मीदें असंभव

मुंबई इंडियंस फिलहाल अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। दो मैच बचे हैं और प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ करने के लिए उन्हें बेहतर नेट रन रेट के हिसाब से दोनों मैच जीतने होंगे। हालांकि, यदि हृस्र मैच 59 में लज्ञ को हरा देती है तो मुंबई बाहर हो जाएगी, क्योंकि एसआरएच/एलएसजी और सीएसके में से कोई भी 14 अंक तक पहुंच जाएगा। इसके अलावा उन्हें स्ना के कम से कम दो गेम जीतने, एलएसजी के सभी गेम हारने, डीजी से एक से अधिक गेम नहीं जीतने और पीबीकेएस, आरसीबी और लज्ञ से दो से अधिक मैच नहीं जीतने की अपेक्षा होगी। यह गणितीय रूप से आसान नहीं दिख सकता है, लेकिन असंभव जैसा है।

**सभी टीमों की पॉइंट्स टेबल में स्थिति**

| क्रम | टीम | मैच | जीत | हार | टाइ | नेट रन रेट | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केकेआर | 11 | 8 | 3 | 0 | 0 | 16 | 1.453 |
| 2 | आरआर | 11 | 8 | 3 | 0 | 0 | 16 | 0.476 |
| 3 | सीएसके | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 12 | 0.7 |
| 4 | एसआरएच | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 12 | -0.065 |
| 5 | डीसी | 12 | 6 | 6 | 0 | 0 | 12 | -0.316 |
| 6 | एसएसजी | 11 | 6 | 5 | 0 | 0 | 12 | -0.371 |
| 7 | आरसीबी | 11 | 4 | 7 | 0 | 0 | 8 | -0.049 |
| 8 | पीबीकेएस | 11 | 4 | 7 | 0 | 0 | 8 | -0.187 |
| 9 | एमआई | 12 | 4 | 8 | 0 | 0 | 8 | -0.212 |
| 10 | जीटी | 11 | 4 | 7 | 0 | 0 | 8 | -1.32 |

# यह वो खिलाड़ी, जिन्होंने टी-20 विश्व कप 2 अलग-अलग देशों के लिए खेला

**यूएस (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए पाकिस्तान जैसी बड़ी टीमों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर देश ने अपने-अपने 15-15 प्लेयर्स की लिस्ट जारी कर दी है। किसी भी बदलाव के लिए आखिरी तारीख 25 कई है, जबकि जून में टूर्नामेंट होना है। एक ऐसा खिलाड़ी भी मेगा इवेंट में नई टीम के साथ दिखाई देगा, जो पहले किसी अन्य टीम से खेल चुका है।

आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2024 शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। कैरिबियन और यूएसए की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस महासंग्राम के लिए अमेरिका ने अपने प्लेयर्स की लिस्ट दे दी है। उसने एक ऐसे खिलाड़ी को टीम में शामिल किया है, जो पहले किसी और देश से विश्व कप खेल चुका है। जी हां, हम बात कर रहे हैं विस्फोटक बल्लेबाज कोरी एंडरसन की। बता दें कि इस बार टी-20 विश्व कप में ग्रुप स्टेज में 20 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं, जो इतिहास में किसी आईसीसी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में सबसे अधिक है। ग्रुप स्टेज के बाद 'सुपर 8' स्टेज होगा और फिर विजेता का निर्धारण करने के लिए नॉकआउट होगा। यूएस ने पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेने जा रही है।



**डर्क नैन्स (नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया)** - बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को इंग्लैंड और वेल्स में 2009 के विश्व टी20 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने नजरअंदाज कर दिया था। इसके बाद उन्हें नीदरलैंड्स ने अपनी टीम से खिलाया, जबकि 2010 में अगले संस्करण में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया।

**मेरोलोफ वैन डेर मेरवे (दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड्स)** - 2015 में अपनी टीम बदलने से पहले वैन डेर मेरवे ने 2009 और 2010 के विश्व टी20 टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया था। उसके बाद से उन्होंने 2016, 2021 और 2022 के संस्करणों में नीदरलैंड्स का प्रतिनिधित्व किया है।

**डेविड विसे (दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया)** - विसे ने पहली बार 2016 में दक्षिण अफ्रीका के साथ टी20 विश्व कप में डेब्यू किया था। 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2021 में नामीबिया के लिए पदार्पण किया और 2021 और 2022 टी20 विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व किया।

**मार्क चैपमैन (हॉन्गकॉन्ग और न्यूजीलैंड)** - चैपमैन ने 2014 में हॉन्गकॉन्ग के खिलाड़ी के रूप में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और इसके बाद उन्हें 2014 विश्व टी20 के लिए हॉन्गकॉन्ग की टीम में शामिल किया गया, जो किसी प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंट में हॉन्गकॉन्ग की पहली उपस्थिति भी थी। हालांकि, 2018 से, वह ब्लैककैप्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो 2021 और 2022 संस्करणों में शामिल हैं। वह 2024 टी20 विश्व कप में भी खेलेंगे।

**कोरी एंडरसन (न्यूजीलैंड और यूएसए)** - इस सूची में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले एक और खिलाड़ी एंडरसन ने 2014 और 2016 के संस्करणों में कीवी के लिए खेला। इस साल की शुरुआत में उन्होंने यूएसए क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू किया और उन्हें उस टीम में शामिल किया गया है जो 2024 में घरेलू टी20 विश्व कप में भाग लेगी।

# सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

## आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन किया
## दिल्ली के खिलाफ अंपायर के फैसले पर जताई थी असहमति

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमसन पर यह फाइन मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है। सैमसन को आचार संहिता के आर्टिकल 2.8 के तहत लेवल 1 के अपराध का दोषी पाया गया, जो अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से संबंधित है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली।

### होप के विवादित कैच से आउट हुए सैमसन

राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन शाई होप के बाउंड्री पर बेहतरीन कैच लेने के बाद आउट हुए। 16वें ओवर की चौथी बॉल मुकेश कुमार ने गुड लेंथ पर फेंकी, सैमसन ने लॉन्ग ऑन की दिशा में शॉट खेला। यहां होप ने कैच पकड़ा लेकिन इस दौरान पैर बाउंड्री के बेहद करीब नजर आया। थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखा लेकिन कैच को क्लीन माना और सैमसन आउट करार दिए गए। कैच क्लीन करार दिए जाने के बाद सैमसन अंपायर से बहस करते नजर आए कि फील्डर का पैर बाउंड्री को छू रहा था। हालांकि अंपायर ने अपना फैसला कायम रखा और सैमसन को पवेलियन लौटना पड़ा। उन्होंने 46 बॉल पर 86 रन बनाए।

### दिल्ली ने राजस्थान को 28 रन से हराया

दिल्ली ने होमग्राउंड पर टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। खलील अहमद, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए। आरआर से संजू सैमसन ने 46 बॉल पर 86 रन की पारी खेली। रियान पराग ने 27 और शिवम दुबे ने 25 रन बनाए। डीसी से ओपनर जैक फ्रेजर-मैगर्क (50 रन) और अभिषेक पोरेल (65 रन) ने अर्धशतक जमाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 41 रन बनाए। राजस्थान से रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल, संदीप शर्मा और ट्रेंट बोल्ट को एक-एक विकेट मिला।

# पंजाबी बोलते नजर आए विराट कोहली, युवा क्रिकेटरों के साथ मजाक करते वीडियो वायरल

**बेंगलूर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दुनिया भर के युवाओं के लिए एक आदर्श रहे हैं। विभिन्न आयु समूहों में फैले वैश्विक फैन बेस के साथ कोहली को क्रिकेट जगत से प्रशंसा मिली है। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा संस्करण में कोहली सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं और वर्तमान में 11 मैचों में 542 रन के साथ सीजन में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी के महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले धर्मशाला में कोहली ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान पसीना बहाया जिसके बाद साथी युवा क्रिकेटरों के साथ उनकी बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कोहली को युवा खिलाड़ियों के साथ अचानक सत्र में शामिल होते हुए ऑटोग्राफ देते देखा जा सकता है। कोहली इस पूरे साल रॉयल चैलेंजर्स के लिए प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, हालांकि टीम ने अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और आधे रास्ते तक पूरे सीजन में केवल एक जीत हासिल की। आरसीबी ने तब से मजबूत वापसी की है और वर्तमान में तीन मैचों की जीत की लय में है। टीम 11 मैचों में चार जीत के साथ आरसीबी 8 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

इस वर्ष उनके शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली को टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में भी नामित किया गया था। हालांकि भारत की एकादश में उनकी बल्लेबाजी की स्थिति पर सस्पेंस बना हुआ है। जबकि कई लोगों का मानना ????है कि कोहली को मार्की टूर्नामेंट में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करनी चाहिए। दोनों ने प्रारूप में केवल एक बार ओपनिंग की है। वहीं कुछ लोग चाहते हैं कि भारत का यह महान खिलाड़ी क्रम में अपना तीसरा स्थान बरकरार रखे। आरसीबी की प्लेऑफ की आकांक्षाओं अभी भी जीवित हैं।

# टी-20 इंटरनेशनल मैच में मचा तूफान, 6 बल्लेबाज 0 पर आउट

**टोक्यो (एजेंसी)।** टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में उस समय तूफान मचता नजर आया, जब एक टीम ने छक्कों और चौकों की बरसात करते हुए रनों का अंबार खड़ा कर दिया। वहीं दूसरी टीम ने ताश के पत्तों की तरह अपने विकेट गंवा दिए। टीम के 6 बल्लेबाज बिना खाते खोले ही पवेलियन लौट गए। टीम का टॉप स्कोरर बल्लेबाजों ने मात्र चार रन ही बनाए। टी20 इंटेनशनल मैच में यह स्कोरबोर्ड देखकर आपका सिर घूम जाएगा।

**205 रन से हारी मंगोलिया टीम** - दरअसल, यह गजब मुकाबला मंगोलिया और जापान के बीच हुए टी20 इंटरनेशनल मैच में देखने को मिला। मैच में पहले

बल्लेबाजी करते हुए जापान की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 217 रन बना दिए। टीम के टॉप रन स्कोरर ने 69 रन की पारी खेली। जवाब में मंगोलिया की पूरी टीम मात्र 12 रन ही सिमट गई। पूरी टीम के बल्लेबाज मात्र 8.2 ओवर में ही ढेर हो गए। जापान ने 68 गेंदें रहते 205 रन से यह मैच अपने नाम कर लिया। एक गेंदबाज ने इस मैच में 5 विकेट भी चटकाए।

**मात्र 12 रनों पर ही सिमट गई पूरी टीम** - बता दें कि मंगोलिया की टीम जापान के दौरे पर है, जहां दोनों के बीच 7 टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। दूसरे मैच में मंगोलिया टीम के छह बल्लेबाज बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। बाकी 4 बल्लेबाज- 2, 1, 4 और 2 रन बनाकर आउट हुए जबकि 11वें नंबर का बल्लेबाज बिना खाता खोले नाबाद रहा। मंगोलिया की पूरी टीम इस मैच में मात्र 12 रनों पर ही सिमट गई, जोकि अभी तक के टी20 इंटरनेशनल इतिहास में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे छोटा स्कोर है।

**दूसरा सबसे कम टी20 स्कोर** - बताते चलें कि इससे पहले साल 2023 में आइल ऑफ मैन टीम स्पेन के खिलाफ मात्र 10 रन पर ही ढेर हो गई थी। स्कोर का पीछा करते हुए स्पेन ने 2 गेंदों में यह मैच जीत लिया था। अब दूसरा सबसे छोटा टी20 इंटरनेशनल स्कोर मंगोलिया के नाम दर्ज हो गया है। वहीं, तीसरे स्थान पर टर्की की टीम है, जिसने टी20 इंटरनेशनल इतिहास का तीसरा कम स्कोर बनाया है। 2019 में यह टीम क्रेच रिपब्लिक के खिलाफ मात्र 21 रन ही बना पाई थी।

**टी20 विश्व कप**

# पापुआ न्यू गिनी ने किया 15 सदस्यीय टीम का ऐलान, इस 36 वर्षीय को मिली कप्तानी

**पापुआ न्यू गिनी (एजेंसी)।** पापुआ न्यू गिनी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय

टीम की घोषणा की जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। असद नौ अन्य खिलाड़ियों और जैक गार्डनर के साथ 2021 में ओमान और यूएई में हुए टूर्नामेंट की टीम का भी हिस्सा थे।

ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया गया है जबकि 20 साल के स्पिनर जॉन केरिको टीम के सबसे युवा खिलाड़ी हैं। पापुआ न्यू गिनी ने पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफार जीतकर दूसरी बार टी20 विश्व कप में जगह बनाई है। टीम अपने अभियान की शुरुआत दो जून को गयाना में वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रुप सी मुकाबले के साथ करेगी।

**पापुआ न्यू गिनी की टीम इस प्रकार है** - असद वाला (कप्तान), सीजे अमिनी, एली नाओ, चाड सोपर, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, काबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ और टोनी उरा।

**दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार पर बोले संगकारा**

# सैमसन के आउट होने के बावजूद हमें मैच जीतना चाहिए था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का कहना है कि कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद टीम मुश्किल स्थिति में थी लेकिन उसे फिर भी यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच जीतना चाहिए था। दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 46 गेंद में 86 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद रॉयल्स को 27 गेंद पर 60 रन की दरकार थी लेकिन टीम मंगलवार रात 20 रन से हार गई। रॉयल्स की टीम अगर जीत दर्ज करती तो प्ले ऑफ में उसकी जगह सुनिश्चित हो जाती जबकि दिल्ली की टीम नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो जाती।

संगकारा ने कहा, 'उसके आउट होने के बावजूद हमें शायद यह मैच

जीतना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'हार मिलती हैं। सत्र की शुरुआत में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। हमने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की, विशेषकर अश्विन ने, लेकिन एक बार जब आप बहुत सारी सहज गलतियां करते हैं तो यह बहुत कठिन हो जाता है। आखिर यह योजनाओं को लागू करने से जुड़ा है।

**सैमसन के विवादित आउट पर बोले संगकारा** - जब सैमसन आउट होकर पवेलियन लौटे वह खुश नहीं थे क्योंकि संदेह था कि शायद कैच पकड़ने वाले शाई होप का पैर सीमा रेखा से छुआ हो। निर्णय टीवी अंपायर के पास भेजा गया जिन्होंने सैमसन को आउट करार दिया लेकिन रॉयल्स के कप्तान ने वापस जाने से पहले मैदानी अंपायर से बहस करने का फैसला किया। संगकारा ने कहा कि कभी-कभी तीसरे अंपायर के लिए भी फैसला लेना मुश्किल होता है।

संगकारा ने कहा, 'यह रीप्ले और कोण पर निर्भर करता है और कभी-कभी आपको लगता है कि पैर छू गया है। लेकिन तीसरे अंपायर के लिए इस पर फैसला करना मुश्किल था।



# शर्मीले हैं तो इन बातों को अपनाएं

कई लोगों को लगता है कि अगर करियर में सफल होना है तो आपको एक्सट्रोवर्ट होना होगा। अगर आप इंट्रोवर्ट या यूं कहें कि शर्मीले हैं तो उनके लिए कुछ चीजें जरा कठिन हो जाती है। लेकिन इसका मतलब नहीं है कि इंट्रोवर्ट होने के कारण आप करियर में सफल नहीं हो सकते। आपको अपने इस स्वभाव को समझते हुए उस पर काम करना होगा ताकि आप सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकें। इन 5 बातों के जरिए आप अपनी जीवन को बेहतर और कामयाब बना सकते हैं

- खुशहाल जिंदगी और एक अच्छे करियर के लिए यह जरूरी है कि आप इस बात को स्वीकार लीजिए कि आप इंट्रोवर्ट या शर्मीले किस्म के व्यक्ति हैं। इसमें कोई बुराई नहीं है और किसी से भी कम नहीं है। इंट्रोवर्ट होना आपकी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है।
- जो गुण आपमें हैं उसे पहचानिए, उसे निखारिए और अपने अपनाइए। आपका फोकस उस बात पर होना चाहिए कि आपमें क्या खासियत है, ना कि उस पर की आपके अंदर कौन से गुण या प्रतिभा नहीं हैं।
- करियर में सफलता के लिए आपको सबसे पहले क्षेत्र को चुनना होगा जो कि आपके स्वभाव, व्यवहार और सोच से मेल खाए। जो आपके दिल को भाता है, वह करियर चुने और यह न सोचे कि लोग क्या कहेंगे।
- इंट्रोवर्ट होना बुरी बात नहीं है लेकिन खुद को सभी से काट कर रखना गलत है। आपको अपने परिवार, दोस्तों और समाज से जुड़े रहना चाहिए। इस बात को न भूले कि आप हर काम अकेले नहीं कर सकते। आपके अंदर जो लोगों की भावनाओं को समझने का हुनर है उसे आपको अच्छे दोस्त बनाने में परेशानी नहीं होगी।
- कई बार इंट्रोवर्ट लोग एक्सट्रोवर्ट लोगों से घबराते और कतराते नजर आते हैं। एक्सट्रोवर्ट लोगों को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनने की आदत होती है इसका मतलब ये नहीं कि आप कमतर हैं। अपने शांत स्वभाव से आप किसी को भी पीछे छोड़ सकते हैं।

# इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग

**आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फिर चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।**

स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, बच्चों के खिलौने से लेकर ड्राइंग रूम के स्टाइलिश व स्मार्ट फर्नीचर्स तक आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फिर चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।

## वर्क प्रोफाइल

प्रोडक्ट डिजाइनर्स कमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के लिए आर्टिकल्स, प्रोडक्ट्स, मटीरियल्स डिजाइन करते हैं। कोई भी चीज डिजाइन करने से पहले ये उसकी विजुअल अपील और प्रैक्टिकल यूज का पूरा ध्यान रखते हैं। एक प्रोडक्ट डिजाइन को कार, होम अप्लायंस, कम्प्यूटर, मेडिकल इक्विपमेंट, ऑफिस या रिक्रिएशन इक्विपमेंट, खिलौने आदि कुछ भी डिजाइन करने पड़ सकते हैं। उन्हें मार्केट रिसर्चर्स, एडवरटाइजिंग टीम और प्रोडक्शन मैनेजर्स से इंटरेक्ट करने के अलावा ग्राफिक डिजाइनर्स के साथ काम करना होता है।

## स्किल्स

प्रोडक्ट डिजाइनर को आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होना भी जरूरी है। आपके पास आउट ऑफ बॉक्स आइडियाज होंगे तो अलग पहचान बना सकेंगे। इसी तरह ऑब्जर्वेशन स्किल और विजुअल इमेजिनेशन बेहतरीन होनी चाहिए। आपको ड्राइंग के माध्यम से अपने आइडियाज को एक्सप्रेस करना, कंज्यूमर गुड्स के प्रोडक्शन और मार्केटिंग की समझ होनी चाहिए।

## शैक्षणिक योग्यता

अगर आपके पास आर्किटेक्चर या इंजीनियरिंग में डिग्री होगी, तो आप आईआईटी से इंडस्ट्रीयल डिजाइनिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। इससे करियर ग्रोथ अच्छी रहेगी। वैसे, साइंस स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन या आईआईटी से इंडस्ट्रियल डिजाइन का कोर्स कर, प्रोडक्ट डिजाइनिंग की फील्ड में आ सकते हैं।

## मार्केट में अवसर

मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के डिजाइन डिपार्टमेंट में प्रोडक्ट डिजाइनर्स की अच्छी मांग होती है। आप इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट डिजाइनर , वॉच डिजाइनर, फुटवियर डिजाइनर, डिजिटल डिजाइनर, आदि के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कंसल्टिंग फर्म्स में जॉब की जा सकती है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे

# टेक्सटाइल डिजाइनर्स के लिए बढ़ी करियर की संभावनाएं

आज भी कृषि के बाद लोगों को सबसे ज्यादा रोजगार टेक्सटाइल फील्ड में मिला हुआ है। देशवासियों की बढ़ती क्रय शक्ति तथा ब्रांडेड प्रोडक्ट के प्रति बढ़ता आकर्षण इस बात का संकेत है कि टेक्सटाइल एंड गारमेंट इंडस्ट्री में आगे भी तेजी बनी रहेगी। बीते एक दशक में रिटेल सेक्टर के विकास ने भी साबित कर दिखाया है कि उपभोक्ताओं की लाइफस्टाइल और शॉपिंग ट्रैंड्स बदल गए हैं। लोग फैशन और क्वॉलिटी प्रोडक्ट को ज्यादा तरजीह देने लगे हैं। ब्रांडेड प्रोडक्ट्स और एक्सपोर्ट की डिमांड बढ़ने से इस सेक्टर को विकास करने का मौका मिल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 तक भारतीय टेक्सटाइल बाजार करीब दोगुना हो जाएगा। यही कारण है कि युवाओं के लिए टेक्सटाइल के सभी सबसेक्टर्स - टेक्सटाइल्स एंड अपेरल, हैंडीक्राफ्ट, सोफिस्टिकेटेड मिल, हैंडलूम, जूट और सेरिकल्चर में काम की संभावनाएं तेजी से बढ़ेंगी। इसके अलावा, सरकार द्वारा इंडिया हैंडलूम प्रमोशन जैसी योजना शुरू किए जाने और इस सेक्टर में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से भी इस क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर रोजगार में लगातार इजाफा होता रहेगा।

## काम के अवसर

देश में गारमेंट, फैशन, ज्वेलरी, लगेज, एक्सेसरी, होम फर्निशिंग व इंटीरियर टेक्सटाइल का बाजार दिनो-दिन बढ़ रहा है, जहां टेक्सटाइल डिजाइनर्स के लिए ढेर सारे नए अवसर मौजूद हैं। ऐसे प्रोफेशनल्स की विदेश के अलावा गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों, फैशन डिजाइनिंग एजेंसियों, एक्सपोर्ट हाउस और टेक्सटाइल रिटेल जैसी फील्ड में काफी मांग है। सरकार की मदद से चल रही खादी, जूट, सिल्क और क्राफ्ट जैसी संस्थाओं में भी डिजाइनिंग प्रोफेशनल्स के लिए अच्छे अवसर हैं। ऑटोमोटव टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल सेक्टर का एक नया उभरता क्षेत्र है, जहां मोटर निर्माण कंपनियां अपनी कारों के इंटीरियर को अपीलिंग लुक देने के लिए ऐसे डिजाइनर्स की खूब सेवाएं ले रही हैं। इसके अलावा, अगर आप टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं, तो एग्रीकल्चर फील्ड में रेशम उत्पादन और कपास उत्पादन को बढ़ाने के लिए रिसर्चर की भूमिका अदा कर सकते हैं। युवा चाहें, तो डिजाइनिंग का काम पार्ट-टाइम कर सकते हैं। आप अपना खुद का बुटीक भी खोल सकते हैं। ई-कॉमर्स कंपनियों में भी क्रिएटिव लोगों को हायर किया जाता है। आप चाहें, तो ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए वेंडर भी बन सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

टेक्सटाइल डिजाइनिंग में डिग्री, डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के रूप में कई कोर्स आजकल संचालित हो रहे हैं। ये कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं। ग्रेजुएशन के बाद आप पीजी डिप्लोमा भी कर सकते हैं। अगर चाहें, तो टेक्सटाइल इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक कोर्स भी कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

# काम आएगी अखबार पढ़ने की आदत

**अखबार पढ़ने की आदत बैंकिंग परीक्षा के करंट अफेयर्स सेक्शन तथा इंग्लिश सेक्शन दोनों ही में आपकी मदद करेगी। इसमें न्यूनतम समय में उम्मीदवार की लॉजिकल रीजनिंग क्षमता तथा निर्णय क्षमता का आंकलन किया जाता है। साथ ही अपने आसपास की घटनाओं और अंग्रेजी भाषा के ज्ञान की कसौटी पर भी उम्मीदवार को कसा जाता है। इसमें करंट अफेयर्स तो ऐसा विषय है, जिस पर आपकी पकड़ को रिटन टेस्ट ही नहीं, पर्सनल इंटरव्यू में भी जांचा जाता है। इसलिए बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को नियमित रूप से अखबार, मैगजीन, वेब जर्नल, ब्लॉग आदि पढ़ने की आदत डालनी चाहिए ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली घटनाओं से अवगत रहें। अंग्रेजी अखबार, मैग्जीन आदि पढ़ने से इंग्लिश लैंग्वेज वाले सेक्शन में भी मदद मिलती है। जानते हैं फायदे नियमित अखबार पढ़ने के...।**

परीक्षा के लिहाज से, पढ़ने की आदत विकसित करना बहुत जरूरी है। इससे इंग्लिश लैंग्वेज पेपर को हल करने में बहुत मदद मिलती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन व पैसेज वाले हिस्से में अच्छे अंक लाने के लिए अच्छी रीडिंग स्किल जरूरी है। इसका अभ्यास करने के लिए अखबार एक अच्छा मंच है। आप अखबार में जो भी पढ़ें, उसका अर्थ अच्छी तरह समझें और उसे एक कागज पर लिख लें। यह भी देखें कि ऐसा आपने कितने समय में किया।

## सेंटेंस फॉर्मेशन की जानकार

अंग्रेजी भाषा में लिखने का कोई तयशुदा फ्रेम नहीं है। इसमें वाक्य बिल्कुल सरल भी हो सकते हैं और बेहत जटिल भी। जो उम्मीदवार खुद को इंग्लिश में कमजोर महसूस करते हैं और इस भाषा को बस अभी-अभी समझने लगे हैं, उनके लिए इंग्लिश अखबार पढ़ना बहुत ही फायदेमंद रहेगा। अखबारों में काफी सरल वाक्य रचना होती है। इन्हें पढ़कर आप एक्टिव/पैसिव वॉइस, वर्ब्स, ग्रामर, टेन्स आदि को बेहतर समझ सकते हैं।

## राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समाचार एकत्र करना

न्यूज एंड करंट अफेयर्स बैंकिंग एग्जाम्स का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि जनरल नॉलेज पेपर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व की ताजा घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। आपको चाहिए कि आप रोज अखबारों में महत्वपूर्ण न्यूज आइटम चिह्नित कर लें और फिर आने वाले दिनों में इनका फॉलो-अप लेते रहें।

सबसे महत्वपूर्ण समाचारों को खास तौर पर नोट करें और परीक्षा की तैयारी करते हुए इन्हें रिवाइज करते रहें।

## इंटरव्यू राउंड में करंट अफेयर्स का लाभ

समसामयिक घटनाक्रम से अवगत रहना इसलिए भी जरूरी है कि पर्सनल इंटरव्यू राउंड में इंटरव्यू पैनल इसके प्रति आपकी जागरूकता की परीक्षा ले सकता है। यदि आप नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहे हैं, तो इन घटनाओं की जानकारी आपको मुंह-जुबानी याद होगी।

## बढ़ता है आत्मविश्वास

रोज अखबार पढ़ने की आदत आपके आत्मविश्वास से भी भर देती है। आपको राजनीति, अर्थतंत्र, खेल आदि विषयों की जानकारी मिलती है। इससे आप रिटन एग्जाम, पर्सनल इंटरव्यू या ग्रुप डिस्कशन का सामना भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं। जानकारी होने पर आप स्पष्टता के साथ तथ्यों का विश्लेषण भी कर सकते हैं। बैंकिंग एग्जाम क्रैक करना साल-दर-साल मुश्किल होता जा रहा है। कारण यह कि सीमित संख्या के पदों के लिए आवेदन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी तैयारी के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करना पड़ता है। अखबार इस ज्ञान का बहुत ही अहम स्रोत साबित होते हैं और कई तरह से आपकी मदद करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन की अदालत से नीरव मोदी को लगा झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**लंदन , एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक से करोड़ों रुपये का घोटाला कर फरार हुए भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी ब्रिटेन की कोर्ट से झटका लगा। नीरव ने मंगलवार को ब्रिटेन में एक नई जमानत याचिका दायर की, जिसे न्यायाधीश ने खारिज कर दिया। नीरव पांच साल से अधिक समय से लंदन की जेल में है। भारत ने की है नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की मांग भारत ने पीएनबी घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की मांग की है। इस मामले में नीरव प्रत्यर्पण का मुकदमा हार चुका है। लंदन में वेस्टमिंस्टर कोर्ट के जज जान जानी ने अपने फैसले में कहा कि जमानत के खिलाफ पर्याप्त आधार हैं। इस बात की आशंका बनी हुई है कि नीरव गवाहों को प्रभावित कर सकता है या संभव है कि वह मुकदमे की सुनवाई के लिए अदालत में पेश न हो। अदालत ने कहा कि इस मामले में धोखाधड़ी का आरोप शामिल है। जमानत नहीं दी जा सकती है और आवेदन अस्वीकार कर दिया जाता है। हालांकि, अदालत ने स्वीकार किया कि साढ़े तीन साल पहले आखिरी जमानत याचिका के बाद से परिस्थितियों में बदलाव आया है।

### अफगानिस्तान पर फोड़ा चीनी इंजीनियरों पर हुए हमले का ठीकरा, सेना ने तालिबान सरकार को सुनाई खरी-खरी

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को कहा कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश आत्मघाती हमले में हुई थी छह लोगों की मौत गत मार्च में उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में बांध परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले से आत्मघाती हमलावर ने अपने वाहन से टक्कर मार दी थी। हमले में पांच चीनी इंजीनियरों समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। अफगानिस्तान में बनाई गई थी पूरी योजना: पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल अहमद शरीफ ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हमले की पूरी योजना अफगानिस्तान में बनाई गई थी और हमले में प्रयोग की गई कार को भी अफगानिस्तान में ही तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि चीनी इंजीनियरों पर हमले की साजिश के चार मुख्य संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में 29 हजार चीनी नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पाकिस्तान के दावे पर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि काबुल ने पहले कहा था कि पाकिस्तान में बढ़ती हिंसा इस्लामाबाद का घरेलू मुद्दा है और उसने आतंकियों द्वारा उसके क्षेत्र का प्रयोग करने की बात से इनकार किया था।

### श्रीलंका सुको ने भारतीय मछुआरों के खिलाफ मामले की पहली बार की सुनवाई

**कोलंबो एजेंसी।** श्रीलंका के उच्चतम न्यायालय ने देश के जल क्षेत्र में दक्षिण भारत के मछुआरों द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़ने के खिलाफ मामले में अपनी पहली सुनवाई की । उच्चतम न्यायालय ने इस याचिका में विदेश मंत्रालय को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया है। श्रीलंका के मछुआरों ने अधिकारियों से अवैध रूप से मछली पकड़ने में शामिल भारतीय मछुआरों को रोकने का आग्रह किया है। श्रीलंका की नौसेना ने फरवरी में जारी एक बयान में कहा था कि 2024 में देश के जल क्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने को लेकर उसने अब तक 23 भारतीय नौकाओं को जब्त किया है और 178 भारतीय मछुआरों को पकड़ा है। श्रीलंका के जल क्षेत्र में, गहरे समुद्र में भारतीय मछुआरों द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़ने के खिलाफ, जाफना और मन्नार के प्रभावित मछुआरों के साथ-साथ 'सेंटर फॉर इन्वायरोमेन्टल जस्टिस (सीईजे) ने पिछले साल दिसंबर में एक याचिका दायर की थी।

# विश्व युद्ध सेकंड का हीरो 100 की उम्र में करने जा रहा शादी, 96 साल की है प्रेमिका; गजब इनकी प्रेम कहानी

**न्यूयार्क , एजेंसी।**
अमेरिका के लिए विश्व युद्ध संकंड में जी जान से लड़े हेरोल्ड टेरेन्स एक बार फिर चर्चा में हैं। वह अगले महीने फ्रांस में अपनी प्रेमिका से शादी करने जा रहे हैं। उनकी उम्र 100 वर्ष और उनकी प्रेमिका 96 साल की है। दोनों 2021 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। वेडिंग वेन्यू भी बेहद खास है। उन्होंने बताया कि शादी उस समुद्री तट पर हो रही है जहां वर्ल्ड वॉर के दौरान अमेरिकी सैनिक लड़ने के लिए उतरे थे।

जानकारी के अनुसार, अपनी शादी को लेकर हेरोल्ड काफी एक्साइटेड हैं। वह अपनी शादी को यादगार बनाना चाहते हैं। विश्व युद्ध संकंड के दौरान अमेरिकी वायु सेना का हिस्सा रह चुके हेरोल्ड को 6 जून के दिन डी-डे लैंडिंग की 80वीं वर्षगांठ पर सम्मानित किया जाएगा। यह वो ऐतिहासिक दिन था, जब अमेरिका ने मित्र देशों में शामिल होकर विश्व युद्ध का रुख बदल दिया था। इस युद्ध में हेरोल्ड उन चुनिंदा भाग्यशाली लोगों में से एक थे, जो जिंदा बचकर लौटे थे।

सम्मानित होने के दो दिन बाद हेरोल्ड अपनी प्रेमिका जीन स्वेरलिन से फ्रांस के उस समुद्री तट पर आधिकारिक रूप से एक-दूसरे के हो जाएंगे, जहां विश्व युद्ध संकंड के दौरान 1944 में हजारों अमेरिकी

सैनिक उतरे थे। विवाह कार्यक्रम शहर के मेयर की उपस्थिति में होगा। टेरेंस ने एएफपी को दिए इंटरव्यू में कहा कि यह एक ऐसी प्रेम कहानी है जैसी आपने पहले कभी नहीं सुनी होगी। फ्लोरिडा में स्वेरलिन के घर पर एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि वे किशोरों की तरह एक-दूसरे को मिलते हैं, हाथ पकड़ते हैं और एक-दूसरे में खो जाते हैं। स्वेरलिन अपने मंगेतर के बारे में कहती है, वह बहुत अच्छे हैं, मुझे उनकी हर चीज़ पसंद है। वह सुंदर है और अच्छे किसर भी। सौ साल के हो चुके हेरोल्ड टेरेन्स की जिंदादिली उनकी उम्र से इत्तेफाक नहीं रखती। वह हंसमुख और बहुत मजाकिया है। उनकी याददाश्त भी अपनी उम्र के हिसाब से मैच नहीं करती। वह तारीखों, स्थानों और घटनाओं को बिना किसी रुकावट के याद रखते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद हेरोल्ड अपने घर लौट आए थे, जहां उन्होंने थेल्मा से शादी की। उनके तीन बच्चे हुए। हेरोल्ड ने एक ब्रिटिश कंपनी के लिए भी काम किया। रिटायरमेंट के बाद उनका परिवार फ्लोरिडा बस गया। 2018 में थेल्मा की मौत के बाद हेरोल्ड अकेले पड़ गए। इस दौरान किसी दोस्त के जरिए हेरोल्ड की स्वेरलिन से मुलाकात हुई। स्वेरलिन विधवा थीं। दो मुलाकातों में दोनों ने तय कर लिया कि वे आगे साथ रहेंगे।

टेरेंस जब 18 साल के ही हुए थे, तब जापान ने पर्ल हार्बर में अमेरिकी नौसेना बेस पर बमबारी की थी। हेरोल्ड बताते हैं कि वह भी उस वक्त कई युवा अमेरिकियों की तरह सेना में भर्ती होना चाहते थे। 20 साल की उम्र तक वह मोर्स कोड में विशेषज्ञ थे। उस वक्त युद्ध के दौरान इंग्लैंड जाने के लिए उन्हें चार पी-47 थंडरबोल्ट लड़ाकू विमानों के एक स्क्वाड्रन का जिम्मा सौंपा गया था। विश्व युद्ध संकंड को याद करते हुए वह कहते हैं, उस लड़ाई में हमने बहुत सारे विमान और बहुत सारे पायलट खो दिए थे। हम सभी उस वक्त काफी छोटे थे और अपने दोस्तों को खुद के सामने मरते हुए देखना मेरे लिए बहुत तकलीफदेह था। हालांकि मैं बहुत भाग्यशाली हूं जो जिंदा बचकर लौटा। नॉर्मंडी ऑपरेशन के दौरान उनकी कंपनी ने अपने 60 विमानों में से आधे खो दिए। टेरेंस ने युद्ध के दौरान जर्मन कैदियों और मित्र देशों की सेना को इंग्लैंड ले जाने में मदद की थी।

# अदालत में पेश हुई पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल, ट्रंप के खिलाफ दी गवाही

**न्यूयार्क एजेंसी।**
पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जारी यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए पैसे देने के मामले में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल ने मंगलवार को गवाही दी। गवाही के दौरान डेनियल 2006 में गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान हुई पहली मुलाकात की जानकारी दी।

ट्रंप पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए डेनियल को 1.30 लाख डॉलर देने का आरोप है। हालांकि, ट्रंप ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनाने से इनकार किया है और खुद को निर्दोष बताया। बता दें कि इस मामले में आदेशों का उल्लंघन करने पर अदालत अब तक पूर्व राष्ट्रपति पर 10 हजार डॉलर का जुर्माना लगा चुकी है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेशों के दोबारा उल्लंघन पर जेल भेजने की भी चेतावनी दी है। स्टार्मी डेनियल ने बताया कब हुई थी ट्रंप से पहली मुलाकात

45 वर्षीय पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल का वास्तविक नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है। उन्होंने गवाही के दौरान अभियोजकों के सवाल पर जूरी को बताया कि ट्रंप से उनकी पहली मुलाकात 2006 में लेक ताहो गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान हुई थी। वहां ट्रंप प्रतिस्पर्धी थे। डेनियल ने बताया कि फिल्म निर्देशित किए जाने की जानकारी ट्रंप ने उन्हें काफी स्मार्ट बताया। पोर्न स्टार ने बताया कि कुछ देर बाद ट्रंप के बॉडीगार्ड उनके पास आए और ट्रंप के साथ रात्रि भोज करने का निमंत्रण दिया। हालांकि, उन्होंने शुरुआत में मना कर दिया लेकिन एक प्रचारक द्वारा इससे फायदा होने की बात समझाने पर वह राजी हो गई। उन्होंने बताया कि होटल पहुंचने पर ट्रंप ने केवल पजामे में उनका स्वागत किया था।

डेनियल ने बताया कि इस मुलाकात में उन्होंने पहनावे को लेकर उनका मजाक उड़ाया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान पत्नी मेलानिया से शादीशुदा होने के दौरान उनके बीच अंतरंग संबंध बने। गवाही के दौरान ट्रंप काफी परेशान नजर आए।

# राफा में इजरायली हमले से अमेरिका भी खफा



**वाशिंगटन , एजेंसी।**
फिलीस्तीनी शहर गाजा में भीषण नरसंहार के बाद भी इजरायली सेना के कदम नहीं रुके हैं। उसने अब दक्षिणी गाजा के एक और शहर राफा पर अपने नजरें टेढ़ी कर दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि राफा की सीमा पर इजरायली सेना ने अपने टैंक खड़े किए हैं और कभी भी शहर पर धावा बोल सकता है। राफा में कत्लेआम को लेकर अमेरिका भी खफा है। बाइडेन और उनका प्रशासन कई बार इजरायल को आगाह कर चुका है कि राफा में उसका ऑपरेशन एक और कत्लेआम को बढ़ावा देगा। हालांकि नेतन्याहू किसी की सुनने को तैयार नहीं हैं। वह एक और कत्लेआम पर क्यों अड़े हैं?

इजरायली हमले की जद में आ चुके राफा शहर में एक अनुमान के मुताबिक, 10 लाख शरणार्थी गाजा से अपनी जान बचाकर छिपे हुए हैं, जिनमें 6 लाख बच्चे और महिलाएं हैं।

मंगलवार को, इजरायली सेना ने आधिकारिक घोषणा की कि उसने गाजा और मिस्र के बीच बसे राफा शहर की सीमा पर अपना नियंत्रण हासिल कर लिया है। यह भी बताया कि उसकी सेना और बड़ी संख्या में टैंक सीमा पर हमले की अवस्था में खड़े हैं। इजरायल दावा कर रहा है कि वह राफा में पर्चे फेंककर आम लोगों से सुरक्षित स्थानों पर चले जाने का आह्वान कर चुका है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, राफा में अभी भी 10 लाख से अधिक लोग छिपे हुए हैं और अगर इजरायल हमला करता है तो यह गंभीर मानवीय संकट पैदा करेगा। दुनिया को गाजा के बाद एक कत्लेआम का डर सता रहा है।

इससे पहले गाजा में चलाए विशेष ऑपरेशन में इजरायल ने पूरे शहर को श्मशान घाट बना डाला। शहर में इजरायली हमलों से मरने वालों की तादाद 34 हजार से ज्यादा है, जिनमें 70 फीसदी बच्चे और महिलाएं हैं। इजरायल अपना लक्ष्य फिलिस्तीनी आतंकवादी ग्रुप हमास का पूर्ण खात्मा बताता है। इसके लिए नेतन्याहू किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

इजरायली सेना आईडीएफ के बयानों से पता चलता है कि राफा शहर पर हमले का उद्देश्य गाजा में हमास की शेष सैन्य उपस्थिति को भी खत्म करना है। उसने गाजा के चले विशेष ऑपरेशन के दौरान 24 बटालियनों में से 18 को खत्म कर दिया है। नेतन्याहू लगातार दावा कर रहे हैं कि गाजा में हमास के खात्मे के बाद अब उसके दक्षिणी हिस्से में मौजूद शहर राफा में भी ऑपरेशन करना जरूरी है। इजरायल को लगता है कि राफा में हमास की बची-खुची सैन्य ताकत है, जिसे वह हर हाल में खत्म करना चाहता है। इजरायली चीफ लगातार तर्क देते रहे हैं कि वह खुद के अस्तित्व को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। हमास का पूर्ण रूप से खात्मा ही इजरायल को भविष्य में टिके रख सकता है।

# उत्तर कोरिया में पसरा मातम, रात 2 बजे देश की न्यूज एजेंसी को देनी पड़ी जानकारी

**प्योंगयांग एजेंसी।**
उत्तर कोरिया में इस समय शोक की लहर है। दरअसल, देश के दिगंज नेता किम की नाम की मंगलवार को 94 साल में निधन हो गया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी को आधी रात में इसकी जानकारी देनी पड़ी। एजेंसी ने बताया कि देश के नेता किम जोंग उन ने मंगलवार देर रात 2 बजे राजधानी प्योंगयांग में किम की नाम को श्रद्धांजलि दी और परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। बता दें कि किम की नाम, सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले उत्तर कोरियाई अधिकारियों में से एक, नेता थे। इन्होंने देश के नेताओं की सभी तीन पीढ़ियों को उनकी राजनीतिक वैधता को मजबूत करने और वंशवादी राज्य के लिए प्रचार तंत्र का नेतृत्व करने के लिए सेवा प्रदान की। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रात 2 बजे किम की अर्थी के दर्शन किए। वह उत्तर कोरिया के एक अनुभवी नेता थे, जो अंत तक देश के

प्रति असीम रूप से वफादार रहे। वह वफादार अधिकारियों के एक मुख्य समूह का हिस्सा थे, जिन्होंने किम की तीन पीढ़ियों को बनाए रखने के लिए काम किया था। किम उन बहुत कम उत्तर कोरियाई अधिकारियों में से एक थे जिन्होंने दक्षिण का दौरा किया था। उन्होंने 2009 में राष्ट्रपति किम डे-जंग की मृत्यु के बाद एक अंतिम संस्कार प्रतिनिधिमंडल का भी नेतृत्व किया था। दक्षिण कोरियाई सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वह 1985 में राज्य के संस्थापक किम इल सुंग के शासन के दौरान प्रमुख बने और 2017 में सेवानिवृत्त हुए।

# विदेशों में भी हिट हो रहा बुलडोजर ऐक्शन, फिलिस्तीन समर्थकों के शिविर को तोड़ा; हिंसक प्रदर्शन

**एम्स्टर्डम , एजेंसी।** नीदरलैंड की राजधानी में मंगलवार को फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन एक बार फिर से तेज हो गया। इससे एक दिन पहले ही फिलिस्तीन समर्थकों पर बुलडोजर ऐक्शन देखने को मिला था। दंगा रोधी पुलिस ने एम्स्टर्डम यूनिवर्सिटी में एक शिविर को हिंसक तरीके से तोड़ डाला था। इससे भड़के सैकड़ों लोगों ने आज गाजा युद्ध विरोधी नारे लगाए। उन्होंने एम्स्टर्डम शहर की सड़कों को जाम कर दिया। इस दौरान इजरायल के सैन्य अभियानों की जमकर निंदा की गई। यूनिवर्सिटी कैंपस के आसपास बड़ी संख्या में आज प्रदर्शनकारियों जुटे थे। उन्होंने नारे लगाए, फ्री-फ्री फिलिस्तीन ! उन्होंने एकजुट लोग नहीं हारेंगे के भी नारे लगाए।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने मंगलवार की सुबह बैरिकेड्स को हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया। इस दौरान हिंसक झड़पें हुईं और 140 लोगों को हिरासत में ले लिया गया। इस विरोध प्रदर्शन के वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पुलिस ने जिस तरह से बुलडोजर का इस्तेमाल किया, उससे टीचर्स और यूनिवर्सिटी के कर्मचारी काफी भड़के हुए थे। इन लोगों ने आज दोपहर को एक और विरोध प्रदर्शन निकालने की अपील की। डच स्कॉलर्स फॉर फिलिस्तीन नाम के समूह ने अपने बयान में कहा, छात्रों और कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें जबरन हटाने के लिए मिर्च स्प्रे, पुलिस के डंडों, पुलिस कुत्तों और बुलडोजर के इस्तेमाल किया गय। इस दौरान काफी हिंसा हुई और कई लोग घायल हो गए। इस बीच, फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्ति समझौते में मध्यस्थता के लिए मिस्र और कतर के प्रयासों का स्वागत किया है। अब्बास ने युद्धविराम और गाजा पट्टी से पूर्ण वापसी के लिए इजरायल की प्रतिबद्धता के लिए आशा व्यक्त की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वह इजरायल पर युद्ध समाप्त करने और फिलीस्तीनी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को अपने कब्जे से मुक्त करने पर जोर दें। इससे पहले, हमास ने घोषणा की कि उसने मिस्र और कतर में मध्यस्थों को गाजा पट्टी के लिए युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी देने के बारे में जानकारी दे दी है। हमास के राजनीतिक ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हानियेह ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी और मिस्र के खुफिया प्रमुख अब्बास कामेल को निजी फोन करके इस प्रस्ताव के बारे में जानकारी दी।

# फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने एमआईटी पर बोला धावा !

**शिकागो, एजेंसी।** अमेरिका में पुलिस कई विश्वविद्यालयों में घुसकर धरने हटवा चुकी है, लेकिन फलस्तीन समर्थकों का आंदोलन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिकी शिक्षण संस्थाओं में लगभग तीन हफ्ते से आंदोलन के कारण तनाव बना हुआ है।

पुलिस ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों को हटाया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने फिर एमआईटी में बनाए शिविर पर फिर कब्जा कर लिया। एमआईटी मे प्रदर्शनकारियों से कहा गया था कि वे स्वेच्छा से कब्जा हटा लें नहीं तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। इसके लिए सोमवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था। कई प्रदर्शनकारियों ने कब्जा हटा लिया, लेकिन बाद में विश्वविद्यालय के बाहर से प्रदर्शनकारियों के आने के बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़कर फिर कब्जा कर लिया। एमआईटी प्रवक्ता के अनुसार, सोमवार रात तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी। रोड आइलैंड स्कूल

ऑफ डिजाइन में भी छात्रों ने सोमवार को एक इमारत पर कब्जा कर लिया। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत की है, लेकिन तनाव बरकारार है।

इस बीच शिकागो विश्वविद्यालय में पुलिस ने मंगलवार को धरना दे रहे फलस्तीन समर्थकों को हटा दिया। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो में, पुलिस ने धरना खत्म कराकर 40 छात्रों सहित 64 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया। छात्रों का विरोध प्रदर्शन यूरोप तक फैल गया है। पुलिस ने मंगलवार तड़के एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय से लगभग 125 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। छात्रों ने फिनलैंड, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, स्पेन, फ्रांस और ब्रिटेन में भी विरोध प्रदर्शन किया या शिविर लगाए।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अंतरिम अध्यक्ष, एलन गार्बर ने छात्रों को चेतावनी दी कि हार्वर्ड यार्ड में धरना दे रहे प्रदर्यानकारियों को परिसर में अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्हें छात्रावास की सुविधा नहीं दी जाएगी। परीक्षा देने से भी रोका जा सकता है।

# फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने बर्फीले पर्वतीय दर्रे में की जिनपिंग से मुलाकात, लगाए जाम

**पेरिस एजेंसी।**
फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पिरिनी में एक दूरस्थ बर्फीले पर्वतीय दर्रे में मंगलवार को एक निजी बैठक के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मेज़बानी की। जिनपिंग सोमवार को फ्रांस की यात्रा पर पहुंचे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब कारोबारी विवाद और यूक्रेन युद्ध से जुड़े मुद्दे ही हावी हैं। मैक्रों ने स्पेन की सीमा के नजदीक टूल्माले दर्रे में चीन के राष्ट्रपति को आमंत्रित किया है। इस स्थान पर मैक्रों ने बचपन में अपने दादी के साथ वक्त बिताया था। इससे पहले पिछले साल जब मैक्रों चीन की यात्रा पर थे तब जिनपिंगग उन्हें गुआंगदोंग प्रांत के गवर्नर के आवास ले गए थे जहां चीन के राष्ट्रपति के पिता कभी रहते थे। टूल्माले दर्रे में बर्फ की चादर बिछी हुई है और वहां पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। टूल्माले दर्रे की ओर जाने वाली सड़कों को अधिकारियों ने मंगलवार को बंद कर दिया। चिनफिंग वैश्विक तनाव के बीच रिश्तों को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए यूरोप की यात्रा पर हैं। वह सर्बिया और हंगरी भी जाएंगे।

# सत्य साईं की नि:शब्द क्रांति

स्वर्गीय सत्य साईं अपने अनुयायियों के लिए सच्चे सखा, मार्गदर्शक, आध्यात्मिक और ईश्वरीय गुणों वाले शक्तिपुंज हैं। उनका मंत्र है, निःस्वार्थ प्रेम। लाखों लोग पुट्टपर्ती की तरफ यूं ही नहीं उमड़ते।

आध्यात्मिक गुरु सर्व शक्तिमान स्वर्गीय सत्य साईं बाबा का पथ निःस्वार्थ प्रेम की बात कहता है। अगर निःस्वार्थ प्रेम होगा, तभी मन में दूसरों की सेवा का भाव उत्पन्न होगा। योग और कर्मयोग से इसे समझा जा सकता है। कर्म किसी चीज से प्रेरित होता है, पर कर्मयोग अपने किसी स्वार्थ से रहित कार्य करने की प्रेरणा से उत्पन्न होता है। सत्य साईं ने बहुत पहले कहा था, 'मैं तुम्हारे हृदय में प्यार की ज्योति जलाने आया हूं। मैं किसी खास संप्रदाय, वर्ग या समुदाय विशेष का उद्घोष करने नहीं आया। मैं तो अपने अनुयायियों को प्रभावित कर उनकी संख्या बढ़ाने की कामना भी नहीं रखता। केवल एकात्मकता पर विश्वास रखकर उस आध्यात्मिक शन्ति का प्रभुत्व मान रहा हूं। लोगों को बता रहा हूं कि एक ही रास्ता सबसे बड़ा है, प्रेम का पथ।

विश्व इतिहास में उन क्षणों से महत्वपूर्ण कुछ नहीं, जब धरती पर पवित्र आत्माओं का जन्म होता है। समय-समय पर ऐसी आत्माएं जन्म लेती हैं। वे किसी क्षेत्र, समुदाय और देश विशेष की नहीं होतीं। वे समाज के अंधकार को दूर कर लोगों को उससे बाहर लाती हैं। ऐसी आत्माएं कहीं भी, कभी भी पैदा हो सकती हैं, पर भारत भाग्यशाली है कि यहां समय-समय पर ऐसी आत्माओं से मिलन होता है। विश्व ने ऐसे ही आध्यात्मिक पुरुष और चमत्कारी सत्य साईं को भी अपने पास महसूस किया है।

सुदूर दक्षिण के पुट्टपर्ती में जन्मे स्वर्गीय श्री सत्य साईं से पूरी दुनिया को प्रकाश मिला। केवल चौदह वर्ष की अवस्था में उन्होंने अपने माता-पिता को बता दिया था कि उनका पथ केवल धर्म, सत्य और सदोपचार के लिए है। मानव सेवा उनका लक्ष्य है। 'सबको प्यार, सबकी सेवा ' का भाव गुंजाइमान करते हुए वह अनाम से गांव से निकले तो फिर यहां-वहां सब जगह पहुंचने लगे। कई चरणों में यात्राएं की। पथ मार्ग से सत्य साईं हजारों मील चले हैं। लोगों तक वह इसलिए पहुंचे हैं कि लोग मदद के लिए, राह पाने के लिए कराह रहे थे। वह सत्यसाईं तक नहीं पहुंच सकते थे, चाहते थे कि वही उन तक पहुंचें। अपनी उपस्थिति से साईं ने उन लोगों को दिलासा दिलाई। स्वर्गीय सत्य साईं की अभिलाषा रही है कि दुनिया फिर एक नए ढर्रे में आए, और यह दुनिया शांति का घर बने। वह कहते हैं कि वह ईश्वर के उस आदेश पर चल रहे हैं जिसमें मानव जाति के एक सूत्र में बंधे और सर्वधर्म समभाव और सर्वशक्तिमान की सशा के प्रति विश्वास को अर्जित किया जाता है। विश्व को एक परिवार के रूप में देखने वाले साईं की नैतिक मूल्यों के लिए यह निशब्द क्रांति है। प्रेम में रंगे साईं इसलिए ग्लोबल विलेज ऑफ लव की कल्पना ही नहीं करते, बल्कि उसे साकार करने के लिए जुटते हैं। उनके जन्म स्थान में आज दुनिया भर से लोग उनके दर्शनों के लिए आते हैं।

उनके धाम पुट्टपर्ती, प्रशांति निलयम का प्रभाव ऐसा है कि लोग अपना दुख दर्द भूल जाते हैं। कहा यही जाता है कि आस्था का प्रभाव या चमत्कार, कुछ भी कहें, लोगों में फिर आत्मविश्वास लौट आता है। यह स्थल आस्था या आध्यात्मिक केंद्र के नाते ही नहीं जाना जाता है, बल्कि शिक्षा और विज्ञान का समुचित आदर और उपयोग करते हुए इस नगरी को आधुनिकता से भी जोड़ा गया है। सत्य साईं नारी स्वास्थ्य, शिक्षा, और उन्हें जागरूक बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। उनके स्थल को उनके अनुयायी देवस्थल की तरह मानते हैं वहां मानव के चहमुखी विकास के आयाम और प्रयास दिखते हैं। सत्य साईं के विचार सिद्धांतों में जो कुछ झलकता है, उसको प्रतिछाया दुनिया भर में खड़े साईं शिक्षा संस्थान और अस्पतालों में भी नजर आती है। यहां अक्षरीय ज्ञान ही नहीं बल्कि संस्कार भी मिलते हैं। मानवीय मूल्यों के साथ समाज के प्रति प्रतिबद्धता का पाठ भी सिखाया जाता है।

## कलश क्यों है मंगलसूचक ?

वरुण और अग्नि को साक्षी देवता माना जाता है। वरुण का प्रतीक कुंभ है। कुंभ को देखते ही समुद्रमंथन की कथा का स्मरण होता है। घट के साथ ही जुड़ी है श्रीकृष्ण की बाल लीला और समुद्र मंथन का प्रसंग। मोहिनी अवतार के हाथों देव-असुरों के बीच अमृत बांटने की कथा स्मरण हो आती है।

शास्त्रों में कलश दर्शन को देव दर्शन के समकक्ष माना गया है। कलश स्थापना के समय जिन श्लोकों का उच्चारण और जो भावना व्यक्त की जाती है उसी से स्पष्ट हो जाता है कि कलश क्यों मंगल सूचक है। कलश की स्थापना और उसके पूजन के समय पुजारी शास्त्र सम्मत कुछ मंत्रों का उच्चारण करते हैं। कलशस्य मुखे विष्णु : कंठे रुद्र: समाश्रित। मूल तस्य. स्थिति ब्रह्मा मध्ये मातृगण: समाश्रित:॥ कलश के मुख में श्री विष्णु विराजमान हैं।

वरुण और अग्नि को साक्षी देवता माना जाता है। वरुण का प्रतीक कुंभ है। कुंभ को देखते ही समुद्रमंथन की कथा का स्मरण होता है। घट के साथ ही जुड़ी है श्रीकृष्ण की बाल लीला और समुद्र मंथन का प्रसंग। मोहिनी अवतार के हाथों देव-असुरों के बीच अमृत बांटने की कथा स्मरण हो आती है। शास्त्रों में कलश दर्शन को देव दर्शन के समकक्ष माना गया है। कलश स्थापना के समय जिन श्लोकों का उच्चारण और जो भावना व्यक्त की जाती है उसी से स्पष्ट हो जाता है कि कलश क्यों मंगल सूचक है। कलश की स्थापना और उसके पूजन के समय पुजारी शास्त्र सम्मत कुछ मंत्रों का उच्चारण करते हैं। कलशस्य मुखे विष्णु : कंठे रुद्र: समाश्रित। मूल तस्य. स्थिति ब्रह्मा मध्ये मातृगण: समाश्रित:॥ कलश के मुख में श्री विष्णु विराजमान हैं।

## यमुनानगर का कपाल मोचन मेला

कपाल मोचन देश के पवित्र स्थलों में से एक है। मान्यता है कि कपाल मोचन स्थित सोम सरोवर में स्नान करने से भगवान शिव ब्रह्मदोष से मुक्त हुए थे। इसी वजह से हर साल पूर्णिमा पर हजारों लोग पाप मुक्ति के लिए सरोवर में स्नान करने पहुंचते हैं।

स्कंद महापुराण के अनुसार कलयुग के प्रभाव से ब्रह्मा अपनी पुत्री सरस्वती के प्रति मन में बुरे विचार रखने लगे। इससे बचने के लिए सरस्वती ने द्वैतवन में भगवान शंकर से शरण मांगी। सरस्वती की रक्षा के लिए भगवान शंकर ने ब्रह्मा का सिर काट दिया, जिससे उन्हें ब्रह्म हत्या का पाप लगा। इससे शंकर भगवान के हाथ में ब्रह्म कपाली का निशान बन गया। सब तीर्थों में स्नान और दान करने के बाद भी वह ब्रह्म कपाली का चिन्ह दूर नहीं हुआ। घूमते-घूमते भोलेनाथ पार्वती सहित सोमसर (कपाल मोचन) तालाब के निकट देव शर्मा नामक एक ब्राह्मण के घर ठहरे।

किवदंती के अनुसार रात के समय ब्राह्मण देव शर्मा के आश्रम में गाय का बछड़ा गौ माता से बात कर रहा था कि सुबह ब्राह्मण उसे बधिया करेगा। इससे क्रोधित बछड़े ने कहा कि वह ब्राह्मण की हत्या कर देगा। इस पर गौ माता ने बछड़े को ऐसा करने से मना कर दिया, क्योंकि बछड़े को ब्रह्म हत्या का पाप लग जाता। इस पर बछड़े ने गौ माता को ब्रह्म हत्या दोष से छुटकारा पाने का उपाय बताया। दोष मुक्त होने के उपाय मां पार्वती ने भी सुने।

दूसरे ही दिन सुबह होने पर ब्राह्मण ने बछड़े को बधिया करने का कार्य शुरू किया और बछड़े ने ब्राह्मण की हत्या कर दी, जिससे उसे ब्रह्म हत्या का पाप लग गया। बछड़े और गाय का रंग काला हो गया। इससे गौ माता बहुत दुखी हुई। इस पर बछड़े ने गौ माता को अपने पीछे आने को कहा और दोनों सोमसर तालाब में स्नान किया, जिससे उनका रंग पुन: सफेद हो गया। इस प्रकार वे ब्रह्म दोष से मुत हो गए। इस सारे दृश्य को देखने के बाद मां पार्वती के कहने पर भगवान शंकर ने सरोवर में स्नान किया। इससे उनका बह्म कपाली दोष दूर हो गया। इसलिए सोम सरोवर के इस क्षेत्र का नाम कपाल मोचन हो गया।

## ज्यादा मुनाफा उचित नहीं



**संत कबीरदास प्रत्येकव्यक्ति को परिश्रम से अर्जित धन से जीवन यापन करने की प्रेरणा दिया करते थे। वह स्वयं राम नाम जपते-जपते खड्डी पर कपड़ा बुना करते थे। अपने हाथों से बुने कपड़े को बाजार में बेचकर उससे परिवार का काम चलाते थे। एकदिन उन्होंने पगड़ी बुनकर तैयार की। लागत तथा अपनी मेहनत का मूल्य जोड़कर उसका दाम छह रूपये रखा। वह बाजार गए तथा पगड़ी बेचने का प्रयास किया। ग्राहक आया। उसने कहा, 'बाबा, कितने रूपये में पगड़ी देंगे।' जवाब मिला, 'छह रूपये में।' ग्राहकने कहा, 'चार रूपये की दे दें।' कबीर बोले, 'मैं एकदाम रखता हूं। नाम मात्र का मुनाफा लेता हूं।' कोई भी पगड़ी केछह रूपये देने को तैयार नहीं हुआ। वह पगड़ी लेकर निराश घर लौट आए। पुत्री कमाली ने पूछा कि क्या हुआ? उसे सब बात बता दी। पुत्री कमाली सबेरे पगड़ी लेकर बाजार जा पहुंची। ग्राहकने दाम पूछा। कमाली ने बारह रूपये बताए। कुछ देर बाद एक ग्राहकने आठ रूपये दाम लगाए। कमाली ने उसे नौ रूपये में पगड़ी बेच दी। कमाली ने घर आकर कबीरदास केहाथ में नौ रूपये थमा दिए। कबीर बोले, 'यह तो लागत से बहुत ज्यादा मूल्य में बिकगई। यह गलत व पाप कर्म है। हमें इतना अधिकमुनाफा पाने का अधिकार नहीं है।' उन्होंने तीन रूपये का कपड़ा एकगरीब आदमी को अपनी ओर से भेंट कर दिया। तब जाकर उन्हें शांति मिली।**

## ताकि हम पर कुपित न हों शनि महाराज

शनि की साढ़ेसाती, ज्योतिषी ने इतना भर कहा नहीं कि ज्यादातर लोग सिहर जाते हैं। दरअसल शनि की महिमा ही कुछ ऐसी है कि उनका कर्मकुंडली पर भारी होना इंसान को डरा देता है। शनि देव की यही छवि देवताओं में उन्हें खास स्थान दिलाती है। शास्त्रों में शनि को सूर्य का पुत्र और यम का भाई बताया गया है। प्राचीन ग्रंथ श्री शनि महात्म्य में लिखा गया है कि शनि देव का रंग काला, रूप सुन्दर और जाति तैली है और वह काल-भैरव की उपासना करते हैं।

इतिहास-पुराणों में शनि की महिमा बिखरी पड़ी है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है कि गणेशजी का जन्म होने पर सभी ग्रह उनका दर्शन करने के लिए कैलाश पर्वत पर पहुँचे।जैसे ही आखिर में शनि ने भगवान गणेश के चेहरे पर नजर डाली,उनका मस्तक कट कर धरती पर गिर गया। बाद में हाथी का सिर उनके धड़ पर लगाकर बालक गणेश को जीवित किया गया। ज्योतिष में शनि को ठण्डा ग्रह माना गया है,जो बीमारी,शोक और आलस्य का कारक है। लेकिन यदि शनि शुभ हो तो वह कर्म की दशा को लाभ की ओर मोड़ने वाला और ध्यान और मोक्ष प्रदान करने वाला है। बहुत-से लोगों का मानना है कि शनि देव का काम सिर्फ परेशानियां देना और लोगों के कामों में विघ्न पैदा करना ही है। लेकिन शास्त्रों के अनुसार शनि परीक्षा लेने के लिए एक तरफ जहाँ बाधाएं खड़ी करते हैं, वहीं दूसरी ओर खुश होने पर वे सबसे बड़े हितैषी भी बन जाते हैं।

ज्योतिष में साढ़ेसाती और ढैया आदि दोषों का कारण शनि को माना गया है। जब वर्तमान समय में शनि किसी की चंद्र राशि में, उससे एक राशि पहले या बाद में स्थित हो तो उसे साढ़ेसाती कहते हैं। कहते हैं कि साढ़ेसाती के दौरान भाग्य अस्त हो जाता है। लेकिन शनि को सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाला ग्रह माना जाता है। यदि शनि की नियमित आराधना की जाए और तिल,तेल और काली चीजों का दान किया जाए, तो शनि देव की अनुकंपा पा पाने में ज्यादा वात नहीं लगता। शास्त्रों के मतानुसार हनुमानजी भातों को शनि के सभी कष्टों से मुक्ति दिलाते हैं। बताते हैं कि एक बार हनुमानजी ने शनि को रावण की कैद से छुड़ाया था। उस समय शनि देव ने उन्हें वचन दिया था कि जो भी हनुमानजी की उपासना करेगा, शनि देव सभी मुश्किलों से उसकी रक्षा करेंगे। भारत में शनि देव के कई विख्यात मन्दिर हैं। ऐसे ही मंदिरों में से एक है मुंबई के पास देवनार में स्थित शनि देवालय। ऐसी मान्यता है कि जो भी यहाँ शनि देव को तेल चढ़ाता है, उसे साढ़े साती से तुरंत छुटकारा मिल जाता है। शनि देव का सबसे प्राचीन मंदिर शनिशेंगणापुर में माना जाता है। कहते हैं कि कलियुग की शुरुआत में स्वयं शनिदेव यहाँ आकर रहने लगे थे। यहाँ जो भी भक्त श्रद्धा से शनि देव की उपासना करता है, वे उसे मनोवांछित फल देते हैं।